मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 182

जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

www.mahanagartimes.com | जयपुर, शनिवार, 24 मई, 2025 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर

**जगदलपुर (मसं)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर शुक्रवार को महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने 4 नक्सलियों को ढेर कर दिया। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ के 300 जवानों की टीम ने जंगल के बीच नक्सलियों को घेरकर मारा है।

## पंजाब में भ्रष्टाचार मामले में आप विधायक गिरफ्तार



**जालंधर (मसं)।** पंजाब में आप पार्टी के जालंधर सेंट्रल से विधायक रमन अरोड़ा को भ्रष्टाचार मामले में विजिलेंस ने गिरफ्तार किया है। टीम ने अशोक नगर स्थित उनके घर से करीब साढ़े 5 लाख रुपए नकदी और करीब एक किलो सोने के गहनों के साथ चांदी के गहने बरामद किए हैं। उनके पीए को भी टीम ने हिरासत में लिया है।

## भारत में फिर लौटा कोरोना, अहमदाबाद में 20 मरीज मिले

**नई दिल्ली (मसं)।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को अहमदाबाद में 20, उप्र में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा पॉजिटिव मिला है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 312 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर दिल्ली सरकार ने एडवाइजरी जारी कर सभी अस्पतालों से बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखने को कहा है।

### राजस्थान विधानसभा में फिर 199 का फेर

# भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता समाप्त

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंता से भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की विधानसभा सदस्यता शुक्रवार को समाप्त कर दी गई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि विधायक कंवरलाल दोषसिद्धी की दिनांक से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 191(1)(ई) सहपठित लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (3) के अंतर्गत विधानसभा सदस्यता के अयोग्य हो गए हैं और इससे विधानसभा में अंता विधानसभा सीट रिक्त हो गई है। इसके साथ ही विधानसभा में एक बार फिर सदस्यों की संख्या 199 हो गई है। हालांकि मीणा की एक रिव्यू पिटिशन अभी भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और यदि इस बार उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल जाती है तो उनकी सदस्यता बहाल हो जाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि शुक्रवार सुबह 10:30 बजे महाधिवक्ता की विधिक राय प्राप्त होते ही कंवरलाल की सदस्यता समाप्त कर दी गई। उन्होंने कहा कि वे किसी भी प्रकार के दबाव में कार्य नहीं करते हैं। वे किसी भी मामले में उससे संबंधित प्रत्येक पहलू का गहन अध्ययन करके ही विधिसम्मत और न्यायसम्मत ही निर्णय लेते हैं। इससे पहले भी विधानसभा से संबंधित अनेक विषयों पर विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्षों ने बहुत अधिक समय लिया है। इस मामले में किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं की जानी चाहिए। गौरतलब है कि इस मामले में निर्णय पर देरी को लेकर कांग्रेस की ओर से स्पीकर को निशाना बनाया जा रहा था और शुक्रवार सुबह कांग्रेस की ओर से हाईकोर्ट में याचिका भी दायर कर दी गई थी। वहीं स्पीकर देवनानी ने कहा कि कंवरलाल के संबंध में न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के दिन ही राज्य के महाधिवक्ता को विधिक राय दिए जाने के लिए निर्दिष्ट कर दिया था। ऐसे मामलों में दोषसिद्धी की दिनांक से ही विधानसभा सदस्य, विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य हो जाता है। विधानसभा क्षेत्र के रिक्ति होने की सूचना राजस्थान विधानसभा द्वारा जारी की जाती है।



### दो दिन पहले सरेंडर कर चुके हैं कंवरलाल

कंवरलाल मीणा को करीब बीस वर्ष पूर्व उपसरपंच के चुनाव की मतगणना वापस कराने के लिए तत्कालीन एसडीएम पर पिस्तौल तानने के मामले में तीन वर्ष की सजा सुनाई गई थी। ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ मीणा ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक में अपील की, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सात मई को उनकी याचिका खारिज कर उन्हें दो सप्ताह में सरेंडर करने के आदेश दिए थे। इसकी पालना में मीणा ने 21 मई को सरेंडर कर दिया था और अब वे जेल में हैं।

### अब क्या होगा

हाल ही कंवरलाल ने सुप्रीम कोर्ट में फिर से एक रिव्यू पिटिशन दाखिल की है, लेकिन इस पर सुनवाई नहीं हुई है। इस बार उन्हें राहत मिल जाती है तो मीणा की सदस्यता बहाल हो जाएगी। ऐसे में इस सीट पर उपचुनाव की नौबत आएगी या नहीं, यह सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर फैसले के बाद ही स्पष्ट होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल का कहना है कि यदि इस बार सुप्रीम कोर्ट से मीणा को राहत मिल जाती है तो उनकी सदस्यता फिर से बहाल हो जाएगी। नियमानुसार दोषसिद्धी के दिन से ही विधायक की सदस्यता समाप्त हो जाती है और यदि उसे अपील में राहत मिल जाती है तो सदस्यता बहाल हो जाती है। अभी राहुल गांधी के मामले में ऐसा हो चुका है। वहीं सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा विधायक कंवरलाल को तीन साल की सजा होने के बाद भी कोर्ट के आदेश के 23 दिन बाद तक विधानसभा अध्यक्ष की ओर से सदस्यता रद्द नहीं की गई। यह ना केवल संविधान की अवहेलना थी, बल्कि न्याय व्यवस्था का खुला अपमान भी था।

### विधानसभा में फिर खाली हुई एक सीट

इसके साथ ही विधानसभा एक बार फिर 199 के फेर में फंस गई है, क्योंकि एक सीट खाली हो गई है। हाल में उपचुनाव के बाद सदस्यों की संख्या 200 हो गई थी, लेकिन इस बीच एक सत्र ही गुजरा और एक बार फिर एक सदस्य कम हो गया।

### उपचुनाव हुआ तो डेढ़ साल में नौवां होगा

अंता सीट पर उपचुनाव की नौबत आई तो मौजूदा सरकार के डेढ़ साल में यह नौवां उपचुनाव होगा। इससे पहले बागीदौरा सीट पर कांग्रेस विधायक महेंद्रजीत मालवीय के भाजपा में शामिल होने के कारण, सलूंबर और रामगढ़ सीटों पर संबंधित विधायकों अमृतलाल मीणा और जुबेर खान के निधन के कारण और पांच सीटों झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, दौसा और चौरासी पर विधायकों के सांसद बनने के कारण उपचुनाव हो चुका है। आठ साल पहले बसपा के तत्कालीन विधायक बीएल कुशवाह को हत्या के मामले में उम्रकैद होने के बाद विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। बाद में धौलपुर सीट पर 2017 में उपचुनाव हुए। बीएल कुशवाह की पत्नी शोभारानी कुशवाह उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर जीतीं।

# हिंडौनसिटी में पीडब्ल्यूडी एक्सईएन रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

### पेचवर्क के टेंडर का बिल पास करने की एवज में मांगी थी 3 लाख की घूस

महानगर संवाददाता

**करौली।** जिले के हिंडौनसिटी के सार्वजनिक निर्माण विभाग में पदस्थ एक्सईएन को शुक्रवार सुबह भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई एक्सईएन के गंगापुरसिटी आवास पर की गई। फिलहाल एसीबी की टीम एक्सईएन के ठिकानों की जांच में जुटी हुई है।

करौली एसीबी चौकी के प्रभारी जगदीश भारद्वाज ने बताया कि एसीबी के जयपुर मुख्यालय



को एक्सईएन भवानी सिंह मीणा के खिलाफ रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी। इस पर एसीबी की करौली ईकाई ने यह कार्रवाई की। आरोपी एक्सईएन सार्वजनिक निर्माण विभाग हिंडौन में पदस्थ है। उसके खिलाफ गंगापुरसिटी की फर्म से 43.19 लाख रुपए के पेच वर्क के टेंडर का बिल पास करने के एवज में रिश्वत मांगने की शिकायत थी। 43.19 लाख रुपए में से 10 लाख रुपए का बिल बनाकर 8.35 लाख का फर्म को भुगतान करने और एवं शेष राशि का भुगतान भी स्वयं कराने की कहकर 3 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी एक्सईएन मीणा ने परिवादी को उसके बेटे के साथ गंगापुर सिटी स्थित आवास पर बुलाया और 3 लाख रुपए लेकर बेडरूम में डबल बेड पर रख दिए। इस पर एसीबी टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## कोटा में ही क्यों सुसाइड करते हैं स्टूडेंट : सुप्रीम कोर्ट

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** कोटा में स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इन मामलों पर राजस्थान सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि 'कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों सुसाइड कर रहे हैं? आपने इस पर कोई विचार नहीं किया?' सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआईटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। कोर्ट ने राजस्थान सरकार से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

### पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने दी भारत को धमकी

## 'तुम हमारा पानी बंद करोगे, हम तुम्हारी सांस बंद कर देंगे'

विशेष संवाददाता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी भरा बयान दिया है। शरीफ ने एक बयान में कहा कि अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। प्रवक्ता चौधरी ने यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान दिया। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। हालांकि यह वीडियो किस कार्यक्रम और जगह का है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। दरअसल भारत ने पहलगाम में हुए



आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जल संधि स्थगित कर दी है और पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया है। इस पर चौधरी ने कहा भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। यह एक पागलपन से भरी सोच है। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है।

UEM
श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
Good Education, Good Jobs

UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
IEM - UEM Group | Jaipur

INDIAN UNIVERSITY RATINGS QS I-GAUGE PLATINUM & DIAMOND | BEST COLLEGES OF INDIA 2024 INDIA TODAY | Times Higher Education Impact Rankings 2024 | GU GLOBAL UNIVERSITY RANKINGS | nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK | SHALBY ACADEMY | AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION | UGC | AICTE APPROVED | NAAC ACCREDITED | AIU MEMBER | BOARD OF APPRENTICESHIP TRAINING (NORTHERN REGION)

Admissions Open 2025-26

IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians

600+Patents Published | 30+ Design Patents Granted | 800+Research Paper Published | ₹7 CRORES +WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED

B.TECH
CSE - Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
Computer Science & Engineering (CSE) with Specialization
- Artificial Intelligence & Machine Learning (AIML)
- Block Chain Technology
- Big Data analytics
- Cloud Computing
- Cyber Forensic & Internet Security

Electronics & Communication Engineering (ECE)
- Artificial Intelligence & Machine Learning
- Embedded System
- VLSI Design
- Internet of Things (IoT)
- Robotics

Electrical Engineering (EE)
- Electrical & Computer Engineering
- Electrical & Electronics Engineering

Mechanical Engineering (ME)
- Automobile Engineering

Civil Engineering (CE)
- Sustainable Construction Engineering

M.TECH
WITH SPECIALIZATION
Computer Science & Engineering (CSE)
- Big Data Analytics
- Cloud Computing
- Data Science
- Information Security

Electrical Engineering (EE)
- Power System Engineering
- Power Electronics & Drives
- Control System Engineering

Electronics & Communication Engineering (ECE)
- Communication Engineering
- Micro-Electronics & VLSI
- Radio Frequency & Microwave Engineering

Mechanical Engineering (ME)
- Production Engineering
- Thermal Engineering

Civil Engineering (CE)
- Structural Engineering

BBA/MBA
Bachelor of Business Administration (BBA)
Master of Business Administration (MBA)
MBA with Dual Specialization
- Marketing
- Finance
- Human Resource
- Business Analytics

MBA in Hospital & Healthcare Management
MBA Executive

BPT/MPT
BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (BPT)
MASTER OF PHYSIOTHERAPY (MPT)
- Cardiopulmonary
- Orthopaedics
- Neurology
- Musculoskeletal
- Pediatrics
- Sports

POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA

BCA/MCA
Bachelor of Computer Application (BCA)
- Data Science
- Cloud Computing
- Big Data Analytics
- Block Chain Technology
- Cyber Forensic & Information Technology
- Artificial Intelligence & Machine Learning

Master of Computer Application (MCA)

Ph.D
Philosophy of Doctor (Ph.D)
- Computer Science & Engineering
- Electrical Engineering
- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Electronics & Communication Engineering
- Physics / Chemistry
- English / Mathematics
- Management / Humanities

Last Date to Apply : 15 July, 2025

Academic Partners
Foreign University Collaborations
More than 18000+ Certification

STUDY ABROAD PROGRAM
USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE
Scholarships UPTO 100%
5 Industry Established Labs
Leading University for 6G Projects, Govt. of India

9887313330, 9887933330
9887413330, 9887433330
Campus: Udaipuria Mod, 6 Kms. from Chomu on Sikar Road, Jaipur - 303807 (Rajasthan)
www.uem.edu.in
FOLLOW US

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


## मुख्यमंत्री आज और कल नीति आयोग की बैठक में होंगे शामिल

**जयपुर (मसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार शाम दिल्ली रवाना हुए। वे शनिवार व रविवार को दो अहम बैठकों में शामिल होंगे। शनिवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग की शाषी परिषद की बैठक होगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव सुधांश पंत भी शामिल होंगे। नीति आयोग की बैठक में सीएम राज्य से संबंधित मुद्दे उठाएंगे। इसके बाद रविवार को दिल्ली में ही देशभर के एनडीए शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक होगी। इस बैठक में सीएम के अलावा प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी और प्रेमचंद बैरवा भी शामिल होंगे।

## एएचपीआई राजस्थान के सदस्य उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मिले

### आरजीएचएस का मामला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थ प्रोवाइडर्स (एएचपीआई) के राजस्थान चैप्टर के पदाधिकारी शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी से मिले। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की आरजीएचएस योजना को लेकर चल रही विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सदस्यों ने वित्त मंत्री को अवगत कराया और स्कीम को सुचारू चलाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने यह भी बताया कि स्कीम में आ रही परेशानियों का निदान पाने के लिए अस्पताल व सरकार को साथ प्रयास करने होंगे और अस्पतालों को दोषी नहीं ठहराकर उनके साथ काम करने से ही स्कीम का सही रूप में फायदा सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को मिल पाएगा। सदस्य दल ने बताया कि सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई इस बातचीत में दीयाकुमारी को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने वित्त सचिव से स्कीम को स्ट्रीमलाइन करने के लिए निर्देशित किया।

## श्रेष्ठता साबितः माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं कक्षा का कई स्कूलों ने दिया 100 फीसदी परिणाम

# सरकारीस्कूलः भवन ही नहीं, परिणाम भी उत्कृष्ट

*महानगर संवाददाता*

*जयपुर। राजधानी में भामाशाहों की ओर से पोषित सरकारी स्कूलों ने 12वीं कक्षा के परिणामों में अपनी श्रेष्ठता एक बार फिर साबित की है और जता दिया है कि इच्छाशक्ति सबसे ऊपर होती है। यह विद्यालय अपने आधुनिक भवन और विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं को देखते हुए किसी भी कॉन्वेंट स्कूल को मात देते दिखाई देते हैं। इन विद्यालयों में साइंस, कॉमर्स और आट्र्स विषय में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है।*

### महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम सीनियर हायर सै. स्कूल न्यू विद्याधर नगर

अपनी आकर्षक बिल्डिंग के लिए ही नहीं, पढ़ाई के लिए भी यह स्कूल विख्यात है। विद्यालय के प्रिंसीपल बीएस धाकड़ ने बातचीत में बताया कि यहां के सांइस, आट्र्स और कॉमर्स विषय के परिणाम सौ प्रतिशत रहे हैं। इसमें छात्रों के साथ सिर्फ शिक्षकों की ही भूमिका नहीं है, बल्कि स्टाफ के हर सदस्य की भूमिका रही है।

| विषय | कुल विद्यार्थी | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| साइंस | 86 | 78 | 08 | 00 |
| कॉमर्स | 48 | 44 | 04 | 00 |
| आट्र्स | 67 | 54 | 13 | 00 |

#### इनका कहना है



विद्यार्थियों का जब परिणाम आता है, तो शिक्षकों का भी साल भर के शिक्षक कार्य का परिणाम आता है, शिक्षक भी उतना ही नर्वस होता है जितना छात्र, लेकिन दोनों में लगन होती है, तो परिणाम हमेशा सकारात्मक आता है।

***- बीएस धाकड़, महात्मा गांधी रा. इंग्लिश उ.मा. विद्यालय, न्यू विद्याधर नगर, जयपुर***

#### आट्र्स टॉपर्स



अवनी शर्मा 96.60 प्रतिशत

| | |
|---|---|
| शीतल | 94.60 प्रतिशत |
| निहारिका | 92.60 प्रतिशत |

#### साइंस टॉपर्स



सागरिका 94.60 प्रतिशत

| | |
|---|---|
| सार्थक | 92.20 प्रतिशत |
| पायल गोयल | 88.40 प्रतिशत |

#### कॉमर्स टॉपर्स



भव्या भारद्वाज 93 प्रति.

| | |
|---|---|
| प्रतिभा भाटी | 93.00 प्रतिशत |
| अलिन शर्मा | 89.80 प्रतिशत |

### हीरापुरा स्थित कमला देवी बुधिया सी.हा. सै. स्कूल

#### आट्र्स संकाय

| | |
|---|---|
| कुल विद्यार्थी | 84 |
| प्रथम श्रेणी | 37 |
| द्वितीय श्रेणी | 45 |
| तृतीय श्रेणी | 02 |



साक्षी प्रजापति 95.80 प्रतिशत



अंजली वर्मा 91.60 प्रतिशत

महेश कटारिया 83.60 प्रतिशत

#### विज्ञान संकाय

| | |
|---|---|
| कुल विद्यार्थी | 49 |
| प्रथम श्रेणी | 43 |
| द्वितीय श्रेणी | 06 |



सोनू कुमार 90.40 प्रतिशत

कलसुम 88.60 प्रति.
अंकिता 87.60 प्रति.

*अपनी चार मंजिला बिल्डिंग के साथ खेलों में पदक और आधुनिक लाइब्रेरी के साथ इस विद्यालय ने भी साइंस में 100 प्रतिशत, कला में 92.40 प्रतिशत और कॉमर्स में 100 प्रतिशत रिजल्ट दिया है। इस स्कूल में यहां की प्रिंसीपल ममता मेहरा ने इस बेहतर परिणाम के लिए सभी स्टॉफ और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।*

#### इनका कहना है



हमारे विद्यार्थियों का अच्छा परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों को, उनके माता-पिता को, उससे भी बढ़कर उनके गुरुजनों को अत्यधिक खुशी देता है, लेकिन शिक्षण के अलावा इतना सारा अन्य काम करते हुए यह बहुत कठिन होता है, इसलिए आप जैसी मेहनती श्रेष्ठ शिक्षक टीम को बहुत बहुत बधाई।

***ममता मेहरा, श्रीमती कमला देवी बुधिया, रा.सी.सैकण्डरी स्कूल, हीरापुरा, अजमेर रोड जयपुर***

### महात्मा गांधी इंग्लिश रा.उ.मा.विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवर



हर्षित पचेरवाल 91.40 प्रतिशत कला संकाय

भीनी जैन 90.40 प्रतिशत विज्ञान संकाय

आशुतोष सोनी 90 प्रतिशत विज्ञान संकाय

अपने सामूहिक प्रयास और बच्चों के लिए समर्पण के लिए यह स्कूल इस पूरे क्षेत्र में विख्यात है। आस-पास के विद्यार्थी यहां पढ़ने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। कला, वाणिज्य और साइंस में अध्ययनरत सभी बच्चों ने बेहतर परिणाम दिए हैं। इस विद्यालय में भी कॉमर्स विषय नहीं है।

#### विज्ञान संकाय

| | |
|---|---|
| कुल विद्यार्थी | 42 |
| प्रथम श्रेणी | 40 |
| द्वितीय श्रेणी | 02 |

#### आट्र्स संकाय

| | |
|---|---|
| कुल विद्यार्थी | 30 |
| प्रथम श्रेणी | 26 |
| द्वितीय श्रेणी | 04 |

यहां आट्र्स विषय के कंम्प्युटर साइंस को पहली बार शामिल किया गया था। पहली बार में ही यहां के विद्यार्थी हर्षित पचेरवाल ने 100 में से 99 नंबर प्राप्त किए हैं। हर्षित पूरी स्कूल में सबसे अधिक प्रतिशत लाने वाला टॉप स्कोरर बन गया है। कंम्प्युटर साइंस को आट्र्स के विद्यार्थियों के लिए बहुत मुश्किल विषय माना जाता है।

#### मानविकी सबजेक्ट

| | |
|---|---|
| कुल विद्यार्थी | 28 |
| प्रथम | 24 |
| द्वितीय | 04 |

#### इनका कहना है

सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई। हमारे यहां के सभी साथी शिक्षक और स्टाफ के अन्य सदस्यों का आभार। रिजल्ट समग्रता का विषय है, इसमें अभिभावकों को भी उतना ही मानसिक तनाव होता है जितना, छात्र-छात्रा या शिक्षक को होता है।

***- अन्नू चौधरी, महात्मा गांधी इंग्लिश रा.उ.मा.विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवर***







## प्रिया कुमावत को मिले 97.40 प्रतिशत अंक



प्रिया कुमावत 97.40 प्रति.



आदित्य गौड़ 91.80 प्रति.



सक्षम राजौरा 95.20 प्रति.



योगिता वर्मा 94.60 प्रति.



अक्षिता साहु 92 प्रति.

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** संस्था चौधरी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल, जनता नगर, राकड़ी, सोडाला, जयपुर के विद्यार्थियों का उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रिया कुमावत ने 97.40 फीसदी (विज्ञान वर्ग), सक्षम राजौरा ने 95.20 (विज्ञान वर्ग), योगिता वर्मा ने 94.60 (विज्ञान वर्ग), अक्षिता साहु ने 92, आदित्य गौड़ ने 91.80, राज आर्यन ने 91.20 (विज्ञान वर्ग), अनुराधा ओझा ने 91.20 फीसदी अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था चेयरमैन रोहिताश्व भगासरा व शिक्षकों व माता-पिता को दिया है।

## गर्मी में पावर मैनेजमेंट फेल, बार-बार बिजली गुल से परेशान लोग

### जयपुर डिस्कॉम में शिकायतों पर नहीं हो रही सुनवाई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेशभर में गर्मी का सितम जोरों पर है। इसी बीच बिजली वितरण निगमों का पावर मैनेजमेंट भी फेल होता दिख रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़ रही है, तो दूसरी ओर ग्रिड सब स्टेशन व फीडर में फाल्ट या ट्रिपिंग से बार-बार बिजली गुल हो रही है।

दरअसल, गर्मियों की शुरुआत होने के साथ ही बिजली प्रबंधन को लेकर डिस्कॉम्स व प्रसारण निगम के अभियंता दावे कर रहे थे कि आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी, लेकिन स्थित इसके उलट ही दिख रही है। अब इसे बिजली प्रबंधन का फेलियर कहें या अभियंताओं की लापरवाही, क्योंकि परेशान तो आम जनता ही हो रही है।



आंकड़ों पर नजर डालें तो अकेले जयपुर डिस्कॉम में बिजली सप्लाई बंद की रोजाना लगभग 10 हजार शिकायतें आ रही हैं। शहर के परकोटा क्षेत्र में गंगापोल, चौमूं हवेली सहित आस-पास के इलाके में गुरुवार देर रात 2 घंटे बिजली गुल होने से लोग परेशान होते रहे। दूसरी तरफ जयसिंहपुरा खोर के भोमियां नगर व श्याम विहार में शुक्रवार सुबह 6 बजे से ही बिजली आपूर्ति बाधित रही, जो करीब चार घंटे तक सुचारू नहीं हो सकी। लोगों का कहना है बिजली विभाग के कॉल सेंटर पर बार-बार शिकायत करने पर भी केवल आश्वासन ही मिलता रहा।

ऐसे में बच्चों और बुजुर्गों को पंखे-कूलर नहीं चलने से परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर, विभाग की ओर से निरंतर प्रचार किया जा रहा है कि यदि बिजली संबंधी कोई भी दिक्कत है, तो टोल फ्री नंबर 18001806507 पर तुरंत सूचना दें। इसके अलावा उपभोक्ता 1912 या 0141-2203000 पर भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## ईआरसीपी के लिए जमीन आवंटन की स्वीकृति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य में ईआरसीपी परियोजना (रामजल सेतु लिंक परियोजना) के कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से वन भूमि प्रत्यावर्तन के तहत बारां एवं अलवर जिलों में 1102.72 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को आवंटित करने की मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने ईआरसीपी के अंतर्गत निर्माणाधीन रामगढ़ एवं महलपुर बैराज तथा नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना के अंतर्गत बैराज निर्माण के कार्य से प्रभावित वन भूमि के प्रत्यावर्तन के लिए वन विभाग को भूमि आवंटन के चार प्रस्तावों का अनुमोदन किया है। इस निर्णय के अनुसार बारां जिले की किशनगंज तहसील में 427.59 हेक्टेयर, छबड़ा तहसील में 284.09 हेक्टेयर, छीपाबड़ौद तहसील में 362.95 हेक्टेयर एवं अलवर जिले में आरक्षित भूमि कोष से 28.08 हेक्टेयर गैर-वन भूमि वन विभाग को निशुल्क आवंटित की जा रही है।

## 31 मई को तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक की मांग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** इंडियन अस्थमा केयर सोसायटी, भारत सेवा संस्थान और महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति ने राज्य सरकार से विश्व तंबाकू निषेध दिवस के दिन 31 मई को राज्य में समस्त तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने का आग्रह किया है। इन तीनों संस्थाओं की ओर से डॉ. वीरेंद्र सिंह और गांधीवादी गिरधारी सिंह बापना एवं धर्मवीर कटेवा ने बताया कि देश-प्रदेश के स्तर पर कई कानून होने के बावजूद सरकारों की अनदेखी एवं लापरवाही के कारण तंबाकू उत्पादों की बिक्री और सेवन निरंतर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकारें इनके उपयोग को कम करने के लिए कानून बना रही हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी बसों से लेकर टीवी चैनलों तक पर धड़ल्ले से इनके विज्ञापन आ रहे हैं। ऐसा ही प्रचार शहरों में होर्डिंग्स के माध्यम से हो रहा है।

डॉ. सिंह ने कहा कि समाज में श्वास रोग और मुंह का कैंसर भी विकराल रूप लेता जा रहा है। एक व्यक्ति को कैंसर होने से उसका पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। तीनों ने आमजन से भी अपील की है कि वे अपना और अपने परिवार का ध्यान रखते हुए तंबाकू के सेवन को बंद करें। बापना ने बताया कि तीनों संस्थाओं ने मिलकर 31 मई को 'तंबाकू के दुष्परिणाम' पर जयपुर में एक गोष्ठी का आयोजन भी किया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी इस गोष्ठी में शामिल होंगे।

## जयपुर में वन्यजीवों की खास मॉनिटरिंग, उप्र में बर्ड फ्लू को लेकर अलर्ट

### एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस का मामला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** उत्तरप्रदेश के गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खान प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के चलते वन्यजीवों की मौत का मामला सामने आया है। इसके बाद केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने देशभर के चिड़ियाघरों और जैविक उद्यानों को सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

सीजेडए के अलर्ट के बाद जयपुर के नाहरगढ़ अभ्यारण्य, नाहरगढ़ जैविक उद्यान और जयपुर चिड़ियाघर में भी खास सतर्कता बरती जा रही है। यहां प्रतिदिन शेर, बाघ, बघेरे सहित अन्य वन्यजीवों की एक्टिविटीज की मॉनिटरिंग चिकित्सकों द्वारा की जा रही है। वन अधिकारियों से मिले निर्देशों में कहा गया है कि बीमार या मृत पक्षियों को हैंडल करते समय दस्ताने, फेस शील्ड सहित अन्य प्रोटेक्टिव चीजों का उपयोग किया जाए। चिड़ियाघर और नाहरगढ़ जैविक उद्यान में वन्यजीवों के पिंजरों में साफ-सफाई का भी ध्यान रखा जाए। डीसीएफ विजयपाल सिंह का कहना है कि बर्ड फ्लू संबंधी अलर्ट मिलने के बाद मॉनिटरिंग बढ़ा दी गई है।



## नौतपा से पहले ही गर्मी तोड़ रही रिकॉर्ड

### जैसलमेर पहुंचा 48 पर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश नौतपा की शुरुआत में अभी हालांकि एक दिन का समय है, लेकिन इससे पहले ही गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। शुक्रवार को जैसलमेर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। प्रदेश में ये इस सीजन का सर्वाधिक तापमान रहा। बाड़मेर, जोधपुर में भी सीजन का सर्वाधिक तापमान दर्ज हुआ। इससे पहले 21 मई को गंगानगर में 47.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

मौसम विभाग ने 24 मई को 2 जिलों में तेज गर्मी का रेड, 7 जिलों में ऑरेंज और 2 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 12 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 10 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में शुक्रवार को सभी शहरों में मौसम साफ रहा और तेज धूप के साथ गर्म हवा के थपेड़ों ने प्रदेशवासियों को पस्त कर दिया। जैसलमेर में दिनभर तेज गर्म हवा चलती रही और तापमान 48 डिग्री तक जा पहुंचा।

वहीं बाड़मेर में अधिकतम तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 46.4, चूरू में 45.6, जोधपुर में 44.5, गंगानगर में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इनके अलावा फलोदी, पिलानी, वनस्थली में भीषण गर्मी का दौर जारी रहा।

जयपुर की बात करें तो तापमान 43.2 डिग्री रहा और दिन भर तेज धूप ने बेहाल किए रखा। कुछ देर के आसमान में हल्के बादलो से मामूली राहत मिलती रही, लेकिन गर्म हवा के थपेडों के कारण इसका कोई असर नहीं रहा। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर में शनिवार को भी लू के हालात बने रहेंगे।

## रक्तदान व्यर्थ नहीं जाएगा, ऑनलाइन होगी मॉनिटरिंग

### खून की तस्करी जैसे अपराध पर लग सकेगी लगाम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर में आए दिन लगने वाले रक्तदान शिविरों में लोग बड़े उत्साह और निस्वार्थ भाव से भाग लेते हैं, लेकिन कई बार यह सामने आता है कि शिविरों में लोगों ने रक्तदान तो किया, लेकिन इसका सही उपयोग नहीं हुआ और कई बार इसके खराब होने की बात भी सामने आती है। वहीं कई बार इसकी तस्करी और दुरुपयोग के मामले भी सामने आते हैं। इसी को रोकने के लिए अब सरकार रक्तदान शिविर लगाए जाने से लेकर पूरी प्रक्रिया की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की व्यवस्था शुरू कर रही है। इसके लिए ब्लड सप्लाई कैंप मैनेजमेंट एप बनाने का प्रस्ताव है, जिसके जरिए एक क्लिक पर रक्तदान की पूरी जानकारी मिलेगी।

लगभग तीन करोड़ की इस योजना के तहत प्रदेशभर में ब्लड सप्लाई मैनेजमेंट के लिए ब्लड सप्लाई कैंप मैनेजमेंट एप बनाया जाना प्रस्तावित है। इसमें ब्लड सेंटर, सप्लायर, हॉस्पिटल और डोनर की सूचनाएं होंगी। एप के माध्यम से रक्तदाता खुद रजिस्टर कर सकेगा। इससे उसका रिकॉर्ड ऑनलाइन रहेगा। इसमें रक्तदाता के रक्तदान से लेकर किसी बीमारी के ग्रसित होने का रिकॉर्ड भी होगा। साथ ही छह माह की निर्धारित समय सीमा के बाद उसे रक्तदान के लिए फिर से संदेश भेजा जा सकेगा। इसके साथ ही रक्तदान शिविर के लिए आवेदन से लेकर ब्लड बैंक के आवंटन की प्रक्रिया भी ऑनलाइन हो जाएगी और आयुक्तालय के स्तर पर तय किया जाएगा कि कौनसा नजदीकी ब्लड बैंक शिविर लगाएगा। इसके अलावा ब्लड सेंटर के सभी कार्मिकों का भी एप पर रजिस्ट्रेशन होगा।

#### ब्लड बैग पर लगाया जाएगा बार कोड

माना जा रहा है कि इस प्रस्ताव को मंजूर किया जाता है तो खून की तस्करी जैसे अपराध पर लगाम लग सकेगी। इसके तहत ब्लड बैग पर बार कोड लगाया जाएगा, साथ ही टेम्प्रेचर मेंटेन करने वाले बॉक्स की जीपीएस ट्रेकिंग से निगरानी होगी। यानी किसी भी कैंप या ब्लड बैंक से रक्त कहीं जाएगा तो इस पर ऑनलाइन नजर रखी जा सकेगी। इसके साथ ही यह भी देखा जा सकेगा कि ब्लड बैंक, स्टोरेज यूनिट में किस ग्रुप का कितना रक्त उपलब्ध है। इसकी एक्सपायरी डेट क्या है और राज्य से बाहर खून जा रहा है तो कहां जा रहा है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter

# गृह क्लेश में पत्नी ने दो बच्चों के साथ दे दी जान

## विवाहिता का पति से हुआ था झगड़ा

महानगर संवाददाता

**अकलेरा।** जिले के कामखेड़ा थाना क्षेत्र के सरेड़ी गांव में पति-पत्नी के बीच कहासुनी गुरुवार को इतनी बढ़ गई कि विवाहिता ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ जान दे दी। इस प्रयास में महिला व दो मासूम बच्चे गंभीर घायल हो गए। सूचना पर कामखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची व तीनों को इलाज के लिए अकलेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टर ने महिला तथा उसके दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।



कामखेड़ा थाना अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि घटना गुरुवार रात 11 बजे रंजीता की ओर से पुलिस को सूचना दी गई कि घर में उसका पति अनिल और ससुर गाली गलौज कर झगड़ा कर रहे हैं। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और अनिल को शांति भंग में पकड़कर थाने लेकर आ गई। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर रंजीता के पिता घनश्याम निवासी इंदौर ने थाने में रिपोर्ट दी है। जिसमें बताया कि गुरुवार रात को बेटी और उसके दोनों बच्चे कमरे में सो रहे थे। इस दौरान स्विच बोर्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कमरे के अंदर दम घुटने और झुलसने से रंजीता और दोनों बच्चों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि अनिल और रंजीता की 7 साल पहले शादी हुई थी। अनिल फलों की ठेल लगाता है। पुलिस ने बताया कि रंजीता (मृतका) के पिता की रिपोर्ट मिलने के बाद तीनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की अन्य एंगल से भी जांच की जा रही है।

# बाजार में महिला के कपड़ों में अचानक लगी आग

महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर शहर के बाजार में खरीदारी करने आई एक महिला के कपड़ों में अचानक आग लग गई। महिला के साथ तीन अन्य महिलाएं और थीं। चारों एक दुकान के बाहर खड़ी होकर बात कर रही थी। बात करते-करते आगे बढ़ी तो एक महिला की ओढ़नी में आग लग गई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। आग कैसे लगी, इसका कारण सामने नहीं आया।



घटना कंदोई बाजार की शुक्रवार दोपहर की है। चार महिलाएं खरीदारी करने आई थी। उनके हाथों में बैग भी था। एक दुकान के बाहर से बातचीत करते हुए महिलाएं आगे बढ़ी थीं। इस दौरान सबसे आगे चल रही महिला की ओढ़नी में आग लग गई। उसने चिल्लाते हुए अपनी ओढ़नी को फेंका। पीछे चल रही महिलाएं ने उसकी ओढ़नी को दूर कर उसके बाकी कपड़ों से आग को बुझाया।

**आग लगने का कारण नहीं आया सामने :** महिला की ओढ़नी में लगी इस रहस्यमयी आग का वीडियो सामने आया है। कई लोगों ने अफवाह फैला दी कि आग तेज गर्मी के कारण लगी है। त्रिपोलिया मोती चौक बाजार कपड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष दीपक सोनी ने भी गर्मी से आग लगना बताया है। हालांकि आग लगने का कारण क्या रहा? ये सामने नहीं आया है।

# पिकअप से जब्त किया 12 क्विंटल 53 किलो अवैध डोडाचूरा

महानगर संवादददाता

**चित्तौड़गढ़।** जिले की जावदा थाना पुलिस ने शुक्रवार को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप से 65 कट्टों में भरा 12 क्विंटल 53 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त किया है।

चित्तौड़गढ़ के एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ की कारवाई के लिए रावतभाटा एएसपी भगवत सिंह हिंगड़ के निर्देशन व डीएसपी कमल प्रसाद मीणा के सुपरविजन अभियान चलाया हुआ था। इसके तहत जावदा थानाधिकारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। पुलिस की यह टीम बस्सी तिराहे पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान जावदा की तरफ से एक पिकअप आती हुई नजर आई। इसके बाद चालक को पुलिस टीम ने रोकने के लिए इशारा किया तो चालक ने पिकअप को नाकाबंदी से पहले रोक दी। चालक व उसके पास वाली सीट पर बैठा व्यक्ति दोनों भाग गए। पुलिस ने उनका पीछा भी किया, लेकिन वे मौके का फायदा उठाकर जंगल में भाग गए। मौके पर खड़ी पिकअप की तलाशी ली गई तो कुल 12 क्विंटल 53 किलोग्राम 81 ग्राम डोडा चूरा मिला। पुलिस ने उसे जब्त कर लिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस फरार दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है।

# दो पक्षों में पथराव, युवक घायल

महानगर संवाददाता

**टोंक।** कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को आपसी कहासुनी को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट व पथराव हो गया। इससे एक जना घायल हो गया। घायल युवक की नाक पर चोट आई है ।

बहीर कच्ची बस्ती के रहने वाले वाजिद पुत्र साजिद ईदगाह में नमाज अदा कर घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में चार-पांच लोगों से उनकी आपसी कहासुनी हो गई और उन्होंने वाजिद के साथ कर दी। इस दौरान भागकर वाजिद के परिजन भी आए। दोनों पक्ष में पथराव हो गया। इससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी सा माहौल हो गया। बाद में घायल वाजिद को सआदत अस्पताल ले गए। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। उधर इस पथराव के बाद घायल और उसके परिजन एकत्रित होकर कोतवाली पहुंचे और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। घायल ने बताया कि उसकी पुलिस में सुनवाई नहीं हो रही है। हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया। इस मामले में देर शाम तक भी पुलिस भी कुछ बताने से बचती रही।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार में लगी आग

## कार का गेट जाम होने से जिंदा जला युवक

महानगर संवाददाता

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा-उदयपुर स्टेट हाईवे पर गनोड़ा कस्बे के पास एक युवक कार में जिंदा जल गया। युवक शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उदयपुर जाने के लिए घर से निकला था। गनोड़ा के पास उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई, जिसके बाद कार में आग लग गई और वह गाड़ी के अंदर ही जिंदा जल गया। मामला मोटा गांव थाना क्षेत्र का है।

मोटा गांव थाना अधिकारी रामसिंह पंवार ने बताया कि उदयपुर रोड पर गनोड़ा कस्बे के पास सुबह करीब 11 बजे एक भीषण सड़क हादसे में एक 24 साल का युवक कार में जिंदा जलकर राख हो गया। हादसा कार में आग लगने के कारण हुआ। उन्होंने बताया कि मृतक निखिल पुत्र हरिसिंह मीणा कोटपूतली जयपुर जिले का रहने वाला था, उसके पिता हरिसिंह मीणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खांदू कॉलोनी बांसवाड़ा की स्कूल में टीचर हैं। मृतक यहीं रहकर पढ़ाई कर रहा था। वो सुबह कार लेकर उदयपुर जाने के लिए निकला था। गनोड़ा के पास उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई।



### गेट जाम होने से बाहर नहीं निकल पाया

थाना अधिकारी रामसिंह पंवार ने बताया कार तेजी से टकराई, जिससे उसके सभी गेट जाम हो गए। गेट जाम होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाया। वह काफी देर अंदर तड़पता रहा। मृतक का शरीर पूरी तरह से जल चुका है। कार के नंबर के आधार पर मृतक की शिनाख्त कराई गई और परिजनों को मौके पर बुलाया गया। उन्होंने बताया- शव मॉर्च्युरी में ले जाने की कंडिशन में नहीं है। ऐसे में मौके पर ही पोस्टमार्टम कराने को लेकर हेल्थ डिपार्टमेंट के साथ बातचीत चल रही है।

### लोगों ने की बचाने की कोशिश, नाकाम रहे

प्रत्यक्षदर्शी दीपक द्विवेदी ने घटना को लेकर बताया कि वह भी सुबह उदयपुर जा रहा था। गनोड़ा के पास पहुंचे तो देखा कि सड़क किनारे एक कार में आग लगी है, कार रोककर बचाव में जुटे। इस दौरान आसपास से भी काफी संख्या में लोग घटना स्थल पहुंचे और बचाने की कोशिश की, सभी ने जलती कार के गेट तोड़ने की कोशिश, लेकिन गेट जाम होने से हम नाकाम रहे और वह जिंदा ही जल गया।

### आसपास नहीं थे बचाव के कोई संसाधन

उसने बताया कि जिस जगह घटना हुई उस जगह बचाव के लिए कोई संसाधन नहीं थे। आसपास पानी भी नहीं था, जिससे आग को बुझाया जा सके। देखते ही देखते युवक कार के अंदर पूरी तरह से जल गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भी काफी प्रयास किए। लेकिन पुलिस भी नाकाम रही। मौके पर लगी भीड़ को पुलिस ने लोगों को दूर किया और स्टेट हाईवे पर आमागमन सुचारु कराया।

# कार डिवाइडर से टकरा कर पलटी हादसे में 2 की मौत, 3 घायल

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** जिले के ऋषभदेव थाना इलाके के नेशनल हाइवे 48 पर हुए एक सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और तीन जने घायल हो गए। इस भीषण हादसे में एक नवविवाहित युवक और उसकी बुआ की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

दरअसल, दर्दनाक सड़क हादसा ऋषभदेव थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 48 पर एक तेज रफ्तार कार के दूसरी कार को ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ। तेज गति से चल रही कार ने दूसरी को कार को टक्कर मार दी। इस टक्कर से कार डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई।

हादसे में नैना देवी बेन और पवन की मौत हो गई। पवन की तीन दिन पहले ही शादी हुई थी। वह अपनी नवविवाहिता पत्नी और पूरे परिवार के साथ गुजरात के अंकलेश्वर से अजमेर घूमने जा रहा था। परिवार के करीब 10 सदस्य 2 अलग-अलग कारों में यात्रा कर रहे थे। पवन की पत्नी रेश्मा दूसरी कार में सवार थीं।

थानाधिकारी भरतसिंह राजपुरोहित के अनुसार, कार के डिवाइडर से टकराकर पलटने के कारणों की जांच की जा रही है।



### तीन महिलाएं गंभीर घायल, एक की हालत नाजुक

एएसआई श्याम सुंदर ने बताया कि हादसे में पवन पिता भरत भाई पटेल निवासी अंकलेश्वर गुजरात और नैना देवी बेन पत्नी छगन भाई पटेल की मौत हो गई। जबकि कुसुम बेन पत्नी भरत भाई पटेल, बीजू बेन पत्नी उज्जन सिंह राजपूत बाई और दिशा बेन पत्नी दिलीप भाई पटेल बुरी तरह घायल हो गए। कुसुम बेन के सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी हालत बेहद नाजुक है और वे आईसीयू में भर्ती हैं।

### भीषण हादसे में कार के उड़े परखच्चे

कार मृतक पवन पटेल चला रहे थे। उनकी कार में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें पवन और उनकी बूआ नैना की मौत हो गई। इनके साथ दो और कारें चल रही थीं, जिनमें परिवार-रिश्तेदार के लोग सवार थे। हादसा इतना भयानक था कि कार की बॉडी बुरी तरह पिचक गई। कार का बोनट, आगे का कांच और दोनों दरवाजों के परखच्चे उड़ गए।

### घायलों को उदयपुर किया रेफर

हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति हो गई। एम्बुलेंस के जरिए पहले घायलों को ऋषभदेव हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां सभी की हालत गंभीर होने पर उन्हें उदयपुर रेफर कर दिया गया। उदयपुर में डॉक्टरों ने पवन पटेल और नैना बेन को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों से रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की विस्तृत जांच की जाएगी।

# जैन तीर्थस्थल स्वस्तिधाम में एक करोड़ रुपए से अधिक के आभूषण चोरी

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** जिले के जहाजपुर उपखंड मुख्यालय से शाहपुरा रोड स्थित स्वस्तिधाम में अज्ञात चोर भगवान के एक करोड़ से अधिक के गहने चोरी कर ले गए। चोर मंदिर की दीवार पर दुपट्टे की सहायता से चढ़े और मूर्तियों को पहनाए गए सोने-चांदी के आभूषण उतारकर ले गए। सूचना मिलने पर जहाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

मंदिर में मुनिसुव्रतनाथ की प्रतिमा है। शुक्रवार सुबह कई श्रद्धालु (श्रावक-श्राविका) मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे। यहां प्रतिमा पर लगा आभामंडल (पीछे वाले हिस्से) गायब था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पता चला कि चोर आभामंडल ले गया। इस पर 1 किलो 300 ग्राम सोना लगा था। इसकी कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपए आंकी गई है। इस आभामंडल पर 3 किलो चांदी भी लगी थी। इसकी कीमत करीब तीन लाख रुपए है। सीसीटीवी फुटेज में एक चोर सफेद शर्ट और नीली पैंट में नजर आ रहा है। कुछ देर वह प्रतिमा के आसपास टहलता है, फिर प्रतिमा के पीछे लगे आभामंडल को उठा लेता है। यह आभामंडल सोने और चांदी से बना था। आभा मंडल को लेकर चोर खिड़की से चुन्नी का फंदा लगाकर नीचे उतर कर चला जाता है।



### मंदिर कमेटी ने दी रिपोर्ट

स्वस्ति धाम दिगंबर जैन मंदिर की कमेटी की ओर से जहाजपुर थाने में रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया कि मंदिर में मुनि सुव्रत नाथ भगवान की प्रतिमा गर्भ में स्थापित है। इस प्रतिमा के सिर के पीछे एक सूर्य का आभामंडल लगा हुआ है। ये आभामंडल सोने और चांदी का बना हुआ है। चोर आभामंडल समेत सोने की पॉलिश से बने यंत्र और अष्टधातु का कछुआ ले गया।

# अवैध हथकढ़ शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



महानगर संवाददाता

**जमवारामगढ़।** क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत जमवारामगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 लीटर अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा बताया कि जिला जयपुर ग्रामीण में अवैध शराब की रोकथाम के लिए जिले के समस्त अधिकारियों को अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनियां आरपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सह-वृत्ताधिकारी जमवारामगढ़ प्रदीप यादव आरपीएस के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी जमवारामगढ़ रामपाल शर्मा उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर बासना से छापरवास जाने वाली रोड़ पर एक व्यक्ति मुकेश गुर्जर निवासी बासना के कब्जे से 15 लीटर अवैध हथकढ़ शराब से भरी हुई जरीकेन जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

बासना गांव से ही एक दूसरे व्यक्ति कृष्ण कुमार मीणा निवासी ढाणी जिन्दावास जो पुलिस जाप्ते को देखकर 5 लीटर अवैध हथकढ़ शराब से भरी हुई जरीकेन को छोड़कर मौके से भाग गया जिसको जप्त किया गया तथा दोनो आरोपियों के खिलाफ अवैध हथकढ़ शराब परिवहन करने पर राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 में अलग-अलग दो प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# सगाई टूटने से नाराज युवक ने की युवती की हत्या

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में सगाई तोड़ने से नाराज युवक ने युवती की हत्या कर दी। युवक दिनदहाड़े युवती के घर में घुसा और चाकू से युवती का गला रेत दिया। मर्डर के बाद आरोपी ने खुद ही आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया।

सीओ सिटी उदय सिंह मीणा ने बताया कि इकबाल पुत्र मोहम्मद यासीन ने शहनाज की गला रेतकर हत्या कर दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो घर में लहूलुहान हालत में युवती का शव पड़ा मिला। उसके गले पर धारदार हथियार (चाकू) से काटने का निशान था। परिजनों के बाहर कारण युवती घर पर अकेली थी। करीब 1 साल पहले आरोपी इकबाल की शहनाज के साथ सगाई हुई थी, लेकिन 2 महीने पहले शहनाज के परिजनों ने सगाई तोड़ दी थी। इस बात से नाराज होकर इकबाल ने शहनाज की हत्या कर दी।

# पुलिस-बीएसएफ ने बरामद की ड्रोन में छुपाकर भेजी हेरोइन

महानगर संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ इलाके में, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास है, पुलिस और बीएसएफ की सतर्कता से एक बार फिर नशा तस्करों की बड़ी साजिश नाकाम हो गई। अनूपगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस को 1 किलो 668 ग्राम हेरोइन और एक ड्रोन खेतों में लावारिस हालत में मिला। पुलिस का मानना है कि ये सामान तस्करों ने छिपाकर रखा था। पुलिस के अनुसार, इस हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 8 करोड़ रुपए है।

जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि यह कार्रवाई ऑपरेशन सीमा-संकल्प के तहत की गई है। इसका मकसद जिले को नशा मुक्त बनाना है और इसमें प्रशासन और पुलिस मिलकर काम कर रहे हैं। बीएसएफ अधिकारी भरत कुमार राठी से गुप्त जानकारी मिलने पर अनूपगढ़ थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गहराई से तलाशी लेने पर खेतों में एक ड्रोन और 1.668 किलो हेरोइन मिली। पुलिस को शक है कि यह हेरोइन पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भेजी गई थी, जिसे भारतीय तस्करों तक पहुंचाया जाना था।




### हेरोइन और ड्रोन छोड़कर भागे तस्कर

पुलिस के अनुसार, बॉर्डर पर निगरानी बढ़ा दी गई है और नई तकनीकें इस्तेमाल की जा रही हैं। इसकी वजह से तस्करों को बड़ी परेशानी हो रही है। इसी कारण उन्होंने हेरोइन और ड्रोन खेतों में छोड़ दिए और भाग निकले।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज, जांच जारी

अनूपगढ़ थाने में अज्ञात तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब ड्रोन की तकनीकी जांच कर रही है ताकि तस्करों की पहचान की जा सके। इस कार्रवाई में अनूपगढ़ थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद, और कांस्टेबल कृष्ण कुमार, राजेश कुमार और महेंद्र कुमार शामिल थे।

## नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

# 40 लाख की अवैध शराब जब्त, एक गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**सिरोही।** जिले के आबूरोड रीको थाना पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरे ट्रक को पकड़ा। ट्रक से अवैध शराब की 445 पेटी बरामद की है, जिसकी कीमत 40 लाख रुपए से अधिक है। वहीं, मामले में ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

रीको थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह चंपावत ने बताया कि एसपी अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर गुजरात सीमा पर स्थित मावल चौकी पर लगातार नाकेबंदी की जा रही है। शुक्रवार को दोपहर में एक ट्रक में प्लास्टिक के कट्टे भरे थे, जिसमें पाउडर था। पुलिस को ट्रक चालक पर शक होने पर कट्टों को उतारा गया तो ट्रक से भारी मात्रा में शराब मिली। जिसपर ट्रक को जब्त कर चौकी पर लाया गया। इस दौरान शराब से भरी पेटी की गिनती की गई तो उसमें 445 पेटी अवैध शराब पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख से अधिक है। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक राजेश पुत्र रामेश्वरलाल विश्नोई, निवासी गांव जेगला नोखा, जिला बीकानेर को गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ की जा रही है। यह शराब तस्करी कर गुजरात ले जाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में एसआई पुखराज, एएसआई भवानी सिंह, कांस्टेबल प्रकाश कुमार, दिलीप सिंह, जयंतिलाल, मालदेव, प्रवीण सिंह और ओमप्रकाश मौजूद रहे।

## अंगूठी और मंगलसूत्र खरीदने के बहाने झांसा दिया, ट्रांजैक्शन निकला फर्जी

# एक रुपए का ऑनलाइन पेमेंट कर लाखों का सोना ठगा

महानगर संवाददाता

**अलवर।** अलवर में एक रुपए का ऑनलाइन पेमेंट कर दुकानदार से 1.54 लाख रुपए का सोना ठगने का मामला सामने आया है।

महिला-पुरुष अंगूठी खरीदने के बहाने दुकान पर पहुंचे थे। इसके बाद दुकानदार ने अंगूठी दिखा दी। महिला ने ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही। पहले एक रुपया दुकानदार के खाते में डालकर मैसेज दिखाया।

दूसरी बार में उसी मैसेज को एडिट कर 1.54 लाख रुपए का दिखा दिया। दुकानदार से कह दिया कि नेफ्ट किया है। दो घंटे में ये पैसा आपके खाते में आ जाएगा। दुकानदार ने मैसेज देखकर विश्वास कर लिया। खाते में पैसा नहीं आने पर शिवाजी पार्क थाने में मुकदमा दर्ज कराया, जिसके सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। मामला अलवर शहर के शिवाजी पार्क का है।

पीड़ित ज्वेलर सुरेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि उसकी दुकान में मंगलवार को जींस-टीशर्ट और चश्मा लगाए एक महिला व एक पुरुष आए थे।

उनके साथ एक छोटी बच्ची भी थी। महिला ने कहा कि इमरजेंसी में अंगूठी और मंगलसूत्र खरीदना है। पहले तो दुकानदार ने मना कर दिया। तब महिला ने कहा कि मुझे इमरजेंसी है। मंगलवार के कारण बाजार में दुकानें बंद हैं इसलिए ज्वेलरी यहीं से लेनी है।

### महिला ने 15.2 ग्राम सोने के आभूषण खरीदे

महिला ने कुल 15.2 ग्राम आभूषण खरीदे थे। जिनकी कीमत 1 लाख 54 हजार 500 रुपए थी। महिला ने आईसीआईसीआई बैंक से पहले एक रुपया बैंक खाते में डाला, जो आ गया। उसके बाद महिला ने उसी मैसेज को एडिट किया और कहा कि नेफ्ट के जरिए पैसा डाला है। 2 घंटे में आ जाएगा। इस मैसेज को भी दिखाया। एक फर्जी ट्रांजैक्शन रसीद वॉट्सऐप पर भेजी और जल्द राशि आने का बहाना बनाकर सामान लेकर चले गए।

### पैसा नहीं आने पर ठगी का पता चला

बैंक से जांच कराने पर पता चला कि ट्रांजैक्शन फर्जी था। असली भुगतान नहीं हुआ था। बाद में महिला से संपर्क करने पर उसने धमकी दी और भुगतान से मना कर दिया। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज और वॉट्सऐप नंबर के आधार पर पुलिस ठगों की पहचान में जुटी हुई है।

# सांगानेर खुली जेल से एक और बंदी फरार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजधानी जयपुर की सांगानेर खुली जेल से बंदी के फरार होने का एक और मामला सामने आया। रोल कॉल में उपस्थित नहीं होने पर जेल प्रशासन को बंदी के फरार होने का पता चला। इस पर जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। गुरुवार को जेल प्रशासन ने मालपुरा गेट थाने में बंदी शिवराज सिंह गुर्जर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू की।एसीपी सांगानेर विनोद कुमार शर्मा के मुताबिक सांगानेर खुली जेल से बंदी के फरार होने का मामला मालपुरा गेट थाने में दर्ज हुआ। महिला जेल प्रहरी सुमन चौधरी ने मालपुरा गेट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सांगानेर खुला बंदी शिविर से सजा काट रहा जमवारामगढ़ निवासी बंदी शिवराज सुबह की रोल कॉल में उपस्थित नहीं हुआ। तलाश करने पर पता चला कि बंदी शिवराज गुर्जर खुली जेल से फरार हो गया। थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपी के घर और अन्य ठिकानों पर निगरानी रखी जा रही है।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम : संस्कार पब्लिक स्कूल के 47 विद्यार्थियों के 90 फीसदी से अधिक अंक

# विज्ञान वर्ग में छात्रा कनिष्का खण्डेलवाल रही तहसील टॉपर

महानगर संवाददाता

**बस्सी।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में विज्ञान वर्ग में संस्कार पब्लिक स्कूल बस्सी की छात्रा कनिष्का खण्डेलवाल तहसील टॉपर रही हैं।

विद्यालय प्रधानाचार्य पूजा अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष भी बस्सी कस्बे स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लाकर अध्यापकों सहित माता-पिता का नाम रोशन किया है। सभी टॉपर विद्यार्थियों का शुक्रवार को यहां विद्यालय परिसर में स्वागत किया गया।

विद्यालय से विज्ञान वर्ग में तहसील टॉपर रही छात्रा कनिष्का खण्डेलवाल (97.40 फीसदी) पुत्री सुनील खूंटेटा, 12वीं कला वर्ग में टॉपर रही छात्रा पलक शर्मा (97.60 फीसदी) पुत्री प्रहलाद शर्मा एवं 12वीं वाणिज्य वर्ग में टॉपर रहे छात्र ईशान जोरवाल (91.00 फीसदी) पुत्र नरेन्द्र कुमार मीणा का अभिभावकों सहित माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

विद्यालय से कक्षा 12वीं समस्त संकाय मिलाकर कुल 47 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस दौरान सभी अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का प्रधानाचार्य पूजा अग्रवाल द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। संस्था अध्यक्ष सौभागमल अग्रवाल एवं निदेशक नितिन अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।




## गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**नवलगढ़।** कस्बे के खटिकान मोहले में स्थित गायत्री विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय का कक्षा 12वीं विज्ञान एवं कला वर्ग का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार दायमा ने बताया कि 12वीं विज्ञान वर्ग में कुल 29 विद्यार्थी एवं कक्षा 12वीं आट्र्स में कुल 20 विद्यार्थी थे। दोनों वर्गों में सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की है।

प्रीतम ढाका 91.60 प्रतिशत, संजय सैनी 90.40 प्रतिशत, गुनगुन सांखला 88.40, आशीष सैनी 87.00, आशीष ढाका 86.80, सोनाक्षी परिहार 86.80, प्रियंका झाझडीया 86.80, आरती ढाका 84.80, शुभम सैनी 84.00, अंजली नायक 83.20, खुशी चावला 83.00, कनुप्रिया सैनी 82.20, जिज्ञासा 81.60, हेमंत सैनी 81.40, मोहम्मद समीर चोपदार 81.20, मोहित पायल 81.20, निर्जला



सैनी 80.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। परीक्षा प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय में सुबह 7 से शाम 7 बजे तक चलने वाले गायत्री स्टडी कैंप, साप्ताहिक टेस्ट सीरीज, गुरुजनों के मार्गदर्शन व स्कूल के कठोर अनुशासन व पूरी टीम के पुरुषार्थ को दिया है। वाइस प्रिंसिपल ज्योति दायमा ने बताया कि मुख्य अतिथि ताराचंद विरोल ने टॉपर्स विद्यार्थियों और अभिभावकों को माला, साफा पहनाकर तथा मिठाइयां खिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुरली मनोहर चोपदार, करणी सिंह रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार दायमा ने की।

### जय मां सरस्वती विद्या सदन सी. से. स्कूल

## कक्षा 12 के विज्ञान संकाय का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम



**बस्सी।** नगर पालिका के नन्द विहार कॉलोनी स्थित जय मां सरस्वती विद्या सदन सी. से. स्कूल के कक्षा 12 का विज्ञान संकाय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

संस्था निदेशक के.एम. जांगिड़ ने बताया कि छात्र अमन उपाध्याय पुत्र दिनेश चंद्र उपाध्याय निवासी राजपुरा उस्ता ने 97 फीसदी अंक प्राप्त कर बस्सी तहसील के हिंदी माध्यम विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोहिताश मीणा पुत्र नरसी लाल मीणा निवासी टूटीयावास ने 95.60 प्रतिशत अंक, विष्णु मीणा पुत्र कजोड़मल मीणा निवासी चैनपुरा ने 94.60, मोहित कुमार मीणा पुत्र लक्ष्मीनारायण मीणा निवासी मनोहरपुरा ने 93, करीना सैनी पुत्री मुकेश कुमार माली निवासी मोहनपुरा ने 93, अनिल बैरवा पुत्र मदनलाल बैरवा निवासी पोतली ने 92.80, करण मीणा पुत्री कजोड़मल मीणा निवासी श्यामपुरा ने 92.80, आर्यन जांगिड़ पुत्र बाबूलाल जांगिड़ निवासी गढ़ ने 92 ,देवांशु पुत्र नरेंद्र टेलर निवासी बस्सी ने 91.20, निशा मीना पुत्री बालूराम मीणा निवासी भावसर ईशरवाला ने 91, वेदांशु उपाध्याय पुत्र राजेश कुमार शर्मा निवासी सुजानपुरा ने 90.60, जीनल प्रजापत पुत्री महेश प्रजापत निवासी देवगांव मोड ने 90.20 फीसदी अंक अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक जांगिड़ ने बताया कि कुल 121 विद्यार्थियों में से 120 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। 12 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

## धनाऊ की लक्की लाइब्रेरी में किया विद्यार्थियों का बहुमान



**धनाऊ।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में धनाऊ पीएम श्री सीनियर स्कूल की केशी नेहरा ने 92 फीसदी, धनाऊ के ईटादा सीनियर स्कूल के मांगीलाल बालाच ने 91 फीसदी और ईटादा की सुशीला कुमारी ने विज्ञान वर्ग से 85 फीसदी अंक प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है। धनाऊ के लक्की लाइब्रेरी में शुक्रवार को विद्यार्थियों का सम्मान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## भूणिया के किसान पुत्र नरेश के आट्र्स में 98 फीसदी अंक

**बाड़मेर।** धनाऊ तहसील मुख्यालय स्थित राउमावि भूणिया के छात्र नरेश कुमार ने



आट्र्स में 98 फीसदी अंक हासिल किए हैं। नरेश ने 500 में से 490 अंक हासिल कर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। किसान पिता के बेटे ने सरकारी विद्यालय में पढ़कर इतिहास रचा है।

# पीएम श्री में टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### टॉपर तनिषा कुमावत को हवाई यात्रा करवाएंगे प्रधानाचार्य

**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 के टॉपर्स 29 विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमाधोपुर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा तथा एसडीएमसी सदस्य रोशनलाल बिजारनिया, सत्यनारायण खाण्डल, दीपेन्द्र योगी व स्टाफ सहित अभिभावक मौजूद रहे।

विद्यालय में सम्मानित होने वाले में तनीषा कुमावत 94.40 प्रतिशत, शुभम सैनी 93.20 प्रतिशत, शिवम शर्मा 91, संदीप कुमार रेगर 90.60, कन्हैयालाल सैनी 89.20, मनीष जांगिड़ 89.20, वैष्णवी शर्मा 89.20, पवन कुमावत 88.80, ललिता कुमारी 88, पायल सैनी 86.60, निखिल सैनी 86, सीमा चौधरी 86, अस्मिता कंवर 85.80, सोनम कुमारी 84.60, शुभम वर्मा 84.40, विजेंद्र कुमार पालीवाल 84, रामनिवास 83.40, खुशबू सैनी 83.40, आस्तिक तिवारी 83, कुलदीप सामोता 82.40, कुणाल जांगिड़ 81.60, पायल कलवानिया 81.40, कोमल सैनी 80.80,



मनीषा सैनी 80.80, हर्षित रोहिल्ला 80.60, समर सैनी 80.40, राघव तिवारी 80, रिहान कुरेशी 80 प्रतिशत एवं मनोज यादव के 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर साफा, माला पहनाकर व पेन, डायरी देकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि वे टॉपर तनिषा कुमावत को अपने खर्चे से हवाई यात्रा करवाएंगे।

## सुजानगढ़ ब्लॉक में सरकारी स्कूलों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

### पीएमश्री राजकीय कनोई बालिका में दस बालिकाओं के 90 प्रतिशत से अधिक अंक

**सुजानगढ़।** सुजानगढ़ ब्लॉक में इस बार 12वीं कक्षा के तीनों संकायों में सरकारी स्कूलों का परिणाम शानदार रहा है। पीएमश्री राजकीय कनोई बालिका स्कूल में शुक्रवार को होनहार छात्राओं का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। प्रिंसिपल सरोजवीर पूनिया ने बताया कि बारहवीं बोर्ड के कला वर्ग में तारा जानू ने 97.20 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग में टीना प्रजापत ने 94.40 प्रतिशत व कॉमर्स में कोमल सोनी ने 93.20 अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर रहने वाली सभी छात्राओं को 3100 रुपए की राशि व




प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्कूल की अन्य प्रतिभाओं में पायल दायमा को 95.20 प्रतिशत, महक जांगिड़ को 94.60, माधवी शर्मा को 92, हेमलता जांगिड़ 94.20, अंतिमा प्रजापत 91.00, शालिनी को 92.00 प्रतिशत अंक लाने पर 1100 रुपए नगद देकर सम्मानित किया गया। समारोह में चैनप्रकाश प्रजापत, अंबिका स्वामी, सरिता सारण, सरोज नारनौलिया, नानूराम मेघवाल, अजय धारू सहित अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। संचालन पिंकी सोनी ने किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का किया स्वागत



महानगर संवाददाता

**अजमेर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का शुक्रवार सुबह जयपुर से जोधपुर जाते समय तबीजी के पास स्थानीय कांग्रेसजनों ने साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। अशोक गहलोत ने ग्राम तबीजी में रुककर मनरेगा में काम से लौट रही महिलाओं से उनका हालचाल पूछा तथा मनरेगा के तहत हो रहे काम, उनके पैमेंट, परेशानियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ भी गहलोत के साथ रहे। तबीजी के सरपंच राजेंद्र गैना से भी अशोक गहलोत ने मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों व स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। सरपंच गैना के आग्रह पर गहलोत व राठौड़ ने ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर निरीक्षण किया तथा ग्राम पंचायत में चल रही लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे बालक-बालिकाओं से भी बातचीत की। अशोक गहलोत व धर्मेंद्र राठौड़ का शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव पार्षद नौरत गुजर, अजमेर उत्तर ब्लॉक बी के कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल, उत्तर ब्लॉक ए के ब्लॉक अध्यक्ष वाहिद मोहम्मद, पूर्व पार्षद सर्वेश पारीक, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष आरिफ खान व विकास चौहान, मंडल अध्यक्ष गणेश चौहान आदि ने स्वागत किया।

## नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक अमित जैन ने संभाला कार्यभार

महानगर संवाददाता

**बालोतरा।** जिले में कानून व्यवस्था की कमान अब नए पुलिस अधीक्षक अमित जैन के हाथों में आ गई है।



गुरुवार को उन्होंने आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। अमित जैन इससे पूर्व जोधपुर आयुक्तालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे और अब उन्हें बालोतरा पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर बालोतरा पुलिस लाइन व थाने में विशेष तैयारियां की गई थीं। जैसे ही अमित जैन कार्यालय पहुंचे, पुलिस कर्मियों ने उनका स्वागत किया।

नई जिम्मेदारी को लेकर एसपी जैन ने कहा कि वे बालोतरा की कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनता की सुरक्षा, अपराध पर नियंत्रण और पुलिस की जवाबदेही उनकी प्राथमिकताएं होंगी।



### पूर्व एसपी हरिशंकर को दी गई भावुक विदाई

वहीं, बालोतरा के पूर्व पुलिस अधीक्षक हरिशंकर का स्थानांतरण हनुमानगढ़ कर दिया गया है। उनके विदाई समारोह में भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। पुलिसकर्मियों ने उन्हें कंधों पर उठाकर गाड़ी तक पहुंचाया और पूरे सम्मान के साथ विदा किया। विदाई के समय कई पुलिसकर्मियों की आंखें नम हो गईं। हरिशंकर की उनके सेवा कार्यकाल के दौरान अपराध नियंत्रण, अनुशासन, और जनसंपर्क को लेकर खूब सराहाना की गई।

## नवलगढ़ में निशुल्क मधुमेह आयुर्वेदिक शिविर आज

**नवलगढ़ (मसं)।** कस्बे के जांगिड़ हॉस्पिटल में भारतीय सेवा समाज के संस्थापक स्वामी कृष्णानंद महाराज की प्रेरणा से शारदा क्रोपकेम मुंबई के आर्थिक संयोजक, सामाजिक विकास हेरिटेज एण्ड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउण्डेशन द्वारा, अलायंस क्लब लार्ड कृष्णा व रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान चिड़ावा के सहयोग से 130वां निशुल्क दमा, गठिया, मधुमेह, बुखार, खाज खुजली, पथरी, लीवर सम्बन्धी रोगों का आयुर्वेदिक शिविर शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में दिल्ली के डॉ. जोगेन्दर सिंह जांच कर आयुर्वेदिक दवाइयां देंगे। डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि यह शिविर आयुर्वेदिक इलाज करवाने वालों के लिए वरदान सिद्ध होगा।

## दुष्कर्म पीड़िता को आर्थिक सहायता के लिए युवा बंजारा सेना ने सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता

**सीकर।** गत दो दिवस पहले सीकर के गोकुलपुरा ग्राम में दुष्कर्म का शिकार हुई बंजारा समाज की 9 वर्षीय बालिका को आर्थिक सहायता एवं मुआवजे की मांग को लेकर बंजारा समाज ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। हालांकि पुलिस की तत्परता व सूझबूझ से अपराधी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था।



घटना के बाद शुक्रवार को सीकर बंजारा समाज के लोगों ने युवा बंजारा सेना संगठन की ओर से सीकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया कि पीड़ित बालिका का परिवार कोटा से सीकर मजदूरी करने के लिए आया हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय है। इस प्रकरण को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और जनमानस में घटना के प्रति संवेदनात्मक रवैया है। इसलिए प्रशासन से आग्रह है कि परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए, वहीं अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। कलेक्टर ने पीड़िता परिवार और बंजारा समाज के लोगों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपते समय युवा बंजारा सेना के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर बंजारा, ओमप्रकाश बंजारा, वकील बंजारा, अंतराम, मदन लाल, लालचंद, कन्हैया लाल आदि उपस्थित रहे।

## 'सरकार की योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को कराएं लाभान्वित'

महानगर संवाददाता

**अलवर।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव स्मृति सहारण ने जिला परिषद सभागार में बैठक लेकर कृषि, पशुपालन, राजीविका एवं जिले के विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय समन्वय स्थापित कर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही



एनआरएलएम योजना का लाभ ग्रामीण विकास परिक्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को दिया जाए, ताकि उनको आजीविका संवर्धन में सहायता मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजना से वंचित व पात्र व्यक्तियों को जोड़कर उन्हें योजनाओं से लाभांवित कराएं। इस दौरान जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, डीपीएम राजीविका रेखारानी व्यास सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष का जिला कारागृह का दौरा

# मासिक निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार देवेन्द्र दीक्षित, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर द्वारा शुक्रवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान देवेन्द्र दीक्षित ने कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई आदि के बारे में जांच की। वहीं जेलर महावीर प्रसाद मीना से कारागृह में बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं आदि के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने



मुकदमों की पैरवी के लिए अधिवक्ता की उपलब्धता आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना। बंदियों ने उन्हें प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं बताई। साथ ही प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को प्राप्त विधिक सहायता एवं जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में पूछताछ की गई। इस दौरान कुल 91 बंदी उपस्थित पाए गए। देवेन्द्र दीक्षित ने बंदियों को साइबर अपराध, चोरी, लूट, हत्या एवं हत्या के प्रयास तथा अन्य अपराधों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बंदियों को उपलब्ध निशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में अवगत करवाया। साथ ही उनके कानूनी अधिकारों, बंदियों के कल्याण की योजनाओं, नालसा पोर्टल एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राधेश्याम जोगी, डॉ. मनोज गर्ग एवं कारागृह स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

### निरीक्षण के दौरान बंदियों से ली सुविधाओं की जानकारी

**सीकर।** राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सीकर एवं शालिनी गोयल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर ने शुक्रवार को जिला कारागृह, सीकर का निरीक्षण किया। अध्यक्ष एवं सचिव ने कारागृह में निरुद्ध बंदियों को विधिक जानकारी प्रदान की एवं जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को मिलने वाले भोजन, चिकित्सा, साफ-सफाई आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कारागृह में निरुद्ध बंदीगण को निशुल्क विधिक सहायता व जरिए वीसी बयान करवाने तथा धारा



479 बीएनएसएस के तहत जमानत का लाभ प्राप्त करने के संबंध में विधिक जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के समय कारागृह अधीक्षक इन्द्र कुमार, उपाधीक्षक रामकिशन एवं बृजेन्द्र सिंह रूलानियां, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, सीकर मय कारागृह स्टॉफ उपस्थित रहे

## नानी बाई रो मायरो : सांवरिया सेठ ने भरा छप्पन करोड़ का मायरा



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** झोटवाड़ा रोड स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में श्याम कीर्तन मंडल के तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा का शुक्रवार को समापन हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी और नरसी भगत की सरस लीला का श्रवण किया। व्यास पीठ से पं. उमेश व्यास ने राम नाम, तुलसी और एकादशी के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि मीराबाई, करमा बाई, शबरी, कालिदास, सूरदास, धन्ना भक्त, नामदेव, रविदास ने जीवनभर श्रद्धा और अटल विश्वास के साथ भगवान की भक्ति करते हुए अपना नाम अमर कर लिया। उन्होंने कहा कि भगवान के चरित्र को गाने से भक्त प्रसन्न होते हैं ऐसे ही भक्तों के चरित्र गाने से भगवान प्रसन्न होते हैं। हर जीव में परमात्मा का वास होता है चाहे वह पशु, पक्षी या मनुष्य हो।

हर जीव में परमात्मा का दर्शन करने वाले का कल्याण निश्चित है। एक अन्य प्रसंग में उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा सर्वोपरि है। मंदिर में मूर्ति लगी होती है उसका निर्माण हम लोग करते हैं लेकिन माता-पिता वह मूर्ति होती है जिन्होंने हमारा निर्माण किया है। समाजसेवी चेतन अग्रवाल ने ठाकुरजी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की। श्याम कीर्तन मंडल की अनिता पोद्दार, रीमा अग्रवाल ने भक्तों का आभार व्यक्त किया।

## राजीव गांधी को देश भक्ति गीतों के माध्यम से दी श्रद्धांजलि



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर राजीव गांधी फाउंडेशन की ओर से स्वेज फार्म सोडाला स्थित हीरा वैली रिसॉर्ट में देश भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। राजीव गांधी फाउंडेशन जयपुर के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम आयोजक भवानी शंकर माली ने बताया कि गत 14 वर्षों से बलिदान दिवस पर देशभक्ति संगीत के माध्यम से राजीव गांधी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। संगीत संध्या में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिरकत कर राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। गायक कलाकारों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। जयपुर शहर अध्यक्ष आर आर तिवारी ने कहा कि भारत के इतिहास में सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में वोट का अधिकार दिया था। भारत में कंम्प्यूटर क्रांति लेकर आए।

कार्यक्रम में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक रफीक खान, पूर्व चेयरमैन राजीव अरोड़ा, पवन गोदारा, खानू खां बुदवाली, पप्पू लाल प्रजापति, राम सहाय बाजिया, संजय बापना, गिरिराज गर्ग, हुकम सिंह कश्यप, ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव, प्रदेश संयोजक ताराचंद गहलोत, धर्म सिंघानिया, संजय बाहेती सहित जयपुर शहर कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, पार्षद गण सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कंप्यूटर शिक्षा को प्रभावशाली बनाने की दी जानकारी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जयपुर में आरकेसीएल की सर्विस प्रोवाइडर ईटीएच लिमिटेड की ओर से आईटी ज्ञान केन्दों का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

आरकेसीएल के एमडी रवींद्र शुक्ला, बिजनेस हेड अभय शंकर, रीजनल मैनेजर विशाल चक्रवर्ती, ईटीएच बीडीएम विष्णु शर्मा ने राजस्थान के 10 जिलों से आए आईटी ज्ञान केद्र संचालकों को आरएससीआईटी कंप्यूटर कोर्स को और अधिक गुणवत्ता एवं प्रभावशाली बनाने, राजस्थान में कंप्यूटर शिक्षा को अधिक बढ़ाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राजस्थान में आईटी लिटरेसी प्रोगाम को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित कर पुरस्कृत किया गया।

### मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, श्री हरि विष्णु की हुई विशेष पूजा-अर्चना

# अपरा एकादशी पर ठाकुरजी ने राधारानी संग किया जल विहार

महानगर संवाददाता

जयपुर। ज्येष्ठ कृष्ण माह की अपरा एकादशी पर शुक्रवार को मंदिरों में श्री हरि विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना हुई। वैष्णव मंदिरों में ठाकुरजी की विशेष झांकी के दर्शन के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। एकादशी पर दिन प्रीति योग, आयुष्मान योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग होने से भक्तिभाव से व्रत रखा। आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में सुबह की मंगला झांकी से रात्रि की शयन झांकी तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह पंचामृत अभिषेक कर ठाकुरजी को लाल रंग की पोशाक धारण कराई गई। गोचारण लीला के आभूषण धारण कराए गए।



दोपहर को जलयात्रा उत्सव मनाया गया। ठाकुरजी सफेद धोती और दुपट्टा में सुगंधित जल के फव्वारों के बीच विराजमान नजर आए। पंद्रह मिनिट की इस विशेष झांकी को दर्शनार्थियों ने मोबाइल में कैद कर लिया। इस मौके पर ठाकुरजी को सागारी लड्डू, फल सहित अन्य शीतल व्यंजनों का भोग लगाया गया। ठाकुरजी की जल विहार के पानी से लोग स्वयं भी भीगे। कई लोग यह जल घर पर भी ले गए। अपरा एकादशी का उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने पूरे दिन अन्न ग्रहण नहीं किया। केवल एक समय सागारी भोजन कर व्रत पूरा किया। घर पर लड्डू गोपाल का भी एकादशी पर विशेष श्रृंगार कर सागारी प्रसादी का भोग लगाया गया। पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथजी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में एकादशी उत्सव मनाया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने यहां भजन कीर्तन किया। चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदरजी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का अभिषेक कर विशेष झांकी सजाई गई। रामगंज बाजार के लाड़लीजी मंदिर में महंत डॉ. संजय गोस्वामी के सान्निध्य में संतों ने प्रभु का नाम कीर्तन किया। इस मौके पर ठाकुरजी को शीतल व्यंजनों का विशेष भोग लगाया गया।

### मालव्य राजयोग-सर्वार्थ सिद्धि योग में शनि जयंती 26 को

# शनि मंदिरों में सजेगी रंगीन बर्फ की झांकी, होगा पंचामृत अभिषेक

## विधायक गोपाल शर्मा ने किया शनि जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की सोमवती अमावस्या पर 26 मई को शनि जयंती मनाई जाएगी। छोटीकाशी के सभी शनि मंदिरों में शनि महाराज का पंचामृत से अभिषेक कर विशेष पूजन किया जाएगा। एमआई रोड स्थित शनिधाम में होने वाले शनि जन्मोत्सव के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने किया। मंदिर महंत मगन गौड़ ने बताया कि सुबह पांच से सवा छह बजे तक शनि महाराज का पंचामृत और तेलाभिषेक किया जाएगा। शाम सवा सात बजे महाआरती के बाद भजन संध्या होगी। इस मौके पर फूल बंगला और बर्फानी झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। उल्लेखनीय है कि हिंदू धर्म में शनि जयंती के पर्व का विशेष महत्व होता है। पंचांग के अनुसार हर वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन शनि जयंती का पर्व मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या तिथि पर न्यायप्रिय, कर्मफलदाता, सूर्यदेव और छाया के पुत्र शनिदेव का जन्म हुआ था। इस बार शनि जयंती पर कई तरह के शुभ योगों का निर्माण होने जा रहा है, जिस कारण से इसका महत्व बढ़ गया है। शनि जयंती के दिन शनिदेव से संबंधित चीजों का दान करने का विशेष महत्व होता है। शनि जयंती के अवसर कुछ राशि वालों पर शनिदेव की विशेष कृपा हो सकती है। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शनि जयंती पर शनिदेव देवगुरु बृहस्पति की राशि मीन में विराजमान रहेंगे। वही इस दिन सूर्य-बुध की युति वृषभ राशि में बनने से बुधादित्य योग बनेगा। सुख और वैभव के कारक ग्रह शुक्र उच्च राशि मीन में होंगे जिस वजह से मालव्य राजयोग का निर्माण होगा। इसके अलावा शनि जयंती पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ त्रिपुष्कर राजयोग का निर्माण होगा।




### उपायों से मिलेगी राहत

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार ज्येष्ठ मास वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण माह माना जाता है। इस दिन भूमि से जुड़े दोषों की निवृत्ति के लिए वैदिक उपचार किए जाते हैं। 29 मार्च को शनि ग्रह कुंभ राशि से मीन राशि में प्रवेश कर चुका है। इसका प्रभाव विभिन्न राशियों पर पड़ रहा है। जिन लोगों की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या, महादशा या अंतर्दशा चल रही है, उनके लिए यह समय महत्वपूर्ण है। अनुकूलता प्राप्त करने के लिए कुछ विशेष उपाय बताए गए हैं। इनमें शनि स्तोत्र, शनि स्तवराज, शनि अष्टक, शनि चालीसा, शनि वज्र पिंजर कवच और महाकाल शनि मृत्युंजय स्तोत्र का पाठ शामिल है। साथ ही शनि से संबंधित वस्तुओं का दान करना भी लाभदायक माना गया है। जन्म कुंडली में यदि शनि की स्थिति निम्न राशि में है, या शनि पापाक्रांत है, तो इन उपायों से विशेष लाभ मिल सकता है। इससे जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और अनुकूल परिस्थितियां बनती हैं।

### एक दिन पूर्व लग जाएगी अमावस्या तिथि

ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि 26 मई को दोपहर 12 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी और जिसका समापन 27 मई को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर खत्म हो जाएगा। उदया तिथि के अनुसार शनि जयंती 27 मई को भी शनि जयंती मनाई जाएगी। शनि जयंती पर मेष, वृषभ, तुला, वृश्चिक, मकर और कुंभ राशि वालों पर शनिदेव की विशेष कृपा बरसेगी। नौकरी-व्यापार में अच्छी सफलता और लाभ शनिदेव दिलाएंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। किस्मत का भरपूर साथ मिलेगा जिससे कोई भी का रुकेंगे नहीं। सुख-सुविधाओं में विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। संतान की तरफ से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विदेश के मामलों में आपको लाभ मिल सकता है।

## श्रीराम कथा में सुनाया लंका दहन प्रसंग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मानसरोवर की पत्रकार कॉलोनी स्थित भास्कर एनक्लेव में नव निर्मित अनोखी धाम के हनुमंत स्वरूप नीम करौली बाबा मंदिर में नौ दिवसीय श्रीराम कथा में व्यासपीठ से श्याम सुंदर व्यास ने शुक्रवार को हनुमानजी द्वारा अशोक वाटिका को उजाड़ने और लंका दहन सहित अन्य प्रसंगों का श्रवण कराया। मुकेश पारीक ने भजनों का श्रवण कराया। अनोखी धाम आयोजन समिति के अध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि 27 मई को नीम करौली बाबा की यशोगाथा का आयोजन किया जाएगा। कोमल अमरावत नीम करौली बाबा की महिमा पर लिखे नए भजनों की प्रस्तुतियां देंगी। कथा वाचक महंत करणी प्रताप सिंह, भजन कलाकार किन्नू बन्ना, कोमल अमरावत भी भजन सुनाएंगे। इसी दिन हवन और भंडारा होगा।

## आज सजेगी नौका विहार झांकी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री सरस निकुंज में एकादशी उत्सव शनिवार को मनाया जाएगा। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी सरकार का पंचामृत अभिषेक कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा। ऋतु फलों और शर्बत का भोग लगाया जाएगा। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि इस मौके पर नौका विहार की झांकी सजाई जाएगी।

# श्याम मंदिरों में हुआ खाटूनरेश का गुणगान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** छोटीकाशी स्थित श्याम प्रभु के सभी मंदिरों में खाटू नरेश का गुणगान किया। अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में श्याम प्रभु का हरित श्रृंगार किया गया।

चौगान स्टेडियम, रामगंज बाजार, जगतपुरा, मानसरोवर, विजयबाड़ी पथ नंबर सात, शास्त्रीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित श्याम मंदिरों में अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर शाम को भजन संध्याओं का आयोजन किया जाएगा।

म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था की ओर से शुक्रवार को अग्रवाल फार्म मानसरोवर सेक्टर 113 के श्रीश्याम पार्क में श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि श्याम प्रभु का दरबार सजाकर फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। महाआरती के साथ अखंड ज्योति प्रज्जवलित करने के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। अनेक भजन गायकों ने श्याम प्रभु का गुणगान किया। श्याम प्रभु का फलों और शीतल व्यंजनों का भोग लगाया गया।



### जप-दान-पुण्य पर रहा जोर

हरि ओम जन सेवा समिति की ओर से विद्याधरनगर क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को दूध का वितरण किया गया। गायत्री महिला मंडल करधनी की ओर से सभी की सद्बुद्धि की कामना के साथ सुबह से शाम तक गायत्री महामंत्र का जाप किया गया। इस दौरान सवा लाख मंत्र जाप किए गए। पिंजरापोल, दुर्गापुरा, ढहर के बालाजी, खोले के हनुमान सहित अन्य गौशालाओं में गायों को चारा और गुड़ खिलाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में भी दान-पुण्य किया।

# मुरलीपुरा-विद्याधरनगर में मौन ऊर्जा रैली आज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन परिसर पर आयोजित होने वाले नए दृष्टिकोण वाले शिविर से पूर्व 24 मई को सुबह और शाम को मौन ऊर्जा यात्रा रैली निकाली जाएगी।

इसमें सन टू ह्यूमन के सदस्य और बड़ी संख्या में साधक शामिल होंगे। संजय माहेश्वरी, अजय मित्तल, कमल सोमानी, नरेंद्र बैद ने शुक्रवार को रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

रैली के माध्यम से लोगों को बीमारियों से बचाने के साथ-साथ जागरूक किया जाएगा। रैली में बच्चे, युवा, महिला-पुरुषों के साथ-साथ हर वर्ग और समाज के लोग शामिल होंगे।

मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि विद्याधर नगर और मुरलीपुरा में आयोजित होने वाली मौन ऊर्जा यात्रा के लिए संकल्पित सभी सदस्य सुबह 6 से 8 बजे तक और शाम को 6 से रात्रि 8 बजे तक जन जागरण का संदेश देंगे।

पुरूष सफेद कुर्ता-पजामा और महिलाएं हल्के कलर की साड़ी और सूट पहनकर शामिल होंगी। पहली मौन ऊर्जा यात्रा शनिवार को सुबह 6 बजे मुरलीपुरा के केडिया पैलेस चौराहे से शुरू होकर विभिन्न रास्तों से होती हुई पुनः केडिया पैलेस पर ही समाप्त होगी। दूसरी ऊर्जा यात्रा शाम को 6 बजे विद्याधरगर के नेशनल हैंडलूम से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई वापस नेशनल हैंडलूम पर आकर समाप्त होगी। सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर 3 से 8 जून तक होने वाले छह दिवसीय नए दृष्टिकोण वाला शिविर के लिए पार्कों में डेमों सेशन का आयोजन भी किया जा रहा है।


# कार्यालय नगर परिषद, सीकर

Add:- संतोषी माता मंदिर के पास, राणी सती रोड, सीकर

**Email:-sikarulb.jaipur@gmail.com**

No. :- ( )/ MCS / STORE/2025-26/2788 Date:– 23/05/25

## निविदा सूचना / 2025-26

नगर परिषद, सीकर द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य की निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यों से संबंधित शर्तें एवं विवरण नगर परिषद कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में एवं पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है। निविदा समय सारणी निम्नानुसार है:–

NIB code- DLB 25264 A 1667

| S.NO. | WORK WISE UBN NO. |
|---|---|
| 1. | DLB 2526GSOB05704 |

| | |
|---|---|
| निविदा जारी तिथि | दिनांक 23.05.2025 |
| निविदा विक्रय प्रारम्भ तिथि | दिनांक 26.05.2025 प्रातः 09:30 बजे से |
| निविदा विक्रय समाप्ति तिथि | दिनांक 26.05.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति तिथि | दिनांक 26.05.2025 दोपहर 02.00 बजे से दोपहर 04.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 26.05.2025 सायं 04.00 बजे से |

( शशिकांत शर्मा )
आयुक्त, नगर परिषद, सीकर


### प्रथम दिन भागवत महात्म्य और धुंधकारी प्रसंग पर प्रवचन

# कलशयात्रा के साथ झोटवाड़ा में श्रीमद्भगवद् कथा का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** निवारू रोड झोटवाड़ा के शक्तिनगर में शुक्रवार को कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। शक्तेश्वर महादेव मंदिर से गाजेबाजे के साथ निकली शोभायात्रा को हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने पूजा-अर्चना कर रवाना किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चल हरी थीं, वहीं पुरुष यजमान के रूप में भागवत पोथी रखकर चल रहे थे। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा आयोजन स्थल पहुंची। यहां मनोज खंडेलवाल, अनिल खंडेलवाल, राजू खंडेलवाल, अमित शर्मा, उपेन्द्र शर्मा एवं अन्य ने व्यासपीठ का पूजन कर आरती उतारी। व्यासपीठ से वृंदावन धाम के सुधीर कृष्ण उपाध्याय महाराज ने दोपहर ढाई से शाम साढ़े छह बजे तक कथा श्रवण कराया। उन्होंने प्रथम दिवस भागवत कथा के महात्म्य के साथ धुंधकारी मोक्ष की कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि भागवत भगवान का वाड्ंगमय स्वरूप है। यदि तराजू के एक पलड़े में भागवत जी और दूसरे पलड़े में सभी ग्रंथों को रख दिया जाए तो भागवत वाला पलड़ा ही भारी रहेगा। जिस प्रकार फूलों का सार शहद, दूध का सार घी है उसी प्रकार समस्त धार्मिक ग्रंथों का सार भागवत है। भागवत जी को तन्मयतापूर्वक श्रवण करना चाहिए। प्रचंड गर्मी को देखते हुए श्रोताओं के लिए कथा पांडाल को ठंडा रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम होने से गर्मी का जरा भी अहसास नहीं हुआ। शनिवार को परीक्षित और शुकदेव आगमन और हिरण्यकश्यप उद्धार की कथा होगी। कथा 29 मई तक प्रतिदिन दोपहर ढाई से शाम साढ़े छह बजे तक होगी।



### आगे इन प्रसंगों पर होगी कथा

25 को कपिल देव आगमन, ध्रुव, प्रहलाद चरित्र की कथा होगी। सुबह साढ़े आठ बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। सोमवार 26 मई को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, बालि-वामन चरित्र, श्रीराम कथा के बाद नंदोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 27 मई को श्री कृष्ण की बाल लीलाएं और गोवर्धन पूजा का प्रसंग होगा। छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। 28 मई को महारास एवं कृष्ण-रुक्मणि विवाह की कथा होगी। गुरुवार 29 मई को सुदामा चरित्र, 24 गुरुओं की कथा, परीक्षित मोक्ष प्रसंग के साथ कथा का विश्राम होगा।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# सैप्टिक टैंक में मौत: हादसा या हत्या!

## कब बंद होगी श्रमिकों से मैला साफ करने की अमानवीय प्रथा

**बीकानेर** शहर के बीछवाल थाना इलाके के करणी नगर औद्योगिक क्षेत्र में हुए एक दुखद हादसे ने एक बार फिर से पुराने ज़ख्मों को ताजा कर दिया है। यहां एक वूलन मिल के सेप्टिक टैंक की सफाई करते हुए तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। इस वूलन मिल में धागे धोने के लिए कई केमिकल्स का इस्तेमाल होता है। यह केमिकल युक्त पानी सेप्टिक टैंक में जमा हो जाता है। सफाई के लिए तीन मजदूर बुलाए गए थे। जब पहला मजदूर टैंक के अंदर गया, तो वह बेहोश हो गया। उसकी मदद करने उसके दो साथी अंदर गए, लेकिन जहरीली गैस के कारण तीनों ही मौत के मुंह में समां गए! यह घटना इसलिए ज्यादा परेशान करने वाली है क्योंकि बीछवाल थाना इलाके में यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हादसा हुआ है। 27 मार्च, 2022 को भी इसी तरह ऊन फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक की सफाई करते वक्त चार मजदूर लालचंद, चोरूलाल नायक, कालूराम वाल्मीकी और किशन बिहारी की दम घुटने से मौत हो गई थी। बार बार ऐसे हादसों से औद्योगिक सुरक्षा और सफाई करने वाले मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल उठ रहे हैं। अब सवाल ये है कि मजदूरों की जान कब तक इस लापरवाही की वजह से जाती रहेगी! यह बेहद कष्टकारी व अमानवीय है कि 21वीं सदी में भी कुछ लोग हाथ से मैला साफ करने के व्यवसाय में लगे हैं। जहां सीवर में उतरते ही मौत उनका इंतजार कर रही होती है। लेकिन कोर्ट और सरकारों की सख्ती जमीन पर नजर नहीं आती। सरकार व स्थानीय निकाय यूं तो सीवर साफ करने के लिए कर्मचारी नहीं रखते, लेकिन ठेकेदारों के जरिए ये काम बदस्तूर जारी है। फलतः सीवर में उतरने से मरने वालों को न तो मुआवजा मिल पाता है और न ही किसी की जवाबदेही तय हो पाती है। यह दुखद ही कि 6 मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग फिर जिंदा नहीं लौट पाए। एक सप्ताह बाद, रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक-दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मौत का शिकार हो गए। 15 मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सैप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। निश्चित रूप से ये अलग-अलग दुर्घटनाएं नहीं हैं बल्कि ये व्यवस्था की विद्रूपता के चलते हुई हत्याएं हैं। जिसके कारक तंत्र की उदासीनता, अवैधता और जातीय विवशता में निहित हैं। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। सुरक्षा उपकरण नदारद रहते हैं। अकसर इसकी जवाबदेही से बचा जाता है। बठिंडा में लोगों के विरोध के बाद एक निजी ठेकेदार के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज जरूर की गई, लेकिन फरीदाबाद और रोहतक में मामला दर्ज होने की कोई खबर नहीं है। यह किसी त्रासदी से कम नहीं है कि एक तरफ भारत चांद के उस हिस्से तक पर पहुंच चुका है जहां दुनिया के दूसरे देश पहुंचे नहीं हैं, वहीं दूसरी तरफ आज भी देश में गटर साफ करते हुए हर साल करीब 70 लोगों की मौत हो जाती है। इंसानों से सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई करवाना बंद करने की सालों से उठ रही मांगों के बावजूद यह अमानवीय काम आज भी जारी है। भारत सरकार ने यह संसद में माना है और बताया है कि इसमें हर साल कई लोगों की जान जा रही है। बीती 22 अक्टूबर को राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर इलाके में सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे 3 मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। टैंक में सफाई के दौरान गंदगी और जहरीली गैस फैलने के कारण उनकी सांसें थम गईं। दरअसल, अक्सर सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर इन ठेकेदारों को काम कौन सौंपता है! निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाईकर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती! नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। दुर्भाग्य से इन हादसों का स्याह पक्ष जातीय विद्रूपता भी है। अधिकांश सफाई कर्मचारी समाज में हाशिए पर पड़े समुदायों से आते हैं। सफाई जैसा महत्वपूर्ण काम करने के बावजूद उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। सीवर सफाई के लिए जेटिंग मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम क्यों नहीं टूटता! कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है। न्यायपालिका सख्ती से इसे रोकने को कहती है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है। किसी सफाईकर्मी के मरने पर कुछ समय तो हो-हल्ला होता है, मगर फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। वक्त की दरकार है कि नगर निकायों को इन हादसों के लिए सीधे जवाबदेह बनाया जाए। सीवर की सफाई से जुड़ी मौत के लिए स्वतः कानूनी कार्रवाई, तत्काल मुआवजा और विभागीय कार्रवाई की जाए। मानवीय श्रम की जगह तकनीक के उपयोग से बहुमूल्य जीवन को बचाया जाना चाहिए। ये काम सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे। बदलाव व्यवहार में भी नजर आए। हमारे कानून को ठीक से लागू न कर पाने से किसी की दर्दनाक मौत नहीं होनी चाहिए। सीवर कर्मियों की मौत पर रोते-बिलखते और असहाय परिवारों का अंतहीन दर्द अब खत्म होना ही चाहिए। दुर्भाग्य से परिवार के कमाने वाले व्यक्ति के मर जाने के बाद उसके परिवार व बच्चों की परवरिश की कोई व्यवस्था नहीं होती। उन्हें मुआवजा देने से भी ठेकेदार बच जाते हैं। ऐसे परिवारों के पुनर्वास को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए।



**यह किसी त्रासदी से कम नहीं है कि एक तरफ भारत चांद के उस हिस्से पर पहुंच चुका है जहां दुनिया के दूसरे देश पहुंचे नहीं हैं, वहीं दूसरी तरफ आज भी देश में गटर साफ करते हुए हर साल करीब 70 लोगों की मौत हो जाती है। यह अमानवीय काम आज भी जारी है। भारत सरकार ने यह संसद में माना है कि इसमें हर साल कई लोगों की जान जा रही है। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है। न्यायपालिका सख्ती से इसे रोकने को कहती है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है।**

# युद्ध काल में लक्ष्मणरेखा लांघता विपक्ष

**मृत्युंजय दीक्षित**

**पहलगाम** में 22 अप्रेल, 2025 को हुए क्रूर आतंकी हमले की सूचना मिलते ही गृह मंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंच गए, प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरा बीच में ही रोक कर वापस आए, एअरपोर्ट पर ही संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की, और अगले ही दिन आतंकियों और उनके पीछे पीछे शत्रुओं को ऐसा दंड देने की घोषणा की जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। इसके बाद सरकार के सभी अंग अपने अपने काम पर लग गए और विपक्ष सरकार का उपहास उड़ाने में। सरकार ने पहले बड़े कूटनीतिक निर्णय लेते हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित किया फिर पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च हुआ, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तथा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किए गए जिनमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने या नागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया और स्पष्ट किया कि उसकी कार्रवाई केवल आतंक के विरुद्ध है किन्तु पाकिस्तानी सेना फिर भी बीच में कूद पड़ी और भारत के सैन्य तथा नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान में तबाही का मंजर देखा गया और फिर अचानक सीज फायर हो गया। इसके पश्चात् प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि यह युद्ध विराम नहीं मात्र स्थगन है, ऑपरेशन सिंदूर जारी है। वर्तमान में भारत के सर्वदलीय सांसद समूह विश्व के अलग अलग देशों में भारत का पक्ष रखने पहुंचे हुए हैं।

विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है। ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च होने से पूर्व, सीज फायर की घोषणा और फिर संसदीय दलों की सूची बनने तक राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के नेता जिस प्रकार की बयानबाजी, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वास्तव में इन दलों द्वारा आपदकाल में एकजुट रहने की बात करना एक कोरा दिखावा मात्र है। कांग्रेस ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी की बिना सिर की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की और उसके ऊपर गायब लिखा, सोशल मीडिया पर हुए भारी विरोध के बाद भी कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की हेड उसका बचाव करती रहीं लेकिन बाद में मजबूरन उनको वह पोस्ट हटाना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने राफेल का उपहास उड़ाया। कुछ विरोधियों ने तो दो कदम आगे बढ़कर इसे चुनावी स्टंट तक बता दिया। ये लोग लगातार प्रधानमंत्री के मीम सोशल मीडिया पर डालते रहे। विमर्श बदलने और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इन्होंने पहलगाम की घटना को हल्का करने और इस सत्य पर चूना पोतने का प्रयास किया कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर केवल हिंदू पुरुषों को मारा। मीडिया बहसों के दौरान किसी भी विरोधी दल के प्रवक्ता ने यह नहीं कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर मारा है अपितु वह सभी लोग यही कहते रहे कि आतंकवादियों ने कुछ निर्दोष लोगों को मार दिया। साथ ही मुस्लिम परस्त विरोधी दलों के नेता लगातार ये कहने लगे कि किसी एक के आतंकवादी होने से पूरी कौम को आतंकी नहीं कह सकते जबकि उस समय यह विषय ही चर्चा करने का नहीं था। ऑपरेशन सिंदूर स्थगन के बाद से राहुल गांधी व इंडी गठबंधन के नेता व प्रवक्ता सरकार के विरोध



की लक्ष्मण रेखा लांघ कर उसे राष्ट्र विरोध में बदल रहे है। राहुल गांधी, इंडी गठबंधन व उनके प्रवक्ता मीडिया के सामने जो प्रश्न कर रहे हैं वो पाकिस्तान व आतंकवादियों के लिए कवर फायर देने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व उत्तर प्रदेश के स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोगों को ऑपरेशन सिंदूर एक छुटपुट घटना लग रही है। इन लोगों के अनुसार यह ऑपरेशन 24 घंटे में ही फुस्स हो गया। कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पाकिस्तान प्रेम तो अद्भुत ही रहा, उनका कहना है कि 'अपने पाकिस्तान' से युद्ध चल रहा है। राहुल गांधी व इंडी गठबंधन ने आज तक ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा नहीं की है अपितु वह पूछ रहे हैं कि इस ऑपरेशन में हमने कितने पायलट खो दिए हैं, हमारे कितने विमान नष्ट हुए। कांग्रेस प्रवक्ता दो हाथ आगे जाकर ऑपरेशन सिंदूर को सौदा बता रहे हैं। विपक्ष उसी तरह से बौखलाया दिख रहा है जिस तरह से पाकिस्तान। अब जबकि अभी ऑपरेशन सिंदूर का एक छोटा सा चक्र ही पूरा हुआ है राहुल गांधी और अन्य विपक्ष विदेश मंत्री के बयान को तोड़ मरोड़ कर उनके पीछे पड़ गया है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा हैं, सुनियोजित तरीके से सीजफायर के मामले पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का झूठ फैला रहा है। जब अमेरिका ने पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर हमला किया था तब अमेरिका ने भी पाकिस्तान को पूर्व में ही सूचित कर दिया था यह एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का अहम हिस्सा है और भारत ने भी उसी नियम का पालन किया है किंतु पता नही क्यों राहुल गांधी को इस पर भी राजनीति करनी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेश मामलों के विशेषज्ञ हैं, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता उनको 'मुखबिर' कह रहे हैं।

राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी ने उरी से लेकर पुलवामा और पहलगाम तक हर घटना पर संदेह व्यक्त किया है और कभी भी पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नहीं बोली। इतना ही नहीं इन्होने पुलवामा के बाद हुई एयर स्ट्राइक का सबूत भी मांगा। वर्तमान कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के शिकंजे में जा चुकी है। आज वो लोग सरकार व सेना पर सवाल उठा रहे हैं जिनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के कारण आज आतंकवाद व आतंकवादी नासूर बन गए हैं। वो लोग सवाल उठा रहे हैं जिनके रहते कश्मीर घाटी में हिंदुओं के साथ 1980- 90 के दशकों में खून की होली खेली गई और कश्मीर घाटी हिंदुओं से विहीन कर दी गई। इन सभी दलों को 2004 से 2014 तक का काला दौर याद रखना चाहिए जब देश का कोई भी कोना आतंकवादी हमलों से नहीं बच पा रहा था किंतु आज स्थिति एकदम उलट गई है। कांग्रेस के मूर्धन्य लोगों को यह बताना ही होगा कि इन लोगों ने मुंबई बम धमाकों के बाद क्या किया था?

राहुल गांधी की बयानबाजी से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह पाकिस्तान और चीन के लिए जासूसी कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से घायल पाकिस्तान ये जानना चाहता है कि ऑपरेशन सिंदूर से हमें तो नुकसान हुआ किंतु क्या भारत को भी नुकसान हुआ यदि हां तो कितना? अब राहुल गांधी इसी काम में लगे हैं। यदि राहुल गांधी को सेना पर भी विश्वास होता तो इन्होंने डीजीएमओ की प्रेस वार्ताएं सुनी होतीं जिनमें भारतीय पक्ष को विस्तार से समझाया गया था किन्तु निजी स्वार्थ की राजनीति सेकने वाले इन लोगों को मुस्लिम वोट बैंक के आगे कुछ और दिखाई नहीं देता। राहुल गांधी भारत में विपक्ष के नेता हैं और वह जो भी बोलते हैं उसे पाकिस्तान में अवश्य सुना जाता है। राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी इतनी विचारशून्य हो चुकी है कि इसने भारत सरकार का पक्ष उचित रूप से रखने पर अपने ही नेता शशि थरूर का अपमान करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल में शामिल किए जाने पर कांग्रेस ने अपने योग्य, विदेश मामलों के जानकार तथा अनुभवी सांसद को लेकर ही बवाल मचा दिया। पूरे घटनाक्रम से यह बात स्पष्ट हो गई है जल्दी ही कांग्रेस दो भागों में विभाजित दिखाई देगी जिसमें जिसमें एक गुट देशहित में सोचने वाले नेताओं का होगा और दूसरा डीप स्टेट समर्थित राहुल गांधी परिवार का।

# थरूर के नाम पर कांग्रेस का अपरिपक्व रवैया

**रशीद किदवई**

**आतंकवाद** के मसले पर पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करने के मकसद से केंद्र सरकार ने अलग-अलग देशों में सात ऑल पार्टी डेलीगेशन भेजे हैं। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण विडंबना यह रही कि जहां हम एक तरफ यह बताने जा रहे हैं कि इस पूरे मसले पर भारत हर तरह से एकजुट है, वहीं घरेलू मोर्चे पर इसको लेकर सियासत भी शुरू हो गई। यह सारा विवाद दरअसल तब पैदा हुआ, जब सरकार ने इन प्रतिनिधिमंडलों में शामिल करने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों से उनकी पसंद के नाम मांगे। कांग्रेस ने अपनी ओर से जो चार नाम दिए, उनमें से केवल एक आनंद शर्मा को इनमें शामिल किया गया है। अन्य तीन नाम- गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार की अनदेखी कर दी गई। आमतौर पर जब विदेश में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे जाते हैं, तब सत्तारूढ़ दल विपक्षी पार्टियों से जो नाम मांगता है, उनमें से 50 से 75 फीसदी तक नाम शामिल भी कर लिए जाते हैं या पारस्परिक चर्चा कर अन्य नामों पर सहमति बना ली जाती है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ।

बड़ा विवाद शशि थरूर के नाम पर हुआ, जिन्हें सरकार ने अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल की कमान सौंपी है। दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस ने शशि थरूर का नाम आगे नहीं बढ़ाया था। लेकिन सरकार ने न सिर्फ उन्हें प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया, बल्कि उन्हें महत्व भी दिया। दरअसल शशि थरूर को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच पहले से ही एक तरह से रस्साकशी का खेल चल रहा है। थरूर ने कई मुद्दों पर सरकार का समर्थन किया, जो कांग्रेस को अखरा है। हालांकि कई लोगों का मानना है कि इस मामले में सियासत को बीच में नहीं लाना चाहिए था।

पहली नजर में देखें, तो यहां कांग्रेस की ही अपरिपक्वता नजर आती है। इतने महत्वपूर्ण अवसर पर भी वह अपनी अंदरूनी राजनीति और उठापटक से बच नहीं पाई। बेशक, पिछले कुछ अर्से से कांग्रेस आलाकमान के साथ शशि थरूर के रिश्ते सौहार्दपूर्ण नहीं चल रहे हैं। इसके बावजूद थरूर हर मायने में कांग्रेस की सूची में शामिल किए जाने के योग्य थे। अपेक्षा भी यही की जा रही थी कि कांग्रेस की सूची में उनका नाम तो होगा ही। वह विदेश नीति मामलों के बड़े जानकार हैं। विदेशी मामलों में संसद की स्थाई समिति के वह अध्यक्ष भी हैं। संयुक्त राष्ट्र में काम करने का उन्हें अच्छा-खासा तजुर्बा रहा है। दुनिया को देखने-समझने की उनकी अपनी पैनी नजर रही है। सरकार को सौंपी गई सूची में उन्हें शामिल करने से कांग्रेस का ही मान-सम्मान बढ़ता।

इनके अलावा एक और बड़ा नाम हैं, जिन्हें सरकार ने अपने प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। वह कांग्रेस के दिग्गज नेता सलमान खुर्शीद हैं। वह विदेश मंत्री रह चुके हैं और एक बड़ा मुस्लिम चेहरा भी हैं। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से यह नाम भी कांग्रेस की सूची से नदारद था। गौरतलब है कि फरवरी, 1994 में पाकिस्तान ने इस्लामी देशों के समूह 'ओआइसी' के जरिए



संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में कश्मीर को लेकर एक प्रस्ताव रखा था। उसका जवाब देने के लिए नरसिंह राव सरकार ने तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में जो प्रतिनिधिमंडल भेजा था, उसमें सरकार की ओर से सलमान खुर्शीद भी शामिल थे। खुर्शीद उस समय विदेश राज्य मंत्री थे। वाजपेयी और खुर्शीद ने मिलकर पाकिस्तान के नापाक इरादों की धज्जियां उड़ा दी थीं। उस सफल अभियान के बाद वाजपेयी और खुर्शीद की खुशी से गले मिलती तस्वीर आज भी पुराने लोगों को रोमांचित कर देती है। लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस स्वयं खुर्शीद का नाम प्रस्तावित करने से भूल गई या चूक गई।

हालांकि सरकार ने उन्हें प्रतिनिधिमंडल में शामिल करके ठीक ही किया। क्या यह बेहतर नहीं होता कि कांग्रेस स्वयं अपनी ओर से यह कहती कि उनकी पूरी पार्टी खुली है, सरकार जिसे चाहे, उसे देश का पक्ष रखने के लिए प्रतिनिधिमंडलों में शामिल कर सकती है। कांग्रेस ने आखिर यह दुराग्रह क्यों पाला कि उसकी पार्टी के किसी नेता को शामिल करने से पहले सरकार को उससे पूछना चाहिए? जब नरसिंह राव सरकार ने वाजपेयी को प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करने का जिम्मा सौंपा था, तब वाजपेयी ने अपनी पार्टी की ओर नहीं देखा था। उन्होंने उसे राष्ट्र के प्रति अपना पुनीत दायित्व समझते हुए सहर्ष सहमति दी थी। पार्टी ने भी उसे कोई मुद्दा नहीं बनाया था। वैसे ही व्यवहार की अपेक्षा इस बार कांग्रेस से थी। लेकिन यहीं मौजूदा सरकार ने भी एक गलती यह की कि उसने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को शामिल करने की पहल नहीं की। शायद गांधी परिवार को लेकर उसके पूर्वाग्रह आड़े आ गए। अगर सरकार उनका नाम प्रस्तावित करती, तो न केवल उसकी प्रतिष्ठा बढ़ती, बल्कि एक सटीक संदेश जाता कि राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रहित के मसलों पर सरकार तुच्छ सियासी गुणा-भाग की परवाह नहीं करती है। शायद यह और भी बेहतर होता कि स्वयं राहुल गांधी ही आगे बढ़कर कहते कि अगर सरकार चाहे, तो वह देश का पक्ष रखने के लिए तैयार हैं। किसी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई नेता प्रतिपक्ष द्वारा किए जाने से भारत का प्रभाव ही बढ़ता।

कुल मिलाकर, दोनों ही पक्षों की ओर से कहीं न कहीं खुलेपन का अभाव नजर आया है। दोनों ही इस मामले में अपना बड़ा दिल नहीं दिखा पाए। यह इस बात का संकेत है कि राजनीतिक दलों के बीच मतभेद अब मनभेद में बदल चुके हैं, जो हमारी राजनीति और देश के लिए शुभ नहीं है। जहां तक इस तरह के प्रतिनिधिमंडलों की बात है, तो बेशक ये प्रतीकात्मक ही होते हैं, लेकिन फिर भी इनका अपना महत्व होता है। इस तरह के प्रतिनिधिमंडल पूरी दुनिया के सामने यह शोकेस करते हैं कि घरेलू मोर्चे पर भले ही हममें कितनी भी कटुता हो, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हम एक हैं और आतंकवाद जैसे मसलों पर एकजुट होकर अपनी बात कहने आए हैं। हमारे सात प्रतिनिधिमंडल दुनिया के 30 से भी ज्यादा देशों में जाएंगे, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे विकसित यूरोपीय देश, सऊदी अरब, यूएई, इंडोनेशिया, मिस्र, कतर, मलेशिया जैसे महत्वपूर्ण मुस्लिम बहुल देश और जापान व दक्षिण कोरिया जैसे मजबूत एशियाई देश शामिल हैं। इन दौरों के दौरान यह बताना हमारा मकसद रहेगा कि आतंकवाद से केवल हम ही पीड़ित नहीं हैं, बल्कि यह पूरी दुनिया की साझा समस्या है और इसलिए इस मुद्दे पर पूरी दुनिया को एकसाथ आना चाहिए। उम्मीद है कि यह अभियान आतंकवाद जैसी वैश्विक समस्या के खिलाफ माहौल बनाने में मददगार साबित होगा।

## राशिफल

**आज दिनांक 24 मई, 2025, शनिवार, विक्रम संवत् 2082, ज्येष्ठ माह, कृष्ण पक्ष द्वादशी, रेवती नक्षत्र, तैतिल करण, आयुष्मान योग, राहुकाल: सुबह 9:05 से 10:44 तक, सूर्योदय सुबह 5:46 बजे, सूर्यास्त सायं 7:01 बजे, चंद्रोदय सुबह 3.07 बजे, चंद्रास्त सायं 4:10 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:57 बजे से 12:50 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:10 से 4:58 बजे तक, चंद्रमा मीन राशि में संचार करेगा।**




आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और जरूरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी। आप किसी की मदद से पैसा कमाने में सफल हो सकते हैं। आपको बस खुद पर विश्वास रखने की जरूरत है। बच्चों की सेहत में सुधार होगा। अपनों का साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर चीजें आपके पक्ष में नजर आ रही हैं।




घर का तनाव आपको मानसिक रूप से परेशान करेगा। आज अपनी जुबान पर काबू रखें, वरना परिवार के किसी सदस्य को ठेस पहुंच सकती है। आज आपके दिमाग में आने वाले पैसे कमाने के नए विचारों का लाभ उठाएं।




आज आपको अज्ञात भय सता सकता है। कार्यस्थल पर किसी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध हो सकती है। किसी बड़ी व्यापारिक डील पर बातचीत करते समय अपनी फीलिंग्स पर कंट्रोल रखें। आर्थिक रूप से आप अच्छे रहने वाले हैं। व्यापार में विस्तार मिल सकता है।




आज आपका दिन आनंददायक रहेगा। किसी भी तरह का मानसिक तनाव आपको परेशान नहीं करेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। धन का आगमन होगा। किसी अच्छे कार्य के लिए धन खर्च करना पड़ सकता है। जीवनसाथी से आज सरप्राइज मिल सकता है।




आज आप लोग अपनी सफलता का स्वाद चख सकते हैं। आज आर्थिक रूप से आप अच्छे रहने वाले हैं। परिवार में खुशियों का आगमन होगा। नौकरी में बदलाव की कोशिश कर रहे लोगों को किसी इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। व्यापारिक रूप से आप अच्छे रहने वाले हैं।




आज आप जीवनसाथी के साथ बातचीत करते समय इमोशनल हो सकते हैं। अत: जज्बातों पर काबू रखें। खर्च की अधिकता आपको परेशान कर सकती है। घरेलू मामलों को सुलझाते समय अपने बौद्धिक चातुर्य से काम लें। आज आपके बॉस आपके काम की तारीफ कर सकते हैं।





आज आपका परिवार खुशियों को एन्जॉय करेगा। हालांकि आपको आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा। कोई सपना भी पूरा हो सकता है। आज आपका मूड अच्छा नहीं होने के कारण जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है।





आज अपने करीबी दोस्तों के साथ समय बिताएं। अपने खर्चों पर काबू रखने की कोशिश करें। आपका स्वभाव घर के माहौल को खुशनुमा बना देगा और उसे अच्छी फीलिंग्स से भर देगा। आज अपने जीवनसाथी या प्रिय व्यक्ति के साथ खुलकर बात करें।




आज आप किसी खास व्यक्ति से अपनी फीलिंग्स को शेयर कर सकते हैं। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में कठिनाई आ सकती है। सचेत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। निवेश से आय में वृद्धि का संकेत हैं। विद्यार्थी अपना काम कल पर टालने से बचें।




मन में निराशा और असंतोष रहेगा। जीवनसाथी की मांगें आपको मानसिक तनाव दे सकती हैं। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध और वाद-विवाद से बचें। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में बदलाव हो सकता है। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।




आज आपकी सेहत अच्छी रहने वाली है। कुछ लोग बिना सोचे-समझे पैसा खर्च कर सकते हैं, जो बाद में उन्हें दिक्कत दे सकता है। परिवार में किसी बुजुर्ग व्यक्ति का स्वास्थ्य कुछ तनाव का कारण बन सकता है। नौकरी में बदलाव के लिए यह समय सही है।




आज काम के दबाव के कारण आपको ऑफिस में अतिरिक्त घंटे काम करना पड़ सकता है। आपकी एनर्जी में कमी रहेगी। पारिवारिक मामलों को सुलझाने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आप अपना समय अपने दिल के करीब लोगों के साथ बिताना चाहेंगे, लेकिन ऐसा नहीं कर पाएंगे। धन के मामले में आप सफलता पाएंगे।

## पंडित जी और नाविक

**प्रेरक प्रसंग**

**गंगा** पार होने के लिए कई लोग एक नौका में बैठे, धीरे-धीरे नौका सवारियों के साथ सामने वाले किनारे की ओर बढ़ रही थी,एक पंडित जी भी उसमें सवार थे। पंडित जी ने नाविक से पूछा 'क्या तुमने भूगोल पढ़ी है?' भोला- भाला नाविक बोला 'भूगोल क्या है इसका मुझे कुछ पता नहीं।' पंडितजी ने पंडिताई का प्रदर्शन करते हुए कहा, 'तुम्हारी पाव भर जिंदगी पानी में गई।'

फिर पंडित जी ने दूसरा प्रश्न किया, 'क्या इतिहास जानते हो? महारानी लक्ष्मीबाई कब और कहां हुई तथा उन्होंने कैसे लड़ाई की?' नाविक ने अपनी अनभिज्ञता जाहिर की तो पंडित जी ने विजयीमुद्रा में कहा 'ये भी नहीं जानते तुम्हारी तो आधी जिंदगी पानी में गई।'

फिर विद्या के मद में पंडित जी ने तीसरा प्रश्न पूछा 'महाभारत का भीष्म-नाविक संवाद या रामायण का केवट और भगवान श्रीराम का संवाद जानते हो?' अनपढ़ नाविक क्या कहे, उसने इशारे में ना कहा, तब पंडित जी मुस्कुराते हुए बोले 'तुम्हारी तो पौनी जिंदगी पानी में गई।'

तभी अचानक गंगा में प्रवाह तीव्र होने लगा। नाविक ने सभी को तूफान की चेतावनी दी, और पंडितजी से पूछा 'नौका तो तूफान में डूब सकती है, क्या आपको तैरना आता है?' पंडित जी घबराहट में बोले 'मुझे तो तैरना-वैरना नहीं आता है?' नाविक ने स्थिति भांपते हुए कहा तब तो समझो आपकी पूरी जिंदगी पानी में गई। कुछ ही देर में नौका पलट गई और पंडित जी बह गए।

**सीख:** मित्रों, विद्या वाद-विवाद के लिए नहीं है और ना ही दूसरों को नीचा दिखाने के लिए है। लेकिन कभी-कभी ज्ञान के अभिमान में कुछ लोग इस बात को भूल जाते हैं और दूसरों का अपमान कर बैठते हैं। याद रखिए शास्त्रों का ज्ञान समस्याओं के समाधान में प्रयोग होना चाहिए शस्त्र बनाकर हिंसा करने के लिए नहीं।

## सुडोकु 2118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 3 | | 1 | | 9 | 8 | |
| 8 | | | | 7 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | 2 | | | | | |
| | | | | | 6 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | 3 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | 2 | 7 | | | | 9 | 8 |
| | | | | | 8 | 1 | | |
| | | | 9 | | | 2 | 7 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 3 |
| 6 | 2 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 2 | 5 | 9 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 8 |

# गायत्री शक्तिपीठ से गेहूं एवं चावलों से भरा ट्रक शांतिकुंज हरिद्वार भेजा



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** गायत्री शक्तिपीठ अजीतगढ़ की ओर से खाद्य सामग्री (चावल एवं गेहूं ) से भरा ट्रक शांतिकुंज हरिद्वार के लिए हरी झंडी दिखाकर वयोवृद्ध गायत्री उपासक घनश्याम पारीक के नेतृत्व में भक्तों ने रवाना किया। इस मौके पर पारीक ने कहा कि शांतिकुंज हरिद्वार स्थित गायत्री शक्तिपीठ के लिए खाद्य-सामग्री भेजने का क्रम कई वर्षों से चला आ रहा है, जिसमें भक्तों, श्रद्धालुओं के सहयोग से सामग्री एकत्रित की जाती है और सीधे ही ट्रक द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार भेजी जाती है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ा सेवा कार्य है, जिसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इस दौरान गायत्री माता मंदिर अजीतगढ़ के व्यवस्थापक गोविन्दनारायण शर्मा, समाजसेवी व्यवसायी पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, जीव सेवा समिति से जुड़े देवेन्द्र सिंह बड़गुर्जर आदि वरिष्ठजन उपस्थित रहे। ट्रक में 207 क्विंटल गेहूं एवं 120 किलो चावल भेजा गया है।

# विज्ञान वर्ग में 97.80 प्रतिशत के साथ बलदेव स्कूल टॉपर



महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल टॉपर विज्ञान वर्ग के मेधावी बलदेव के 97.80 प्रतिशत अंक व स्नेहा, भूमिका कड़वासरा, रितिका, आयुषी, अनुष्का, अमन, यश चौधरी, आशीष, प्रमीला, राहुल कुमार, अजय कुमार, गुंजन, अनुष्का, अमन चौधरी, नमोनारायण मीणा, जिया, प्रेरणा, चेतन रेपस्वाल, प्रियांशु, हिमांशी, धीरज मीणा, कोमल मीणा, रिधि, मनीषा मीणा, अभिजित जांगिड़ को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रांगण में साफा पहनाकर, तिलकार्चन एवं माल्यार्पण कर अभिभावकगण के साथ मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी। सहायक अभियन्ता ज्योति ढूकिया व प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# अभिरुचि शिविर में उत्साह व रुचि से हुनर सीख रही बालिकाएं



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** भारत विकास परिषद् शाखा मानटाउन द्वारा आयोजित दस दिवसीय अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर में बालिकाएं रुचि एवं पूरे उत्साह के साथ विभिन्न प्रकार के कौशल सीख रही हैं, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है। परिषद् की महिला संयोजक मीना उपाध्याय ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीनापुर में संचालित शिविर में स्थानीय क्षेत्र की लगभग 40 बालिकाएं मेहंदी, ढोलक, हेयर कटिंग, ब्यूटी पार्लर, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, मोबाइल रिपेयरिंग सहित विभिन्न प्रकार के कौशल सीख रही हैं। शिविर एवं प्रकल्प प्रभारी बबीता गुप्ता के अनुसार दस दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में अपने-अपने क्षेत्र के विशेष उपलब्धि वाले व्यक्तियों को बुलाकर बालिकाओं को विभिन्न प्रकार के कौशल सिखाए जा रहे हैं। बालिकाओं के उत्साहवर्धन के लिए शिविर में एडीपीसी समसा दिनेश कुमार गुप्ता ने बालिकाओं से प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली।

## स्वर्णकार समाज सेवा समिति की बैठक कल

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्वर्णकार समाज सेवा समिति झुंझुनूं की मासिक बैठक रविवार को होगी। समिति सचिव विश्वनाथ सोनी ने बताया कि समिति अध्यक्ष शिवकुमार तूणगर की अध्यक्षता में वितीय वर्ष 2024-25 का आय व्यय का ब्यौरा रखा जाएगा। नेपालियों के मन्दिर परिसर में सायं साढ़े 5 बजे होने वाली बैठक में आगामी माह के दौरान किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की रूपरेखा तय करने के लिए सभी सदस्यों से विचार-विमर्श किया जाएगा।

# पंजाब बनाम दिल्ली आईपीएल मैच में कुटले खान देंगे प्रस्तुति

महानगर संवाददाता



**जैसलमेर।** बोनाड़ा (जैसलमेर) निवासी ख्यातनाम लोक कलाकार कुटले खान 24 मई को सायं 6.30 बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स के मध्य होने वाले मैच से पूर्व प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में खेल, संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति का समावेशन होगा। कोजु खान शिपा ने बताया कि 28 अप्रेल को राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात जॉइंट्स मुकाबले में कुटले खान की प्रस्तुति नियोजित थी, जो पहलगाम आतंकी हमले के कारण स्थगित हुई थी। अब ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पश्चात सैनिकों के सम्मान में यह प्रस्तुति देंगे। मीडवेल पंडित व कृष काले इस कार्यक्रम में कुटले खान के साथ प्रस्तुति देंगे।



# सिंध के टांडो जाम में सौ साल पुराने शिव मंदिर पर अवैध कब्जा

## अल्पसंख्यक हिन्दुओं ने सरकार से की अतिक्रमण हटाने की मांग

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के जैसलमेर जिले की सरहद से सटे सिंध प्रान्त के टांडो जाम कस्बे में सौ साल पुराने हिन्दू शिव मंदिर की जमीन पर दबंगों ने अतिक्रमण कर लिया। हिन्दू बाहुल्य इस गांव के लोगों ने सिंध सरकार से शिव मंदिर में हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग की है। टांडो जाम हैदराबाद जिले का एक नगर पालिका क्षेत्र है, जो हिन्दू अल्पसंख्यक बाहुल्य कस्बा है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने बताया कि जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा उसके आस-पास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान' के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा, 'मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है, लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आस-पास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है।'

काच्छी ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी करके घटना की जानकारी दी। काच्छी ने कहा कि शिव मंदिर के कामकाज और मंदिर के आस-पास लगभग चार एकड़ जमीन की देखरख का जिम्मा एक समिति के पास था। यह स्थान कराची से लगभग 185 किलोमीटर दूर टांडो जाम कस्बे के पास मूसा खटियन गांव में है। उन्होंने कहा कि मंदिर के ऐतिहासिक महत्व के कारण सिंध विरासत विभाग की एक टीम ने पिछले वर्ष इसका जीर्णोद्धार किया था। उन्होंने बताया कि मंदिर के निकट ही समुदाय के लोगों के अंतिम संस्कार के लिए एक शमशान भी है। मंदिर में प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालु भजन-कीर्तन भी करते हैं।

संगठन प्रमुख ने कहा, 'भू-माफिया ने मंदिर के आस-पास की काफी भूमि पर कब्जा कर लिया है और इसके चारों ओर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।' सिंध में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के कल्याण के लिए कार्य करने वाले और कानूनी सहायता प्रदान करने वाले काच्छी ने पाकिस्तान सरकार से मंदिर के चारों ओर अवैध निर्माण को रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सिंध में कई ऐतिहासिक हिंदू मंदिर हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है।

# झुंझुनूं जिले में तैयार की जाएगी स्थाई कार्य योजना: चौधरी

### जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री ने की जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना की प्रगति की समीक्षा

महानगर संवाददाता



**झुंझुनूं।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शुक्रवार को झुंझुनूं कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना की प्रगति की समीक्षा की और विभागीय कार्यों में और अधिक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में भू-जल मंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले 15 दिवस में बजट घोषणा में जितने भी पेयजल से संबंधित कार्य हैं, उनको स्वीकृत करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में पानी की कमी है, परन्तु पिलानी, बुहाना, सुरजगढ़, उदयपुरवाटी में अधिक समस्या होने के कारण स्थाई कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूजल काफी नीचे जाने से पेयजल संकट ओर अधिक गहरा गया है, जिसके लिए अन्य सोर्स डवलप करने की प्लानिंग की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कुम्भाराम लिफ्ट परियोजना के तहत तीन जिलों के 1200 गांवों को जोडने का कार्य कही जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारम्भ करवाया जाएगा।

भू-जल मंत्री चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना के तहत प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और प्रत्येक घर तक जल पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। भू-जल मंत्री ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में जल से संबंधित समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा।

# श्री शनि देव जन्म उत्सव 26 को



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** मुकुंदगढ़ कस्बे में इस वर्ष भी श्री शनिदेव जयंती मनाई जाएगी। वार्ड 20 के प्राचीन श्री शनि देव मन्दिर के पुजारी नेमीचंद भार्गव, रवि भार्गव ने जन्म उत्सव की तैयारियों को लेकर बताया कि 26 मई को सुबह 8.15 शनिदेव का अभिषेक किया जाएगा। उसके बाद 9.15 बजे हवन शुरू किया जाएगा। शनि भगवान को भोग लगा के भक्तों को खीर एवं कांजी बड़ों का प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यकर्ता निखिल भार्गव, संजय भार्गव, अशोक भार्गव, जुगलकिशोर भार्गव, संदीप भार्गव कार्यकर्ता तैयारियों में लगे हैं।

# ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चे व महिलाएं सीख रहे विभिन्न विधाएं



महानगर संवाददाता

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित हिंदुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर में बच्चे और महिलाएं जोश के साथ भाग ले रही हैं। शिविर प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष गोविंदसहाय शर्मा बगड़ी ने बताया कि अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में बच्चे जहां नृत्य सीख रहे हैं, वहीं कोई ढोलक वादन एवं हारमोनियम पर अभ्यास करने में जुटे हैं। कोई पेंटिंग के दौरान ब्रश से रंगों की दुनिया में उतर रहा है, तो कई महिला, बेटियां एवं बच्चे कम्प्यूटर, इंग्लिश स्पोकन, ब्यूटी, मैकअप, सिलाई, मेहंदी में क्रिएटिविटी निखार रहे हैं।

रामगढ़ पचवारा सचिव नवीन शर्मा सुकार ने बताया कि समर कैंप ट्रेनिंग का जरिया नहीं, बल्कि बच्चों एवं महिलाओं की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का मंच है।

मुकेश पुरोहित एवं विमलेश शर्मा बताया कि समर कैंप में बच्चे एवं महिलाएं सकारात्मक, स्वच्छ, शांत और आरामदायक वातावरण में मन लगा कर सीख रहे हैं। महेश शर्मा सुकार एवं नीलम जैन बताया कि समर कैंप 30 जून तक जारी रहेगा।

# कलेक्टर ने लिया सब सर्फेस बैरियर निर्माण कार्य का जायजा



### बिच्छा में 3 करोड़ की लागत से हो रहा है निर्माण

महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने शुक्रवार को उपखंड की ग्राम पंचायत बिच्छा में अटल भूजल योजनांतर्गत 3 करोड़ की लागत से बनने वाले सब सर्फेस निर्माण कार्य का जायजा लिया।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता चेतराम मीणा ने बताया कि ग्राम पंचायत बिच्छा में 3 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले सब सर्फेस बैरियर निर्माण कार्य की प्रगति की जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। अभियंता ने बताया कि सब सर्फेस बैरियर 330 मीटर लंबा, 13 मीटर गहरा व 60 सेमी. मोटाई का बनाया जाएगा। अभी नींव खुदाई का कार्य चल रहा है।

इस दौरान सिंचाई विभाग के सीईओ नरेंद्र कुमार, वाटर शेड ए.सी. हरकेश मीणा, एक्सईएन श्योदान मीणा, जल संसाधन एक्सईएन मांगीलाल मीणा सहित सिंचाई विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर की सूचना पर विभागों में मचा हड़कंप

उपखंड मुख्यालय रामगढ़ पचवारा में जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार के दौरे की सूचना पर एसडीएम कार्यालय व उप जिला चिकित्सालय अलर्ट मोड पर देखे गए, हालांकि जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार बिच्छा से सब सर्फेस बैरियर का जायजा लेकर लौट गए।

### बगीचा व नर्सरी का भी किया निरीक्षण

पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा की ग्राम पंचायत नयागांव में जिला कलेक्टर ने बगीचा व नर्सरी का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने वाटरशेड योजनांतर्गत ग्राम पंचायत नयागांव में 40 बीघा जमीन पर बने बगीचा व नर्सरी के निरीक्षण दौरान ग्राम पंचायत नयागांव को नर्सरी में मेट लगाकर छाया करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन लाल मीणा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रिया सैनी का जूनियर इंजीनियर पद पर चयन

महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** कस्बे के जगुका वाली ढाणी निवासी पार्षद एडवोकेट सुरेश सैनी की बेटी प्रिया सैनी का जूनियर इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है।



प्रिया का चयन जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. में जेईएन के पद पर हुआ है। प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय दादाजी जगदीश प्रसाद सैनी को दिया है। वहीं पार्षद सुरेश कुमार सैनी, कैलाशचंद्र सैनी, महेश कुमार सैनी, रामोतार सैनी व शुभचिंतकों ने प्रिया की सफलता पर मिठाई खिला कर खुशी मनाई।

# बावलिया बाबा का वार्षिक उत्सव 30 को



**नवलगढ़।** मुकुंदगढ़ कस्बे में स्थित बावलिया बाबा का वार्षिक उत्सव 30 मई को मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी रामगोपाल शर्मा ने बताया कि वार्षिक उत्सव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। 29 मई को शेखावाटी के संतों के सान्निध्य में जागरण होगा। 30 मई को सुबह प्रभात फेरी निकाली जाएगी व बाबा की महाआरती कर भंडारे का आयोजन होगा।

## भविष्य की उड़ान अभिनव पहल बनी प्रेरणा: 2.50 लाख रुपए का चेक ग्रामीणों ने विकास योजना में किया सुपुर्द

# रा.उ.मा. विद्यालय रामडी में सवा 6 लाख रुपए से होंगे विकास कार्य

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम 'भविष्य की उड़ान' से प्रेरित होकर ग्रामवासियों एवं भामाशाहों द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामडी के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि एकत्रित की गई। इस राशि का चेक विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवचरण मीना द्वारा एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश शर्मा को सुपुर्द किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि राउमावि रामडी से प्राप्त 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि में राज्य सरकार द्वारा योजनामद में अंशदान के रूप में 60 प्रतिशत राशि, अर्थात 3 लाख 75 हजार रुपए भी सम्मिलित किए जाएंगे। इस प्रकार विद्यालय को कुल 6 लाख 25 हजार रुपए की राशि उपलब्ध होगी। इस राशि का उपयोग विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय भवन की मरम्मत, बाउंड्री वाल पर तार फेंसिंग, एवं अन्य भौतिक विकास कार्यों में किया जाएगा। इससे विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

प्रधानाचार्य शिवचरण मीना ने सभी भामाशाहों, ग्रामवासियों एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रामडी के पूर्व सरपंच भेरूलाल मीणा, प्रशासनिक अधिकारी भगवान माली, विद्यालय के शिक्षक रामकिशोर मीणा, वार्ड पंच ध्यान दास, रामदास मीणा, अंकुश मीणा, भवानी घुड़सी, मुरली मीणा, राधेश्याम मीणा, जितेन्द्र मीणा, धारासिंह रामडी, रघुवीर पटेल करेला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर की 88वीं बैठक सम्पन्न

**अजमेर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), अजमेर की 88वीं बैठक राजू भूतड़ा, मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अजमेर की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, अजमेर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों, निगमों, उपक्रमों एवं शिक्षण संस्थाओं के कार्यालय प्रमुख/प्रतिनिधियों सहित लगभग 60 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में अपर मण्डल रेल प्रबंधक विकास बूरा तथा राजभाषा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में मार्च, 2025 को समाप्त छमाही में हुई राजभाषा प्रगति की



समीक्षा की गई एवं सरकारी कामकाज में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

## 2 करोड़ की लागत से बनने वाली चार सड़कों के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

# लालसोट विधानसभा क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जाल: मीणा

महानगर संवाददाता



**लालसोट।** विधानसभा क्षेत्र लालसोट में विधायक रामबिलास मीणा ने शुक्रवार को अलग-अलग गांवों में 5.70 किलोमीटर लंबी लगभग 2 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गांवों और ढाणियों में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। भजनलाल सरकार के कार्यकाल में किसी भी ढाणी और गांव को सड़क से वंचित नहीं रखा जाएगा।

लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने 1.40 किलोमीटर लंबी 49 लाख की लागत से बनने वाली संवासा गांव से मोहन ध्यावण की ढाणी, 35 लाख की लागत से बनने वाली 1 किलोमीटर लंबी निर्झरना पुलिया से रतनपुरा बालाजी तक, 70 लाख की लागत से बनने वाली 2 किलोमीटर लंबी थलोज रोड से श्यामपुरा होते हुए, वहीं 45.50 लाख की लागत से 1 किलोमीटर लंबी श्यामपुरी रोड ढोला बालाजी थलोज सड़क के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान लालसोट विधायक रामबिलास मीणा का लोगों ने फूल माला और साफा बंधवाकर स्वागत किया। पंडितों द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद लालसोट विधायक ने सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।

समारोह के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शंभू लाल कुड़ीवाला, सभापति प्रतिनिधि सोनू बिनोरी, सतपाल मीना, मंडल अध्यक्ष बलराम बैरवा, अनिल बूर्जा, श्रीफूल मीना, रामसिंह मीना, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपसिंह मीना, राम खिलाड़ी मीना, राजेन्द्र स्वामी, सरपंच चांदसेन कौशल्या देवी मीना, सरपंच संवासा ममता मीना, सरपंच रतनपुरा गिर्राज प्रसाद मीना, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नरसीलाल गुर्जर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


# श्री नृसिंह जी मंदिर का पाटोत्सव आज, पूर्व संध्या पर निकली वराह लीला

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** चांदपोल बाजार के नींदड़ रावजी का रास्ता स्थित मंदिर श्री नृसिंह जी का पाटोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर श्री नृसिंह जी अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल और मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल ने बताया कि सुबह वेद मंत्रोच्चार के साथ ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। आभूषण और ऋतु पुष्पों से मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में प्रतिष्ठित सभी विग्रहों का भी विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सामूहिक महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस मौके पर पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया जाएगा। तीन दिवसीय पाटोत्सव की पूर्व संध्या में शुक्रवार को वराह लीला हुई। ठाकुरजी के पूजन के बाद वराह भगवान के स्वरूप की महाआरती की गई। धरती को डूबने से बचाने के लिए भगवान विष्णु ने वराह अवतार लिया और धरती को बचाया। इसके बाद जयकारों के साथ वराह भगवान की शोभायात्रा ने चांदपोल के लिए रवाना हुई।

**हर चौराहे पर उतारी आरती-किया स्वागत :** भगवान वराह की झांकी के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में भक्त उमड़ पड़े। जयकारों के साथ वराह भगवान की सवारी चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्रजी मंदिर पहुंची। यहां महंत नरेंद्र तिवारी ने आरती उतार कर स्वागत किया। चांदपोल हनुमानजी मंदिर में पुजारी सुभाष शर्मा, विष्णु शर्मा ने आरती उतारी। भोमियां जी के मंदिर में समिति के संरक्षक रतन लाल अग्रवाल, रामेश्वर चौधरी, सत्यनारायण घीवाला, डॉ. पुष्कर तिवाड़ी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों और संतों ने आरती की। संयोजक मनोज अग्रवाल, राधा गोविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल एवं अन्य सभी पदाधिकारियों ने पूरे मार्ग में भक्तों को प्रसाद का वितरण किया। भारी भरकम पोशाक और मुखौटा धारण किए वराह भगवान के स्वरूप को गर्मी से बचाने के लिए पूरे मार्ग में भक्त पंखे से हवा करते चले। जगह-जगह कूलर से भी ठंडक पहुंचाई। मार्ग में भक्तों के लिए ठंडे पानी, मिल्क रोज, शर्बत की व्यवस्था की गई। कई स्थानों पर शानदार रंगीन आतिशबाजी कर सवारी की अगवानी की गई। सवारी सद्गुरु मंदिर होते हुए वापस नींदड़ राव के रास्ते में पहुंची। यहां आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शनिवार को मनाए जाने वाले पाटोत्सव की तैयारियों को शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया।

## जैव विविधता संरक्षण और वन सुरक्षा के लिए जयपुर में जागरूकता कार्यक्रम

### राजस्थान वानिकी परियोजना ने मनाया अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रकृति को सहेजने के लिए और लोगों को सावचेत करने के लिए राजधानी में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया गया। इस मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो और प्रादेशिक कार्यालय की ओर से 20 और 21 मई को कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राजस्थान वानिकी और जैव विविधता विकास परियोजना के सहयोग से जयपुर के नायला और कूकस क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में लगभग 180 लोग शामिल हुए, जिनमें महिलाएं, बच्चे और स्वयं सहायता समूहों के सदस्य शामिल थे। इस मौके पर परियोजना निदेशक टी.जे. कविथा आईएफएस ने कहा कि हमारा लक्ष्य समुदायों को इस दिशा में प्रेरित करना है कि वे अपने वनों के रक्षक बनें।

## राजस्थान कारागार विभाग के 71 अधिकारियों को मिली पदोन्नति

- तकनीकी कारणों से 24 सालों से अटकी हुई थी रिव्यू डीपीसी, राय सरकार ने जारी किए आदेश

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान कारागार विभाग के अधिकारियों के लिए शुक्रवार का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। राज्य सरकार ने विभाग के 71 अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है। तकनीकी कारणों से रिव्यू डीपीसी पिछले 24 सालों से अटकी हुई थी। डीजी जेल गोविंद गुप्ता के प्रयासों से यह डीपीसी संभव हो पाई। उन्होंने राज्य सरकार को अधीक्षक ग्रेड फर्स्ट से उप महानिरीक्षक, अधीक्षक ग्रेड द्वितीय से अधीक्षक ग्रेड फर्स्ट एवं जेलर से उपाधीक्षक के पदों पर पदोन्नति के लिए अभिशंसा की गई थी। इसके फलस्वरूप 9 अधिकारियों को उपमहानिरीक्षक पुलिस, 30 अधिकारी एसपी ग्रेड फर्स्ट तथा 32 को उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।

आदेश के अनुसार अधीक्षक ग्रेड फर्स्ट से उपमहानिरीक्षक कारागार के पद पर मोनिका अग्रवाल, राजेंद्र कुमार, सुमन मालीवाल, राकेश मोहन शर्मा, विक्रम सिंह एवं सेवानिवृत्त सुरेंद्र सिंह शेखावत, शंकर सिंह, कैलाश त्रिवेदी, एवं संजय यादव को वरिष्ठता-सहयोग्यता के आधार पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार अधीक्षक ग्रेड सैकंड से अधीक्षक ग्रेड फर्स्ट पर विक्रम सिंह, मोनिका अग्रवाल, सुमन मालीवाल, राजेंद्र कुमार, राकेश मोहन शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, परमजीत सिंह सिद्धू, प्रदीप लखावत, राजपाल सिंह, आर अनंतेश्वरन, शिवेंद्र कुमार शर्मा, प्रमोद सिंह, भैरू सिंह राठौड़, महावीर प्रसाद मीणा एवं सेवानिवृत्त विश्वेश जोशी, शंकर सिंह, सुरेंद्र सिंह शेखावत, अशोक कुमार उपाध्याय, कैलाश त्रिवेदी, राकेश कुमार भार्गव, सुधीर प्रकाश पूनिया, अशोक वर्मा, संजय यादव, केजी शर्मा, बद्रीलाल मीणा, नंदसिंह शेखावत, गोविंद सिंह, मोइनुद्दीन पठान, श्रवणलाल जाट एवं रामावतार शर्मा को पदोन्नत किया गया है। एक अन्य आदेश के द्वारा कारापाल (जेलर) से उपाधीक्षक के पद पर निरंजन शर्मा, नरेंद्र कुमार स्वामी, योगेश कुमार तेजी, जयवर्धन सिंह, पृथ्वीसिंह कविया, पारसमल, संपति, महावीर प्रसाद मीणा, इंद्रकुमार, सुरेश कुमार मीणा, सरोज बिश्नोई, सौरभ स्वामी, शैलेंद्र सिंह फौजदार, मुक्ति यदुवंशी, मानसिंह बारेठ, जगदीश प्रसाद पूनिया, रोहित कौशिक, रमाकांत शर्मा, राजेश योगी, रामकिशन मीणा, राजमहेंद्र, समर सिंह, श्रीमोहन मीणा, विल्सन शर्मा एवं सेवानिवृत्त श्योजी राम मीणा, अल्लादीन खान, चंदन सिंह, डुले सिंह, बृजेश दीक्षित, जसवंत सिंह गुर्जर, अमर सिंह व कैलाश दरोगा के पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं।

## कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

**जयपुर (मसं)।** गुर्जर की थड़ी महेंद्र नगर स्थित गणेश मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। गाजेबाजे के साथ संतोषी माता के मंदिर से महेंद्र नगर के गणेश मंदिर तक निकली कलश यात्रा को सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने ध्वज पूजन कर रवाना किया। कलश यात्रा में महिलाएं कलश लेकर और पुरुष ध्वज लेकर चल रहे थे। मंदिर समिति के मुख्य सलाहकार राजेश मोरवाल ने बताया कि भाजपा श्याम नगर मंडल के महामंत्री मानवेंद्र सिंह, राधे श्याम सैन, कमलेश कुमावत, उदय सिंह, विशाल शर्मा, अध्यक्ष जगत सिंह, महामंत्री बालम सिंह बिष्ट, प्रवीण सिंह नेगी, रामकुमार, सुरेश कायत, राजेश घोष, श्याम सिंह रावत जयकारे लगाते हुए बैंडबाजों के साथ फूल बरसते हुए गणेश मंदिर पहुंचे। शनिवार को रामायण पाठ शुरू होंगे और हवन और पूजा होगी। रविवार को तीसरे दिन शुभ मुहूर्त में हनुमान जी और शिव पंचायत की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।



## मंत्रालयिक कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत

### तय हुई बजट घोषणाओं की समय सीमा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान के मंत्रालयिक कर्मचारियों को बजट 2025-26 में बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में कर्मचारियों से जुड़ी तीन प्रमुख घोषणाओं की समय सीमा तय कर दी गई है। अब पदोन्नति में अनुभव की छूट 15 जून 2025 तक मिलेगी, मंत्रालयिक कैडर का पुनर्गठन 31 जुलाई तक होगा और मंत्रालयिक निदेशालय की स्थापना के लिए मंत्रिमंडल की मंजूरी भी 15 जून तक ली जाएगी। इस फैसले की जानकारी देते हुए राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष मनोज सक्सेना ने स्वास्थ्य भवन में बैठक आयोजित की। बैठक में सभी प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने सरकार के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया। साथ ही मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।

## स्पीकर देवनानी ने किया क्लिक इट-3.0 के पोस्टर का विमोचन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के नारायण निवास में 6 से 8 जून तक फोटोग्राफी प्रतियोगिता 'क्लिक इट-3.0' का आयोजन किया जाएगा। क्रिएटिव मूवीज और सेव अवर सिटी के संयुक्त तत्वाधान में स्व. कमलेश कुमार टेकचंदानी की याद में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्लिक इट-3.0 के पोस्टर का भव्य विमोचन विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया। इस दौरान समाजसेवी झामन टेकचंदानी, सेव अवर सिटी की चेयरमैन अन्नू सोगानी, फाउंडर क्रिएटिव मूवीज चंद्र प्रकाश टेकचंदानी, आर्टिस्ट अमित कल्ला, फाउंडर वेल्थ कंपाउंडर अभिनव बाकीवाला, चेयरमैन खंडाका हॉस्पिटल डॉ. अशोक खंडाका उपस्थित रहे।

यह प्रतियोगिता इस बार अपने तीसरे संस्करण में और भी व्यापक, रचनात्मक और प्रेरणादायक रूप में प्रस्तुत की जा रही है। क्लिक इट एक प्रतिष्ठित फोटोग्राफी प्लेटफॉर्म है, जो विरासत संरक्षण और सांस्कृतिक जागरूकता के उद्देश्य से नवोदित और पेशेवर फोटोग्राफरों को एक साथ लाने का कार्य करता है। यह आयोजन प्रसिद्ध फोटोग्राफर स्व. के.के. टेकचंदानी को समर्पित है, जिन्होंने 50 वर्षों तक फोटोग्राफी को समर्पित जीवन जिया और राजस्थान की पहली कलर प्रिंटिंग लैब 'टेक्सन स्टूडियो' की स्थापना की।

## प्रताप सिंह बारहठ की जयंती पर कवि सम्मेलन-विचार गोष्ठी आज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महान क्रांतिकारी प्रताप सिंह बारहठ की जयंती पर शनिवार शाम सात बजे से बनीपार्क के श्री करणी चारण छात्रावास स्थित विवाह स्थल में विचार गोष्ठी और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

जयपुर प्रांतीय चारण सभा के अध्यक्ष नरेंद्र कविया ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश बनवारी लाल शर्मा होंगे। जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी के शिक्षक राजवीर सिंह राठौड़, जिला न्यायाधीश सिया रघुनाथ दान, एमडीएस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति रूप सिंह बारहठ, राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई मौजूद रहेंगे। उनके साथ ही कवि कैलाश दान कविया, छैलू चारण छैल सहित विभिन्न समाजों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि कुंवर प्रताप सिंह बारहठ के जीवन और राष्ट्र के लिए बलिदान पर प्रकाश डालेंगे।

## ग्रेड 8 के बच्चों ने वैश्विक मुद्दों पर जागरूकता का दिया संदेश



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रचनात्मकता और सामाजिक चेतना का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ग्रेड 8 के छात्रों ने एक विचारोत्तेजक असेंबली प्रस्तुत की, जिसने आतंकवाद, लैंगिक असमानता, जल संकट और ग्लोबल वार्मिंग जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से उजागर किया। यह आयोजन जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। आईबी के ग्लोबल कॉन्टेक्स्ट्स से प्रेरित इस असेंबली में पारंपरिक नुक्कड़ नाटकों से लेकर शक्तिशाली नृत्य प्रस्तुतियों और भावपूर्ण संगीतमय कार्यक्रमों तक की प्रस्तुतियां शामिल थीं। हर प्रस्तुति का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि लोगों में संवेदना जगाना और इसके लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित करना भी था, जिसने दर्शकों पर गहरा प्रभाव डाला। यह आयोजन स्कूल के उस विजन को प्रतिबिंबित करता है जिसमें हर छात्र को एक वैश्विक नागरिक और आजीवन शिक्षार्थी के रूप में विकसित करना है, जो एक बेहतर और शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण में योगदान दे सके। उपस्थित अभिभावकों और मेहमानों ने छात्रों की गहन समझ और जुनून से भरी प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। यह केवल एक स्कूल का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि भविष्य के लीडर्स द्वारा एक सशक्त संदेश और बदलाव की एक मजबूत शुरुआत थी।

## रजनीश चतुर्वेदी को कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में पीएच.डी. की उपाधि

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** कंप्यूटर साइंस एवं आईटी में आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर द्वारा रजनीश चतुर्वेदी को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय था 'वेब एप्लिकेशन आर्किटेक्चर फ्रेमवर्क का मूल्यांकन और परिशोधन'। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. स्वाति वी. चांदे एवं डॉ. अमिता शर्मा के निर्देशन में पूरा किया। यह उपाधि आगामी दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाएगी।

## भारतीय सेना के सम्मान में 'सिंदूर शौर्य रैली' मातृशक्ति ने जताया आक्रोश

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** भारतीय सेना के सम्मान में शुक्रवार को मातृशक्ति की ओर से विधानसभा से अमर जवान ज्योति तक पैदल मार्च किया गया। इसके बाद मातृशक्ति द्वारा एक श्रृंखला बनाई गई और हमले में बलिदान हुए नागरिकों व जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित प्रॉक्सी संगठनों द्वारा किए गए आतंकी हमले के विरोध में अपना आक्रोश प्रकट किया। रैली में उपस्थित महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर नारों के साथ देशभक्ति का संदेश दिया।

विंग कमांडर रेखा शेखावत ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस देश के नागरिक हैं जहां ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाता है। फिर वह पुलवामा हो या कारगिल। उन्होंने अपने सैन्य अनुभव साझा करते हुए सेना की वीरता को नमन किया। शेखावत ने बताया कि उनके परिवार के कई सदस्य सेना में सेवारत रहे हैं। उन्होंने नारी शक्ति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। जहां हमारे समय में अवसर सीमित थे, आज की पीढ़ी के पास कई विकल्प हैं। शहीद स्मारक पर महिलाओं ने कहा कि यह स्थल ऊर्जा और प्रेरणा से भरपूर है। मातृशक्ति के इस एकत्रीकरण में महिलाओं ने पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई को पूर्णतः उचित ठहराया। आतंकियों ने धर्म पूछकर सिंदूर उजाड़ा, लेकिन हमारी सेना ने उन्हें घर में घुसकर मारा। हम सेना और देश के नेतृत्व पर गर्व करते हैं।

## भाजपा में शामिल हुईं महिला कांग्रेस नेत्री अरुणा गौड़

### 200 से अधिक महिलाओं के साथ थामा कमल का दामन

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव अरुणा गौड़ सहित सर्व समाज की 200 से अधिक महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सांसद मंजू शर्मा, जिलाध्यक्ष अमित गोयल और अन्य नेताओं ने सभी को भाजपा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो महिलाओं को सच्चा सम्मान और नेतृत्व का अवसर देती है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को दोहराया। जिलाध्यक्ष गोयल ने इसे महिला सम्मान और राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

**अब महिलाएं संगठित होकर देश सेवा में जुटेंगी: अरुणा**

अरुणा गौड़ ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद मोदी सरकार की कार्रवाई से प्रेरित होकर वे भाजपा में आई हैं। उन्होंने विपक्ष की राजनीति पर निशाना साधते हुए कहा कि अब महिलाएं संगठित होकर मोदी के साथ देश सेवा में जुटेंगी।

## पुलिस आयुक्त ने झोटवाड़ा थाने में की जनसुनवाई, परिवादियों को मिली राहत

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने शुक्रवार को झोटवाड़ा थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल, सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा सुरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं अशोक कुमार चौहान सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है।पुलिस आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस आयुक्त ने शिप्रापथ, कानोता, करधनी, विद्याधरनगर, शिवदासपुरा, बगरू, चौमूं, प्रतापनगर, जयसिंहपुरा खोर, जवाहर सर्किल, वैशालीनगर, मुहाना, आमेर, महेशनगर एवं जामडोली थाने में जनसुनवाई कर सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी।

# खाटू नरेश की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली कलशयात्रा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर गुरु नानकपुरा, राजा पार्क में खाटू नरेश श्री श्याम बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का विशाल आयोजन 25 मई, रविवार को आयोजित किया जाएगा। मंदिर संचालक श्रीराम जुनेजा एवं अध्यक्ष देवेश जुनेजा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में महिला मंडल की सदस्याएं मांगलिक परिधानों में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। प्रातः मंदिर से गाजियाबाद के साथ निकाली। कलश यात्रा का आयोजनों की ओर से फूलों की बारिश करके स्वागत किया गया। इस मौके पर भक्तों ने बाबा श्याम के जयकारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। कलश यात्रा के मंदिर पहुंचने पर कलशों को पूजा अर्चना के बाद मंदिर में स्थापित किया गया। इसके बाद मंत्रोच्चारण के बीच आयोजन की शुरुआत हुई।

शनिवार को आयोजन से पूर्व मंडल अर्चना, अग्नि स्थापना, हवन- यज्ञ आदि का आयोजन विद्वान पंडितों के सानिध्य में प्रारंभ होगा। इस मौके पर मंदिर को भव्य रूप से सजाकर प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए तैयार किया गया है। रविवार को मूर्ति स्थापना के मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण और श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। इस दौरान बाबा श्याम की मूर्ति प्रतिष्ठा विधि विधान और महंतों के बीच की जाएगी। आयोजन के तहत भजन संध्या आरती और भंडारा का आयोजन होगा जिसमें समस्त भक्तगण प्रसादी ग्रहण करेंगे। श्री राम जुनेजा ने बताया कि बाबा श्याम के दरबार को इस मौके पर विशेष फूलों से सजाया जाएगा।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले 5 साल में पूर्वोत्तर में करेगी 75,000 करोड़ का इनवेस्टमेंट : अंबानी

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बड़े निवेश की योजना का ऐलान किया। राइजिंग नॉर्थ-ईस्ट इनवेस्टर समिट में आरआईएल के चेयरमैन ने इस क्षेत्र में कंपनी के भविष्य के रोडमैप के बारे में बात की।

अंबानी ने कहा कि पिछले चार दशकों में, हमने पूर्वोत्तर में 30,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस क्षेत्र के लिए हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती जा रही है। अगले 5 वर्षों में पूर्वोत्तर में 75,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

उन्होंने अपने संबोधन में पूर्वोत्तर में जियो के नेटवर्क कवरेज के विस्तार, रिलायंस रिटेल की सेवाएं बढ़ाने, नई फैक्ट्रियां स्थापित करने, सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र को स्वास्थ्य सेवा केंद्र में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाने पर भी जोर दिया।

**रिलायंस ने मणिपुर में बनवाया 150 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल :** मुकेश अंबानी ने आगे कहा कि रिलायंस रिटेल अपनी व्यापक निवेश रणनीति के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र से अपने प्रोक्योरमेंट के प्रयासों को बढ़ाने के लिए तैयार है। कंपनी का लक्ष्य क्षेत्र में सौर ऊर्जा उत्पादन को भी बढ़ावा देना है।

इससे क्षेत्र के सतत ऊर्जा विकास में कंपनी द्वारा योगदान दिया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा के बारे में, आरआईएल के चेयरमैन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक कदम के रूप में, रिलायंस ने पहले ही मणिपुर में 150 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल बनाया है।

ये इस क्षेत्र के विकास और कल्याण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि हम खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए पूरे पूर्वोत्तर में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया इनवेस्टर समिट का उद्घाटन

गौरतलब है कि राइजिंग नॉर्थ-ईस्ट इनवेस्टर समिट का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे। इस समिट के तहत नॉर्थ ईस्ट में निवेश की संभावनाएं तलाशने की कोशिश की जाएंगी। इसके साथ ही इस क्षेत्र में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

## नॉर्थ ईस्ट में वर्ल्ड क्लास टैलेंट मौजूद

पूर्वोत्तर राज्यों की प्रतिभा पर अंबानी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में वर्ल्ड क्लास टैलेंट मौजूद है। नॉर्थ ईस्ट का विकास सिंगापुर, मलेशिया की तरह किया जाएगा। रिलायंस की ओर से नॉर्थ ईस्ट में सोलर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा हमारी टेलीकॉम कंपनी जियो ने नॉर्थ ईस्ट की 90 फीसदी जनसंख्या को कवर किया है।

# लघु उद्योग भारती के सचिव पारीक ने वित्त मंत्री से की मुलाकात



**मेड़ता सिटी (मसं)।** लघु उद्योग भारती के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट कर एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रकाश चंद राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने किया। उनके साथ लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव मेड़ता निवासी नरेश पारीक, राष्ट्रीय महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने लघु उद्योगों की चुनौतियों, वित्तीय सहायता की आवश्यकता एवं नीति स्तर पर आवश्यक सुधारों के विषय में अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए। वित्त मंत्री ने संगठन द्वारा दिए गए सुझावों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

## नारियल का तेल हुआ महंगा

**नई दिल्ली (मसं)।** घरों में रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाला नारियल तेल अब आपकी जेब पर भारी पड़ रहा है। बीते एक साल में इसकी कीमतों में 30 से 40 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है- कच्चे माल, खासकर खोपरा की कीमतों में जबरदस्त तेजी। मारिको और डाबर जैसी नामी कंपनियों ने कीमतें बढ़ाई हैं। मारिको ने करीब 30 फीसदी तक कीमतें बढ़ाईं। कंपनी के एमडी और सीईओ सौगत गुप्ता का कहना है कि अब कीमतें स्थिर होने की उम्मीद है लेकिन किसी अप्रत्याशित घटना से फिर से बढ़ोतरी हो सकती है। डाबर ने भी बीते 3-6 महीनों में नारियल तेल के दामों में लगभग 10 फीसदी तक इजाफा किया है।

### दुनिया के बड़े देशों में सबसे तेजी से बढ़ रही है भारत की इकोनॉमी

# भारत की वृद्धि दर 0.2 बढ़कर 6.4 फीसदी हो जाएगी : फिच की रेटिंग्स

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने भारत की मध्यम अवधि की विकास क्षमता को 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है, जबकि इसने चीन के विकास अनुमान को 0.3 प्रतिशत घटाकर 4.6 प्रतिशत से 4.3 प्रतिशत कर दिया है।

ये बदलाव अगले पांच वर्षों में 10 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए संभावित जीडीपी वृद्धि फिच ने पांच साल के जीडीपी अनुमानों को अपडेट करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023 की रिपोर्ट के समय की हमारी अपेक्षा से अधिक मजबूती से वापसी की है।



इससे वैश्विक महामारी के झटकों के कम प्रतिकूल प्रभाव के संकेत मिलते हैं। अपने अपडेटेड पूर्वानुमान में फिच ने 2023-2028 के लिए भारत की औसत वृद्धि दर का अनुमान 6.2 फीसदी से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। इसमें कहा गया, फिच रेटिंग्स ने जीईओ में शामिल 10 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए अगले पांच वर्षों के लिए अपने मध्यम अवधि संभावित जीडीपी अनुमानों को थोड़ा कम कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया, 'हमारा नया अनुमान जीडीपी भारित आधार पर 3.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो नवंबर 2023 के हमारे पिछले आकलन चार प्रतिशत से कम है।' इस बीच रेटिंग एजेंसी मूडीज का कहना है कि पिछले दशक में वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को गति देने का काम भले ही चीन ने किया था लेकिन अगले दशक में भारत यह भूमिका निभाएगा। मूडीज ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। चीन दुनिया में दूसरे नंबर का तेल उपभोक्ता है जबकि भारत तीसरे स्थान पर है। लेकिन दोनों देशों की मांग वृद्धि में उल्लेखनीय अंतर है। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि भारत में मांग की वृद्धि और आयात पर निर्भरता अधिक होगी। अगले दशक में भारत में मांग चीन की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ेगी, क्योंकि चीन की आर्थिक वृद्धि सुस्त हो रही है और नए ऊर्जा वाहनों का प्रवेश तेज हो रहा है।

# रणवीर सिंह के नेतृत्व में कोटक 811 के नए अभियान का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**पुणे।** कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म कोटक811 के लिए नया अभियान चलाया है, जिसमें इसकी विस्तारित सुविधाओं और सेवाओं पर प्रकाश डाला है। यह प्लेटफॉर्म डिजिटल-फर्स्ट उपयोगकर्ताओं के लिए है और नया कोटक811 सिर्फ एक एप से कहीं ज्यादा है, यह आपकी जेब में मौजूद एक संपूर्ण बैंक है।

अभियान के शुभारंभ पर सीएमओ और हेड-प्रपोजिशन रोहित भसीन ने कहा कि इस विकास के केंद्र में रणवीर सिंह की विशेषता वाला एक जीवंत अभियान है, जो आधुनिक बैंकिंग के सार को दर्शाता है : सहज, तेज और सहज। अभियान का मुख्य संदेश 'बैंकिंग इतनी सहज है, यह मक्खन है' एप के सहज उपयोगकर्ता अनुभव और बस कुछ ही टैप से हर वित्तीय जरूरत को पूरा करने की इसकी क्षमता को दर्शाता है। कोटक811 के बिजनेस हेड मनीष अग्रवाल ने कहा कि भारत डिजिटल बैंकिंग में सफलता के कगार पर खड़ा है और



कोटक811 इसी क्षण के लिए बनाया गया है। पांच मिनट से भी कम समय में तत्काल ऑनबोर्डिंग से लेकर सहज यूपीआई भुगतान, स्मार्ट निवेश उपकरण और कैशबैक तक-कोटक महिंद्रा बैंक की विश्वसनीयता द्वारा समर्थित-हमारा प्लेटफॉर्म वास्तव में डिजिटल-प्रथम अनुभव प्रदान करता है। यह केवल उपयोग में आसानी के बारे में नहीं है, यह विश्वास, सुरक्षा और उपयोगकर्ता की यात्रा के बारे में है जो दूसरी प्रकृति की तरह महसूस होती है। यही हमारी अलग पहचान है। कोटक811 के सह-प्रमुख जय कोटक ने प्लेटफॉर्म के विकास के पीछे ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण पर जोर दिया, यह सिर्फ एक नया अभियान नहीं है-यह इस बात का प्रतिबिंब है कि हमने अपने ग्राहकों की कितनी गहराई से बात सुनी है।

## जयपुर



# श्रवण बाधित बहनों ने बनाया राज्यपाल का पोट्रेट, किया भेंट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान की बहुचर्चित चित्रकार बहनें दीपाली शर्मा एवं छवि शर्मा ने शुक्रवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे को उनका एक रंगीन पोट्रेट भेंट किया। उल्लेखनीय है कि कैनवास पर तैल रंगों से सृजित इस चित्र को बनाने वाली दोनों कलाकार बहनें श्रवण बाधित हैं। दीपाली शर्मा को इस वर्ष राजस्थान ललित कला अकादमी का राज्य पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इनकी पेंटिंग अमेरिका, स्पेन, हॉलैंड, दक्षिण कोरिया, दुबई और सिंगापुर आदि देशों में भी प्रदर्शित हुई हैं। राज्यपाल ने कलाकृति की सराहना की और दोनों बहनों को निरंतर सृजनरत रहने की प्रेरणा दी। चित्रकार बहनों के पिता सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि श्रवण बाधित होते हुए भी दोनों बहनों ने अपनी इस शारीरिक निर्योग्यता को चुनौती के रूप में लिया और अपनी भावनाओं को रंगों एवं कूची के जरिए अभिव्यक्त करने में जुट गईं। आज की उपलब्धियां उनकी कड़ी साधना का परिणाम है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं कला समीक्षक रामानंद राठी भी मौजूद रहे।

### राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी लिया प्रसंज्ञान

# बिना सुरक्षा उपकरण सीवरेज चैंबर की सफाई करने से मौत पर मांगा जवाब

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में बिना उपकरण मैन्युअल तरीके से सीवरेज चैंबर की सफाई के चलते आए दिन सफाई कर्मचारियों की मौत के मामले में स्वायत्त शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव और राजस्थान सफाई कर्मचारी आयोग से जवाब तलब किया है।

जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस आनंद शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश स्नेहांश फाउंडेशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। दूसरी ओर बीकानेर की वूलन मिल में सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे तीन सफाई कर्मचारियों की मौत के मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग ने भी स्वप्रेरणा से प्रसंज्ञान लेते हुए स्थानीय कलेक्टर, एसपी और मिल प्रबंधक से जवाब मांगा है।

जनहित याचिका में अधिवक्ता पलक



श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर सफाई कर्मचारी बिना उपकरण सीवरेज लाइन में उतर कर सफाई करते हैं। इसके चलते कई बार इन सफाई कर्मचारियों की जहरीली गैस से मौत तक हो जाती है। हाल ही सीकर के फतेहपुर और पाली सहित अन्य जगहों पर सफाई के दौरान कर्मचारियों की मौत हो गई। याचिका में कहा गया कि 31 जुलाई 2024 की केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार बीते पांच साल में 377 सफाई कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। वहीं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आंकड़ों के अनुसार साल 2014 से 2019 तक 33 सफाई कर्मचारियों की सफाई के दौरान मौत हो चुकी है। इसके अलावा साल 2019 के बाद भी कई सफाई कर्मचारी इस दौरान अपना जीवन खो चुके हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से सीवर लाइनों की ऑटोमेटिक मशीन से सफाई नहीं की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राज्य सरकार ने साल 2020 में प्रदेश के बड़े जिलों में सफाई उपकरण खरीदने के लिए 176 करोड़ रुपए स्वीकृत किए, लेकिन दौसा, भरतपुर और सीकर जिलों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। याचिका में गुहार की गई है कि सफाई के दौरान सुरक्षा मापदंडों को अपनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा मामले में एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया जाए जो नियमित तौर पर अदालत में अपनी रिपोर्ट पेश करे। इस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# भारत के स्थानीय एप 'शुरू' को मिली बड़ी फंडिंग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भारत के तेजी से उभरते लोकल सोशल प्लेटफॉर्म शुरू एप को अब सीरीज ए फंडिंग मिली है। यह निवेश क्राफ्टन, ओमिड्यार नेटवर्क इंडिया और एग्जिमियस वेंचर्स जैसे संस्थानों ने किया है। इस फंडिंग का इस्तेमाल एप की तकनीक को और मजबूत करने और नए फीचर्स लॉन्च करने में किया जाएगा। शुरू अब एक नया एआई आधारित फीचर शुरू करने जा रहा है, जो आम लोगों की बातचीत से रियल टाइम में आस-पड़ोस की जरूरी जानकारी सामने लाएगा। जैसे किसी इलाके में पानी भरना, लाइट ना आना, या कोई स्थानीय समस्या जो अक्सर बड़ी खबरों में जगह नहीं बना पाती।

शुरू एप के सीईओ और को-फाउंडर मयंक भांगड़िया ने कहा कि हम इस तकनीक के जरिए यह दिखाना चाहते हैं कि लोग अपने आसपास क्या महसूस कर रहे हैं,



किन बातों पर बात कर रहे हैं और उन बातों को समझकर सही समय पर दिखाया जा सके। को-फाउंडर हर्ष छाबड़ा ने कहा कि हमारी जीवन शैली हमारे आप-पास पर निर्भर करती हैं। शुरू एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना रहा है जो आम लोगों की आवाज़ को आपके आसपास के लाखों लोगों तक पहुंचता हैं, ताकि उन जरूरतों पर कार्रवाई शुरू हो सके। शुरू एप जल्द ही और कई नए फीचर्स जैसे बेचने-खरीदने की सुविधा, लोकल नौकरियां, प्रॉपर्टी पोस्टिंग और नागरिक शिकायतों की रिपोर्टिंग लॉन्च करेगा। एप को ऐसे डिजाइन किया है कि हर कोई अपनी भाषा में, अपने इलाके के लिए इस्तेमाल कर सके।

# रचा संगीत का सुरमयी अध्याय, राग-रागिनियों से गुंजायमान हुआ शिविर



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दर्शक संस्था का वार्षिक संगीत शिविर आओ भूमे गाएं का भव्य आयोजन हुआ। 36 वर्षों से चली आ रही इस सांगीतिक परंपरा की शुरुआत ओम नाद के संगीतमय उच्चारण से की गई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और संगीतमय बना दिया। संस्था की संस्थापक मधु भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। शिविर में लगभग 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्था की समन्वयक प्रोमिला राजीव ने बताया कि ओम नाद से ध्यान और प्राणायाम में गहन एकाग्रता आती है, जिससे संगीत की साधना और भी प्रभावी होती है। संगीत गुरु राजीव भट्ट ने भारतीय शास्त्रीय संगीत के गूढ़ सिद्धांतों को सरल भाषा में प्रतिभागियों के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने राग यमन, अलंकार, लोकगीत लड़ली लूमा झूमा तथा भजन कृष्णा कृष्णा राधे कृष्णा सिखाते हुए प्रतिभागियों को सुर और भाव की गहराई से परिचित कराया। बच्चों को कीबोर्ड, तबला, गिटार, वायलिन और सितार जैसे विभिन्न वाद्य यंत्रों की जानकारी दी गई और उनका अभ्यास पीयूष कुमार द्वारा कराया गया। राजीव भट्ट ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत और सुगम संगीत की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का संचालन प्रोमिला राजीव ने बखूबी निभाया, जिससे पूरा आयोजन सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक रहा।

# रिश्वत प्रकरण में एमएलए पटेल की जमानत अर्जी खारिज

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम 1 ने विधानसभा में उठाए गए सवालों को वापस लेने के बदले रिश्वत लेने से जुड़े प्रकरण में बागीदौरा के एमएलए जयकृष्ण पटेल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि आरोपी पर ढाई करोड़ रुपए रिश्वत की मांग कर एक संगठित गिरोह बनाकर पहली किस्त के तौर पर 20 लाख रुपए की रकम लेने और उसे खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। यह मामला गंभीर है और उसे जमानत देने से समाज पर गलत संदेश जाएगा। वह मौजूदा एमएलए है और मामले के अनुसंधान को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में उसे जमानत दिया जाना उचित नहीं है। आरोपी एमएलए की ओर से जमानत अर्जी में कहा गया कि जिन सवालों को वापस लेने की बात कही जा रही है, वह विधानसभा सत्र समाप्त हो चुका था। ऐसे में उसके पास परिवादी का कोई काम लंबित नहीं था और ना ही वह सक्षम था।

# एकादशी व्रत महात्म्य पर किया आध्यात्मिक चिंतन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में एकादशी व्रत पर विष्णु भगवान की पूजा पर्व विशेष वैदिक मंत्रों से आहुतियां देकर तथा महात्म्य समझकर मनाया गया।

वैदिक चिंतक ओउमाश्रय संस्थापक यशपाल यश ने कहा कि यज्ञ ही विष्णु है यानि भगवान विष्णु की उपासना पूजा यज्ञ कार्य ही हैं। यश ने कहा कि सनातन संस्कृति में एकादशी व्रत महात्म्य मानव जीवन का लक्ष्य जन्म मरण व त्रिविध दुखों से लाखों साल तक मुक्ति छुटकारा पाना है। यश ने भगवान विष्णु के पौराणिक प्रतीकात्मक चित्र की व्याख्या करते हुए कहा कि हमारे पास शंख, चक्र, गदा तथा पदम यानि संचार यातायात सुरक्षा तथा श्री प्राप्ति साधन है। व्रत, तप, विद्या से लक्ष्मी चरणों में रहती हैं, उसके पीछे भागना नहीं पड़ता। इस अवसर पर शिव मोहन गोयल, मधु गोयल मुख्य यजमान रहे। विनायक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के एमडी डॉ. विमल कांवट, पिंकेश गोयल ने भी आहुतियां दी। जोधपुर से वरिष्ठ पत्रकार रजनीश अग्रवाल, शिक्षा से जुड़े रमेश चंद्र अग्रवाल, हिण्डोन भाविका, कन्हैया लाल आदि ने भाग लिया।

# ग्रीष्मावकाश में प्राचार्यों को रहना होगा कॉलेज में

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के प्राचार्यों को ग्रीष्मावकाश के दौरान कॉलेज में ही रहना होगा और उन्होंने तथा अन्य रोके गए कर्मचारियों ने क्या काम किया, इसकी जानकारी कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय को भेजनी होगी।

गर्मी की छुट्टियों में आमतौर पर कॉलेज बंद हो जाते हैं और कामकाज नहीं होता, लेकिन कॉलेज शिक्षा आयुक्त ने आदेश जारी किए हैं कि प्राचार्य कॉलेज के विभागाध्यक्ष होते हैं और इस दौरान उन्हें नए प्रवेश, परीक्षा तथा अन्य भौतिक सत्यापन के काम करने होते हैं। इसके लिए कॉलेज में ठहराव जरूरी है। ऐसे में बिना अनुमति के वे कॉलेज नहीं छोड़ सकेंगे और सहायता के लिए जिन कर्मचाारियों को रोका गया है, उन्होंने क्या काम किया, इसकी जानकारी उन्हें 31 अगस्त तक कॉलेज शिक्षा आयुक्त को भेजनी होगी।

# राज. शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

**जयपुर (मसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के नवनिर्वाचित नए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रनजीत मीणा ने शुक्रवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टााचार मुलाकात की। राजभवन पहुंचकर उन्होंने राज्यपाल का आशीर्वाद लिया। वहीं शिक्षकों की महात्मा गांधी विद्यालय में पदस्थापन, तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादले, पारदर्शी स्थानांतरण नीति, तृतीय श्रेणी अध्यापक डीपीसी गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्ति की मांगें रखी। इस दौरान शिक्षक नेता शक्ति चौधरी भी उनके साथ रहे।



# प्रतापनगर में भोलेनाथ सत्संग आज से

**जयपुर (मसं)।** ओम मंडली शिवशक्ति अवतार सेवा संस्थान, रायपुर (छत्तीसगढ़) की ओर से 24-25 मई को शाम चार से सात बजे तक प्रतापनगर सेक्टर 11 के कुंभा मार्ग स्थित सामुदायिक केन्द्र में भोलेनाथ सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्थान की अध्यक्ष देवकी मैया मुख्य वक्ता के रूप में आत्मा और परमात्मा के मिलन पर उद्बोधन देंगी। आध्यात्मिक उन्नति और आत्म-परिचय के लिए आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन 24 मई को शिव भोलेनाथ की दिव्य शोभायात्रा और तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें पूरे भारत से ओम मंडली के अनुयायी शामिल होंगे। वहीं 25 मई को भारत को ऑपरेशन सिंदूर में मिली सफलता के लिए ओम मंत्र का जाप किया जाएगा। इसी कड़ी में वंदेमातरम का गायन किया जाएगा। ओम मंडली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारका प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम उस स्वर्णिम युग के आगमन का संकेत है जिसकी प्रतीक्षा सदियों से की जा रही है। आयोजन केवल सत्संग नहीं बल्कि आत्मिक जागरण का पर्व है।

# पत्रकार विमल देव गुप्ता की पुस्तक का विमोचन

महानगर संवाददाता



**आसनसोल।** श्रीसीतारामजी मंदिर प्रांगण में आयोजित विमल देव गुप्ता द्वारा रचित पुस्तक 'बढ़ते कदम के महाकुंभ' संस्करण का विमोचन साहित्यकार डॉक्टर रवि शंकर सिंह, समाजसेवी आरपी खेतान, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल बाजोरिया, समाजसेवी पवन केजरीवाल, ललित झुनझुनवाला ने किया। इस अवसर पर डॉ. रवि शंकर सिंह ने कहा कि यह पुस्तक 108 पृष्ठों की है, जो माला के 108 मोतियों की तरह विमल गुप्ता की धार्मिक भावना, सामाजिक सरोकार और चिंतन-मनन का दस्तावेज है। इसकी भूमिका में लेखक ने पत्रकारिता और साहित्य की समानता को रेखांकित किया है। महाकुंभ स्नान के आल्हादित अनुभव से आरंभ यह पुस्तक विमल गुप्ता की आध्यात्मिक यात्राओं और उनके सहयात्रियों की स्मृतियों से समृद्ध है। विमल ने शिल्पांचल के धार्मिक स्थलों पर अपने अनुभव 'परिक्रमा' स्तंभ में साझा किए, जिनका विस्तार इस पुस्तक में किया गया है। पत्रकारिता क्षेत्र में उनके योगदान में रानीगंज की खान दुर्घटनाएं, कोयलांचल का सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण, अग्रहरि समाज की भूमिका, ममता बनर्जी का सियासी सफर और रानीगंज का इतिहास शामिल है। उनके संस्मरणों में कन्याकुमारी से कश्मीर रैली, मित्र विजय अग्रवाल के साथ यादें और ऑटो राजा जैसे समाजसेवियों के प्रेरक प्रसंग शामिल हैं। बराकर निवासी दैनिक विश्वमित्र के जिला प्रतिनिधि पत्रकार सज्जन पारीक ने भी फोन पर पुस्तक की सराहना की। आरपी खेतान, सीए गुंजन गुप्ता ने कहा कि धरोहर रूपी इस पुस्तक को आगामी पीढ़ियों को भी सौंपा जाएगा।



## खनक यादव ने 12वीं में हासिल किए 93 फीसदी अंक

**जयपुर (मसं)।** सोडाला स्थित लर्निंग स्टेप स्कूल की छात्रा खनक यादव ने कक्षा 12वीं आर्ट्स में 93 प्रतिशत मार्क्स हासिल किए है। खनक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और दादा-दादी को दिया है। खनक ने ड्राइंग में 100 अंक हासिल किए है।

## बीबीसी क्लासेस के विद्यार्थियों ने किया नाम रोशन



**जयपुर (मसं)।** उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में सोडाला में बीबीसी क्लास की छात्रा सृष्टि शर्मा 98.60, भाविका 93.20, पलक 91.60 और पूजा ने 91 प्रतिशत अंक लाकर शानदार परिणाम के साथ बी.बी.सी क्लासेस सोडाला का नाम रोशन किया है। बी.बी.सी क्लासेस सोडाला के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है।



### आम-सचूना

सूचित किया जाता है कि एक सम्पति आवासीय संपति, गांव तालव की ढाणी, तहसील लालसोट, जिला दौसा, राजस्थान कुल क्षेत्रफल 176.56 वर्गगज को सर्वप्रथम नगरपालिका लालसोट ने श्रीमती कमलेश सैनी पत्नी श्री चौथमल सैनी के हक में जरिये रजिस्टर्ड पट्टा दिनांक 26.10.2023 को आवंटित किया था। यह कि उक्त रजिस्टर्ड पट्टा दिनांक 26.10.2023 जो कि गुम हो चुका है जो कि आदिनांक तक नहीं मिला है। तत्पश्चात श्रीमती कमलेश सैनी पत्नी श्री चौथमल सैनी ने उक्त संपति को श्रीमती बादाम देवी को जरिये रजिस्टर्ड बख्शीशनामा दिनांक 3.12.2024 से बख्शीश कर दी। जिसके फलस्वरूप उक्त संपति के स्वामित्वधिकार श्रीमती बादाम देवी को प्राप्त हुए। बादाम देवी उक्त संपति को मेरी अभिभाष्य ऋणदात्री संस्था Criss Finance Ltd. में बंधक रखकर ऋण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त सम्पति स्वामित्व, एवं ऋण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी भी पक्ष को किसी भी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अन्दर मियाद 7 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगीं।

**अनिल खरिंटा एडवोकेट**
Second Floor, Plot no. S-7, Yatharth building
**बनीपार्क, जयपुर-302016 मो. 9024752341**

### राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय,

ज़े.एल.एन. मार्ग जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
क्रमांक : 1451 — **आम जाहिर सूचना** — दिनांक: 14.05.2025

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- 9/L/559 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 67.50 वर्ग मीटर का आवंटन श्री संजय माणक बोहरा पुत्र राम प्रसाद को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1212 दिनांक 30.06.2009 जारी किया गया था। इसके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर षष्टम में दिनांक 26.12.2014 को करवाया गया। पंजीयन उपरान्त आवंटी श्री संजय माणक बोहरा ने उक्त आवास का बेचान श्री दिलीप टिक्कीवाल पुत्र श्री बाबूलाल टिक्कीवाल को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर- प्रथम में दिनांक 01.01.2015 को करवाया गया। तत्पश्चात् श्री दिलीप टिक्कीवाल पुत्र श्री बाबूलाल टिक्कीवाल के द्वारा श्रीमती दामिनी टिक्कीवाल पत्नी श्री दिलीप टिक्कीवाल के पक्ष में उपहार पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 24.03.2018 को कराया गया। तत्पश्चात् श्रीमती दामिनी टिक्कीवाल पत्नी श्री दिलीप टिक्कीवाल के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती रविता मीना पत्नी श्री सतीश मीना को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक अष्टम में दिनांक 25.03.2021 को करवाया गया। श्रीमती रविता मीना पत्नी श्री सतीश मीना के द्वारा आवास का मूल आवंटी के नाम पंजीयन हो जाने के बाद पश्चातवर्ती अंतिम क्रेता का नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने बाबत निवेदन किया गया गया है। अतः नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ती हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती रविता मीना पत्नी श्री सतीश मीना का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

**संपदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर**

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: जविप्रा/जोन-6/2025/डी-951 — दिनांक: 21.05.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जनार्दन शर्मा पुत्र श्री नरहरी शास्त्री द्वारा रजि. विक्रय पत्र के आधार परमुरलीपुरा योजना के भूखण्ड संख्या सी-169 क्षेत्रफल 50.00 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है। जविप्रा द्वारा उक्त भूखण्ड की लीजडीड श्री धर्मन्द्र लखवानी पुत्र श्री एस.डी. लखवानी के पक्ष में जारी की गई है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के संमक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना मुरलीपुरा के भूखण्ड संख्या सी-169 का नाम हस्तान्तरण श्री जनार्दन शर्मा के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**उपायुक्त जोन-6, जविप्रा जयपुर।**

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांकः जविप्रा/उपा/पी.आर.एन.(दक्षिण-द्वितीय)2025/डी-580 — दिनांकः 23.05.25

**सूचना** (Online No. 222707)

पृथ्वीराज नगर में निम्न योजनाओं के निम्न भूखण्डधारियों/भूखण्डधारी ने नियमन /भू-आवंटन हेतु पी.आर.एन. (दक्षिण-द्वितीय), जविप्रा, जयपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। जो नाम लीजडीड/हस्तानान्तरण/प्रतिस्थापन हेतु कार्यालय को प्राप्त हुये है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी /लीजधारक का नाम | भूखंड संख्या | भूखंड क्षेत्र -फल | गृ.नि.स. स./निजी खातेदारी जविप्रा/ योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

उपायुक्त जोन-पी.आर.एन.(द.-द्वितीय) जविप्रा, जयपुर

### कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
### राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

**मुकदमा नंबर 37/2025**

चूंकि श्री ब्रजेश दुबे ने पंजीकृत प्रन्यास ग्लोबल एलाइंस फार हयूमन राइट, 56 आफिसर्स एन्कलेव, कालवाड रोड, हाथोज, [illegible] ... नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 02.05.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी-06.06.25
1877/02.05.25
मुहर

**सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

[illegible]

उपायुक्त जोन-2, जविप्रा, जयपुर

### आम सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

[illegible]

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in

[illegible] ... भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के बिन्दु संख्या 2 के उपबिन्दु -iv के क्रम में भू उपयोग परिवर्तन आवासीय से मास्टर प्लान / जोनल प्लान में दर्शित मिश्रित भू-उपयोग प्रयोजनार्थ किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भूखण्ड के साईट प्लान अनुसार पूर्व दिशा की ओर भूखण्ड संख्या बी-6, पश्चिम दिशा की ओर-40 फीट सड़क, उत्तर दिशा की ओर-160 फीट सड़क, दक्षिणी दिशा की ओर भूखण्ड संख्या बी-22 दर्शित है।

किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त भू उपयोग परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की अवधि में प्राधिकरण के कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-218डी, में दर्ज करावें। उक्त कालावधि में आपत्ति / सुझाव प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। सूचित रहे।
यह विज्ञप्ति आज दिनांक 23.05.25 को जारी की गई।

**उपायुक्त जोन-7 जविप्रा, जयपुर**

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-द्वितीय

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email ID: dhejpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Ph.: 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/298 — दिनांक :- 22/5/25

**जाहिर आम-सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 76/57, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 113.592 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री गोविन्द पाठक पुत्र श्री रविशंकर पाठक को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 7849 दिनांक 24.03.2000 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 29.05.2000 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 1014 दिनांक 02.03.2001 के द्वारा श्री गोविन्द पाठक पुत्र श्री रविशंकर पाठक के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 01.11.2001 को करवा लिया गया। श्री गोविन्द पाठक की मृत्यु दिनांक 04.01.2016 को हो जाने के कारण इनके अन्य वारिसों के पंजीकृत हकत्याग के आधार पर इनकी पत्नी श्रीमती आशा शर्मा पत्नी स्व. गोविन्द पाठक के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिय विक्रय पत्र के श्री सुरेश कुमार जैन पुत्र श्री चौथमल जैन को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 11.12.2024 को करवाया गया। श्री सुरेश कुमार जैन पुत्र श्री चौथमल जैन ने लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री सुरेश कुमार जैन पुत्र श्री चौथमल जैन के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

**सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर**

### OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, R.S.A.M.B., CIRCLE BIKANER

Rajkaj Ref No. : 15471683 — Date :- 22/05/2025

**NOTICE INVITING BID - 05/2025-26**

Bids for various building repair work of SJED, RSAMB and sub yard Chhatargarh under KUMS Bikaner (Grain) amounting Rs. 13.74 to 41.27 Lakhs are invited from eligible interested bidders up to dated 06.06.2025, 06.00 PM. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) and RSAMB website http://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb for detailed NIB.
UBN : AGM2526WSOB00219 to 228
Raj.Samwad/C/25/2896 — SUPERINTENDING ENGINEER

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या : ई.एल.जी.-04-एम05-2025-26 — दिनांक : 21.05.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

**टेन्डर संख्या : ELG-04-M05-2025-26** | **कार्य की अनुमानित लागत : Rs. 3396185.36**

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि :** BAAD (225 केएल), KXM (50 केएल), RNKA (50 केएल), FAR (50 केएल), RAH (50 केएल) और DDDM (50 केएल) स्टेशन पर पीएफ और सर्विस बिल्डिंग और पाइप नेटवर्क के लिए RCC ओवरहेड टैंक के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण कार्य और RAH स्टेशन पर बोर का पुनर्विकास।

**कार्य पूर्ण करने की अवधि : 08 माह**

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल बेव पोर्टल Indian Railways website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 18.06.2025 तक टेन्डर डाल सकते है। 894/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### कार्यालय नगर पालिका उनियारा जिला-टोंक(राज0)

Tel.- (01436) 294015 E-mail : npuniyarai@gmail.com
क्रमांक : न.पा.उ./2025-26/476 — दिनांक :- 14.05.2025

**खुली नीलामी सूचना**

नगरपालिका उनियारा द्वारा इच्छुक व्यक्तियों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका उनियारा द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर होर्डिंस (यूनिपोल) 20x10 वर्गफीट परिसंपतियों (ठेका) की नीलामी दिनांक 28.05.2025 समय दोपहर 01 बजे से सांय 03.00 बजे तक नगर पालिका उनियारा में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/फर्मो पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते बौली लगवाने से पूर्व निर्धारित धरोवर राशि जमा करवानी होगी। बोली स्वीकृत होने पर स्वीकृत राशि की 50 प्रतिशत तुरन्त नगर पालिका उनियारा कार्यालय में जमा करवानी होगी। शेष शर्ते नीलामी पूर्व किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका उनियारा कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| क.स. | परिसंपत्तियों (ठेका) की नीलामी का विवरण | निविदा शुल्क | धरोवर | न्यूनतम बोली | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 10 यूनिपोल 20x10 वर्गफिट लगाने का कार्य | 500/- | 10,000/- | 90,000/- | 3 माह |

नोट :- 1. उक्त टेण्डर की समयावधि 10 प्रतिषत प्रतिवर्ष राशि बढाकर 10 वर्ष मान्य होगी।
2. यूनिपोल /डिवायडर पोल फर्म को स्वयं लगाना होगा।
3. अवधि समाप्त होने पर लगाए गए यूनिपोल नगर पालिका उनियारा की सम्पति होगी।
4. नीलामी ठेका स्वीकृति/अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
5. व्यक्ति / फर्म को 02 नगर निकायों से संबंधित कार्यो का अनुभव/कार्यादेश 2023 से पूर्व का प्रस्तुत करना होाग।
6. रखरखाव एवं लगाने का कार्य सवंय निविदादाता का रहेगा एवं 10 वर्ष पश्चात उक्त समस्त सम्पति नगर पालिका की होगी।
7. सरकारी एवं नगर पालिका के विज्ञापन निः शुल्क लगाने होगे।
8. उक्त कार्य की धरोवर राशि नगद /डी.डी. द्वारा जमा करवानी होगी।

राज.संवाद/सी/25/2938 — अध्यक्ष — अधिशाषी अधिकारी

### फॉर्म-जी
### अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
### करणी डेवलपर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
### रियल एस्टेट क्षेत्र में कार्यरत

(दिवाला और शोधन अक्षमता (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए के उप-विनियम(1) के अधीन)

**प्रासंगिक विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पैन/सीआईएन/एलएलपी संख्या के साथ कॉर्पोरेट देनदार का नाम | करणी डेवलपर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड पैन AABCK6622J सीआईएन: U45201RJ1999PTC016008 |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | इको फ्रेंडली टूरिस्ट यूनिट, कायलाना रोड ग्राम गेनवा के पास, जोधपुर, राजस्थान, भारत, 342009 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | लागू नहीं |
| 4. | उस स्थान का विवरण जहां अचल संपत्तियों का बहुमत स्थित है | जोधपुर राजस्थान |
| 5. | कॉर्पोरेट देनदार के मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | शून्य |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | कॉर्पोरेट देनदार गैर-परिचालनशील है |
| 7. | कर्मचारियों/वर्कमैन की संख्या | शून्य |
| 8. | दो वर्षो के अंतिम उपलबध वित्तीय विवरणों (अनुसूचियों के साथ) लेनदारों की सूचि प्रक्रिया की बाद की घटनाओ हेतु प्रासंगिक तिथियां सहित अधिक विवरण निम्नलिखित यूआरएल पर उपलब्ध है। | karni.cirp@gmail.com पर ई-मेल अनुरोध के माध्यम से समाधान पेशेवर से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यहां यूआरएल पर उपलब्ध है: | karni.cirp@gmail.com पर ई-मेल अनुरोध के माध्यम से समाधान पेशेवर से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 8 जून, 2025 |
| 11. | संभावित संकल्प आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 15 जून, 2025 |
| 12. | अंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 20 जून, 2025 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तारीख | 25 जून, 2025 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 25 जून, 2025 |
| 15. | समाधान योजना प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 25 जुलाई, 2025 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए ईमेल आईडी प्रक्रिया | Karni.cirp@gmail.com |

श्री मनोज सहगल
IBBI/IPA-002/IP-N00108/2017-2018/10256
फ्लैट 71, टावर- अकेशिया 2, वाटिका सिटी, सेक्टर 49, गुड़गांव, हरियाणा-122018
दिनांक: 24.05.2025
स्थान: गुरुग्राम
कृते करणी डेवलपर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड

### सार्वजनिक विज्ञप्ति — नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

क्र:एफ-13( )उपा. आयोजना /जननि./ 2025/99 दि. 23.5.2025

विषय- राजस्थान नगर पालिका (भू-उपयोग परिवर्तन) नियम 2010 के नियम 4 (1) के अन्तर्गत आपत्तियां/ सुझाव आमंत्रित करने हेतु विज्ञप्ति। नगर निगम, जयपुर में निम्न वर्णित भूखण्ड धारक ने कॉलम 4 में वर्णित मास्टर विकास योजना 2025 ( जयपुर रीजन में निर्धारित भू-उपयोग का कॉलम 5 में वर्णित भू-उपयोग हेतु आवेदन किया है जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है।

[illegible]

आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

[illegible]

उपायुक्त जोन-9, जविप्रा, जयपुर

### शपथ-पत्र

[illegible]

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

[illegible]

उपायुक्त जोन-01, जविप्रा जयपुर

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

[illegible]

उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर

### सार्वजनिक सूचना — जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

[illegible] ... संख्या ई-125 (क्षेत्रफल 548.09 वर्गगज) की लीजडीड हेतु श्री गिरिराज प्रसाद वर्मा पुत्र श्री राजाराम मीना ने आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड की लीजडीड जारी कर दि जावेगी।

**उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-II जविप्रा, जयपुर।**

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

[illegible]

सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

### प्रपत्र संख्या

[illegible]

**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम**

### कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय

[illegible] ... विक्रय पत्र के श्री हाकिम लाल मेघवाल पुत्र श्री अमर लाल को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 18.09.2023 को करवाया गया। श्री हाकिम लाल मेघवाल पुत्र श्री अमर लाल द्वारा उक्त आवास की लीजडीड हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री हाकिम लाल मेघवाल पुत्र श्री अमर लाल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

**सम्पदा प्रबंधक, वृत्त द्वितीय, जयपुर**

### कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक सवाई माधोपुर
### विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला सवाई माधोपुर के अधीन स्थापित समस्त उच्च माध्यमिक बालक/बालिका विधालय में उपलब्ध अखबार/पत्र पत्रिका बेकार पुस्तकालय की अनुपयोगी एवं जीर्ण-शीर्ण पुस्तकों एवं अन्य प्रकार की अनुपयोगी रद्दी के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदा फार्म कार्यालय से दिनांक 23/05/25 से 09/06/25 तक प्राप्त कर दिनांक 09.06.25 को 12:00 बजे तक सील बंद लिफाफे में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक सवाई माधोपुर के यहां प्रस्तुत कर सकते है जो उस ही दिनांक को 2:00 बजे पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।

**जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक सवाई माधोपुर**

### कार्यालय आवासीय अभियंता
### राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब, जयपुर
### (उपखण्ड दौसा)

(Email Id: rcch.rhb@rajasthan.gov.in)

**-: आवश्यक सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 3/126, स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर, क्षेत्रफल 260.10 वर्ग मीटर का आवंटन श्री राजेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री कल्याण सिंह चौहान को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 932 दिनांक 30.03.1991 को जारी किया गया था व मूल आवंटी को कब्जा दिनांक 10.02.1992 को संभलवा दिया गया। तत्पश्चात मूल आवंटी श्री राजेन्द्र सिंह चौहान की दिनांक 05.06.1996 को मृत्यु हो जाने के पश्चात् नामित उत्तराधिकारी पुत्र श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह चौहान ने उक्त आवास का हस्तांतरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है।
अतः आवास संख्या 3/126, स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर के हस्तांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी **श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह चौहान** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर**

### उत्तर पश्चिम रेलवे
### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक (सिग्नल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यो के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः** मं.रे.प्र. (सिग व दूरसंचार)-07-2025-26; **कार्य का नामः** अजमेर मंडल- अजमेर मंडल के डीआरएम कार्यालय, मारवाड़ जंक्शन और भीलवाड़ा के पुराने टेलीफोन एक्सचेंजों को आयु एवं स्थिति के आधार पर आईपी आधारित पीएबीएक्स से प्रतिस्थापित करना। (एस्ट्रिक सॉफ्टवेयर का उपयोग करके)" **अनुमानित लागतः** रूपये 20948848.22; **बयाना राशिः** रूपये 254700.00; ई निविदाये खोलने की तिथि व समय दिनांक 16.06.2025 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट का पता www.ireps.gov.in 600-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

### उत्तर मध्य रेलवे
### जेम बिड सूचना 01/2025 में शुद्धिपत्र

**जेम बिड संख्याः** GEM/2025B/6054526
**विवरणः** Stainless steel की बेंच।
**शुद्धिपत्र विवरणः**

| क्र. सं. | सम्बंध में शुद्धिपत्र | From | To |
|---|---|---|---|
| 1. | बिड की नियम व शर्तें | -- | Eligibility criteria के तहत नयी शर्त जोड़ी गयी। |
| 2. | जेम बिड खुलने की तिथि | 06.06.2025 | 12.06.2025 |

**नोटः 1.** उपरोक्त सभी जेम बिड का पूरा विवरण GEM की वेबसाईट https://www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त बिड हेतु जेम बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको GEM की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए। **5.** ड्राइंग की कीमत के लिये विनिधान जेड 650- एवं बयाना राशि (ई.म.डी) जमा करने के लिये विनिधान विविध भंडार 00844517 है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए GEM की वेबसाईट की हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। 825/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in

### चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स
### ई-निविदा सूचना

**खुली निविदा सूचना संख्याः - ईएल-1542 दिनांकः - 15.05.2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/अनुरक्षण/ सीएलडब्ल्यू/ चित्तरंजन, नीचे सूचीबद्ध निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (**www.ireps.gov.in**) के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। ये निविदाएं कार्य के लिए निर्दिष्ट तिथि को 15:00 बजे तक उल्लिखित वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाएं उसी दिन (खुलने की तिथि) 15:00 बजे के बाद तुरंत खोली जाएंगी। **क्रम संख्याः (1)। निविदा संख्याः ईएल-1542। कार्य का विवरणः** सीएलडब्ल्यू, चित्तरंजन के विभिन्न कार्यालयों में बीएलडीसी पंखे की स्थापना। **निविदा समाप्त/शुरू होने की तिथिः** 06.06.2025। **अनुमानित मूल्य (रुपये):** ₹7,20,000.00। **बयाना राशि/बोली धरोहर (रुपये):** ₹14,400/- **कार्य समाप्त होने की अवधिः** 2 महीने। **प्रस्ताव की वैधताः 60 दिन। निविदा दस्तावेज की लागतः** आईआरईपीएस पोर्टल से डाउनलोड करने के लिए शून्य और उप सीईई/एम से प्राप्त करने के लिए ₹10,000.00।
1. बोलीदाता को सभी आवश्यक योग्यता दस्तावेज और पैन/जीएसटीआईएन की स्कैन प्रतियां आईआरईपीएस पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। 2. ई-टेंडर में भाग लेने के लिए बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) होना चाहिए। 3. यह कार्य जीएसटी, बीओसीडब्ल्यूडब्ल्यू (भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण), आयकर और नियमों के अनुसार अन्य वैधानिक करों सहित लागू करों के अधीन होगा। **4. समान प्रकृति के कार्य की परिभाषा 50 लाख रुपये तक के टेंडर मूल्य के लिए लागू नहीं है।** 5. टेंडर दस्तावेज और टेंडर नोटिस की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

**PR5/045** — उप.सीईई(एम)/सीएलडब्लू/सीआरजे.
www.facebook.com/clwrailways पर हमसे जुड़ें

### जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**सार्वजनिक विज्ञप्ति** — दिनांक : 23.05.2025

[illegible] ... 627 से 646, 679 से 686, 630/1109, 632/1108 कुल किता 43 रकबा 10.00 हैक्ट., भूमि पर आवासीय योजना "स्मार्ट सिटी" प्रयोजनार्थ मानचित्र अनुमोदन किये जाने हेतु जोन कार्यालय में आवेदन किया गया है। ग्राम ठिकरिया तहसील सांगानेर के खसरा 685/1169, 686/1170, 687 से 690, 1273/566, 1275/567, 466 से 469, 624, 627 से 646, 679 से 686, 630/1109, 632/1108 कुल किता 43 रकबा 10.00 हैक्ट., भूमि की 90क के अन्तर्गत निर्णय आवासीय प्रयोजनार्थ राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क के अन्तर्गत पारीत किया गया था। निजी खातेदारी की जविप्रा से अनुमोदित योजना "स्मार्ट सिटी" से लगवा ग्राम सडक जो कि आदेश दिनांक 10.08.2020 के अनुसार 18 मीटर रखे जाने का निर्णय बीपीसी एलपी कि बैठक संख्या 391 दिनांक 01.04.2025 में लिया गया है, उक्त 18 मीटर सडक जो कि जयपुर से अजमेर की ओर मेन NH-8 पर ग्राम ठिकरीया के टोल से लगभग 200 मीटर पहले व बायी ओर जिसमें ग्राम ठिकरिया तहसील सांगानेर के खसरा नम्बर 470, 471, 472, 552, 559, 565, 623, 1273/566, 1274/566, 1258/1107, 689/1168 भूमि मार्गाधिकार 18 मीटर के मध्य की सडक से प्रभावित है अत: उक्त योजना के मार्गाधिकार में आने वाली 18 मीटर सडक के मध्य से पूर्वी ओर प्रभावित भूमि को सार्वजनिक आवागमन हेतु 18 मीटर किये जाने का निर्णय लिया गया है एवं पश्चिम की ओर खातेदार द्वारा जविप्रा के हक में नि:शुल्क समर्पित की जा चुकी है। प्रकरण में जविप्रा, जयपुर की बी.पी.सी (एल.पी.) की 391वी बैठक दिनांक 01.04.2025 के निर्णय "प्रश्नगत भूमि के पूर्वी सीमा की ओर पूर्व जारी लीजडीड में प्रस्तावित 9 मीटर सडक को कुछ दूरी पर स्थित गै.मु. रास्ता की भूमि के क्रम में 18 मीटर किया गया है। उक्त सडक की सम्पूर्ण लम्बाई 18 मीटर रखी गयी है। उक्त सडक का अलाईमेन्ट गै.मु. रास्ते के खसरे के मध्य से दोनों ओर 9-9 मीटर भूमि सडक हेतु रखी गयी है। उक्त प्रस्तावित 18 मीटर सडक के मार्गाधिकार में स्थित जविप्रा एवं निजी भूमि के क्रम में अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 की अनुपालना में प्रश्नगत सार्वजनिक लोक सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।" यदि उक्त निर्णय पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षर्ता के कार्यालय जोन-11 में अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त कलावधि में आपत्ति/ सुझाव प्राप्त नहीं होने पर आगामी कार्यवाही अमल लाई जावेगी। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.05.2025 को जारी की गयी।

**उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर**

### उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेण्डर नोटिस नं0 06/2025 — दिनांकः 21.05.2025

**ई-टेण्डर नोटिस**

वरि.मं.सिग. एवं दूर सं. इंजी., उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **"खुली निविदा"** ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती है:

**क्र.सं.: 01** ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2025-17 | **कार्य की लागतः** Rs.1,96,57,619.53
**कार्य का नामः** 'आगरा मंडल में सुविधाओं के उन्नयन के साथ बिल्लोचपुरा स्टेशन के विकास' के कार्य के संबंध में दूरसंचार सुविधाएं का कार्य।

**क्र.सं.: 02** ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2025-18 | **कार्य की लागतः** Rs. 88,36,999.61
**कार्य का नामः** आगरा डिवीजन के JAB-AGA & AGA-RKM सेक्शन में एक्सल काउंटर और यूएफएसबीआई की मीडिया विविधता के लिए ओएफसी का प्रावधान का कार्य।

**निविदा बंद दिनांकः- 16.06.2025**, निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करे। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को **15:00 बजे** तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। 895/25 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/अधि.अभि. एवं त.स.नि.अ.-I/2025-26/डी-123 — दिनांक : 23.05.2025

**बिड आमंत्रण सूचना**

**बिड संख्या - अ.अ. एवं त.स.नि.अ.-I/08/2025-26**

जविप्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | यूबीएन नं. | कार्य राशि (लाखों में) | कार्य की प्रकृति | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JDA2526WSOB00166 | 78.94 | रिस्टोरेशन एवं ओ एण्ड एम | 28.05.2025 |
| 2 | JDA2526WSOB00170 | 74.88 | जंक्शन सुधारीकरण | 30.05.2025 |
| 3 | JDA2526WSOB00167 | 67.09 | सड़क एवं विविध कार्य (वार्षिक दर संविदा) | 27.05.2025 |
| 4 | JDA2526WSRC00169 | 103.54 | सिविल रिपेयर (वार्षिक दर संविदा) | 30.05.2025 |
| 5 | JDA2526WSOB00171 | 96.14 | सड़क | 02.06.2025 |
| 6 | JDA2526WSOB00175 | 186.35 | ड्रेनेज | 02.06.2025 |
| 7 | JDA2526WLOB00174 | 21870.25 | एलिवेटेड रोड | 27.06.2025 |
| 8 | JDA2526WLOB00172 | 1373.10 | सड़क | 12.06.2025 |
| 9 | JDA2526WLOB00173 | 1165.87 | सड़क | 12.06.2025 |
| 10 | JDA2526WSOB00176 | 77.78 | सड़क | 30.05.2025 |
| 11 | JDA2526WSOB00178 | 136.80 | Improvement work in Jaldhara | 02.06.2025 |
| 12 | JDA2526WSOB00177 | 137.90 | Restoration of median and tile | 04.06.2025 |

निविदा का विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/25/2943 — अधि. अभि. एवं तक.सहा.निदे.अभि.-प्रथम

## डब्ल्यूटीसी 2025: भारत के नितीन मेनन चौथे अंपायर और जवागल श्रीनाथ होंगे मैच रेफरी

# फाइनल मुकाबले के लिए हुई अंपायर्स के नामों की घोषणा

### दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स पर खेला जाएगा फाइनल



विशेष संवाददाता

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025 फाइनल के लिए मैच ऑफिशियल्स की घोषणा कर दी है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 मैच 11-15 जून के बीच ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। न्यूज़ीलैंड के क्रिस गैफाने और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को मैदानी अंपायर्स के रूप में नियुक्त हुई है। इन दोनों के पास अपार अनुभव है और दोनों ने प्रमुख आईसीसी इवेंट्स में अंपायर की भूमिका निभाई है।

**अंपायर्स के पास अपार अनुभव:** 2024 साल के सर्वश्रेष्ठ अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिंग करेंगे। वो 2021 और 2023 संस्करण में अंपायरिंग का हिस्सा रहे हैं। गैफाने दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिंग करेंगे। वो 2023 डब्ल्यूटीसी फाइनल में ये काम कर चुके हैं। इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबरों टीवी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। 2021 डब्ल्यूटीसी फाइनल में केटलबरों भी अंपायर थे। भारत के नितीन मेनन चौथे अंपायर की भूमिका में होंगे। वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिंग में अपना डेब्यू करेंगे। मैच रेफरी की भूमिका में भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ होंगे, जिनके पास अपार अनुभव है।

# पंजाब किंग्स जीती तो अंक तालिका में होगा बड़ा उलटफेर

### दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जयपुर में मुकाबला आज

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** आईपीएल 2025 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स की भिड़ंत होगी। यह मुकाबला आईपीएल निलंबन से पहले रद्द हुए मैच का रिमैच है, लेकिन हालात अब पूरी तरह बदल चुके हैं। पीबीकेएस पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है, इसलिए उनके लिए अब टॉप-2 में जगह बनाना बेहद अहम है। वहीं डीसी जो अब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, सिर्फ सम्मान के लिए खेलते हुए अपने सीजन का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

### टॉप 2 में एंट्री की कोशिश

पंजाब किंग्स इस मैच में जीत के साथ टॉप-2 में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी, जो 2014 के बाद उनकी पहली टॉप-4 फिनिश हो सकती है। दिल्ली के लिए यह मैच सम्मान की उम्मीद बचाए रखने का मौका है, लेकिन उनकी राह मुश्किल नजर आती है। शीर्ष क्रम की टक्कर एक दिलचस्प मुकाबला पेश करने वाली है, जहां दो टीमों की बल्लेबाजी ताकत में जमीन-आसमान का फर्क नजर आता है।

पीबीकेएस का शीर्ष क्रम इस सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है, जिनकी औसत 36.5 है, जो लीग में गुजरात टाइटंस (58.3), लखनऊ सुपर जायंट्स (40.5) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (37.3) के बाद चौथे नंबर पर है। दूसरी ओर डीसी की शुरुआत बेहद कमजोर रही है, जहां उनके शीर्ष तीन बल्लेबाजों की औसत केवल 27.1 रही है, जो चेन्नई सुपर किंग्स (23.2) और कोलकाता नाइट राइडर्स (26.2) के बाद सबसे कम है। ऐसे में यह मुकाबला रणनीतिक रूप से अहम होगा, जहां पीबीकेएस अपनी मजबूत शुरुआत का फायदा उठाकर डीसी पर दबाव बनाना चाहेगी।

# ईशान किशन के तूफान ने बिगाड़ा विराट कोहली की आरसीबी का खेल

### हैदराबाद ने आरसीबी को हराकर टॉप-2 की राह में खड़ी की परेशानी

महानगर संवाददाता

**लखनऊ।** ईशान किशन (नाबाद 94) की शानदार पारी और फिर गेंदबाजों के अहम समय पर विकेट चटकाने के कारण सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 42 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद ने 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 231 रन बनाए थे। आरसीबी काफी कोशिशों के बाद 19.5 ओवरों में 189 रन ही बना सकी। आरसीबी के लिए फिल सॉल्ट ने अर्धशतकीय पारी खेली। कोहली अर्धशतक से चूक गए। वहीं हैदराबाद के लिए कप्तान पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए। ईशान मलिंगा के हिस्से दो विकेट आए।

### आरसीबी की दमदार शुरुआत

232 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी आरसीबी के लिए कोहली और सॉल्ट ने आरसीबी को दमदार शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 80 रनों की साझेदारी की। कोहली को 43 के निजी स्कोर पर हर्ष दुबे ने




अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। उन्होंने 25 गेंदों का सामना करते हुए सात चौके और एक छक्का मारा। सॉल्ट ने 10वें ओवर की चौथी गेंद पर चौका मारते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। 12 साल बाद आरसीबी में लौटने वाले मयंक अग्रवाल कुछ प्रभाव नहीं छोड़ सके। उन्हें नीतीश रेड्डी ने 11वें ओवर की चौथी गेंद पर ईशान के हाथों कैच कराया। वह 10 गेंदों पर 11 रन ही बना सके। उनके बाद फिल सॉल्ट भी पैट कमिंस का शिकार हो गए। उन्होंने 32 गेंदों पर चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। रजत पाटीदार और जितेश शर्मा ने सॉल्ट के जाने के बाद आरसीबी की उम्मीदों को जिंदा रखा, लेकिन 16वां ओवर लेकर आए ईशान मलिंगा ने पहले रजत पाटीदार को आउट किया और फिर रोमारियो शेफर्ड को पवेलियन भेजा। रजत ने 16 गेंदों पर एक चौके की मदद से 18 रन बनाए। जितेश ने 15 गेंदों पर 24 रन बनाए। कमिंस ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर भुवनेश्वर कुमार को बोल्ड कर दिया। क्रुणाल पांड्या 19वें ओवर की चौथी गेंद पर हिटविकेट हो गए। हर्षल पटेल ने यश दयाल को आउट कर आरसीबी की पारी का अंत कर दिया।


### हैदराबाद की पुरानी फॉर्म लौटी

इससे पहले खराब फार्म से जूझ रहे हैदराबाद के विकेटकीपर ईशान किशन का बल्ला आरसीबी के खिलाफ खूब गरजा। उन्होंने 48 गेंद पर 5 छक्के और 7 चौकों की मदद से 94 रन बनाए। इसके पहले अभिषेक शर्मा (34) ने एक और आक्रामक पारी से टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। हालांकि, दूसरे छोर पर कोविड संक्रमण से वापसी करने वाले ट्रेविस हेड (17) और हेनरिक क्लासेन (24) तेज खेलने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। अनिकेत वर्मा (26) भी क्रीज पर समय के बाद बड़ी पारी खेलने में विफल रहे।

# वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड ने जड़ा वनडे में सबसे तेज अर्धशतक!

### सिर्फ चौके-छक्कों से बना डाले 56 रन, एबी डिविलियर्स के रिकॉर्ड की बराबरी

विशेष संवाददाता



**डबलिन।** मैथ्यू फोर्ड ने शुक्रवार को शानदार अंदाज में अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने डबलिन में वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच दूसरे वनडे के दौरान वन-डे इंटरनेशनल (वनडे) इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए 23 वर्षीय खिलाड़ी ने महज 16 गेंदों पर धमाकेदार अर्धशतक जड़ा, जो 2015 में एबी डिविलियर्स द्वारा इसी वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी करता है।

फोर्ड की तूफानी पारी मेहमान टीम के लिए एकदम सही समय पर आई, जो पहले वनडे में मिली करारी हार के बाद तीन मैचों की सीरीज में बराबरी करना चाह रही थी। आखिरकार वह 47वें ओवर में 19 गेंदों पर 58 रन बनाकर आउट हो गए, जिसमें उन्होंने दो चौके और आठ गगनचुंबी छक्के लगाए। इस दौरान उनके 58 में से 56 रन बाउंड्री के जरिए आए, जिससे आयरिश गेंदबाज उनकी बल्लेबाजी से हैरान रह गए। फोर्ड के अंतिम क्षणों में किए गए आक्रमण की बदौलत, वेस्टइंडीज ने 50 ओवरों में आठ विकेट पर 352 रन का शानदार स्कोर खड़ा किया जो कि सीरीज के पहले मैच में उनकी बल्लेबाजी के पतन से एक बड़ा बदलाव था।

# राजस्थान बीच कबड्डी टीम ने जीता रजत पदक

### फाइनल में हरियाणा ने 48-29 से हराया



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** खेलो इंडिया बीच गेम्स में शुक्रवार को राजस्थान कबड्डी बीच टीम को खिताबी मुकाबले में हरियाणा से हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान ने रजत पदक जीता। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि हरियाणा ने फाइनल में राजस्थान को 48-29 अंकों से पराजित किया। इस जीत पर राजस्थान टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हार-जीत तो खेल का हिस्सा है, अगली बार इस पदक का रंग बदलेंगे। परिषद के खेल प्रबन्धक और राजस्थान दल के चीफ डे मिशन नरेन्द्र भूरिया ने बताया कि 30 मिनट के इस खेल में 15-15 मिनट के दो हाफ होते हैं और एक टीम में चार खिलाड़ी खेलते हैं। उन्होंने बताया कि टीम की सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की फिटनेस को जाता है। एबीटीपी की फिजियो डॉ. निकिता राणावत ने खिलाड़ियों की फिटनेस मेंटेन करने में मदद की। राजस्थान टीम में अभिजीत, जय भगवान, महेन्द्र, राजेन्द्र, बाजेन्द्र और मोतीराम व प्रशिक्षक सोहन राम शामिल रहे।

# कीवी ऑलराउंडर ने क्रिकेट को कहा अलविदा

### न्यूजीलैंड के लिए खेले हैं पांच बार टी20 वर्ल्ड कप

विशेष संवाददाता



**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर हेली जेनसन ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। जेनसन ने 11 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए कुल 88 मैच (35 वनडे और 53 टी20) खेले, जिसमें सभी प्रारूपों में कुल 76 विकेट शामिल रहे। यही नहीं, हेली जेनसन पांच बार आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुकी हैं। उन्होंने 2022 में अपने घरेलू आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप अभियान के दौरान न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया। साथ ही 2014, 2018, 2020 और 2023 में आईसीसी महिला टी 20 वर्ल्ड कप आयोजनों में भी न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा रहीं।

### साल 2020 में किया बेहतरीन प्रदर्शन

उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 में आया, जहां उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीन विकेट चटकाए और इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी मिला। वह सात विकेट लेकर न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी के रूप में टूर्नामेंट का समापन किया।

# ओली पोप ने आठ अलग-अलग टीमों के खिलाफ जड़ा शतक

### टेस्ट क्रिकेट में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नॉटिंघम।** भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में ओली पोप ने शतक जड़कर एक खास उपलब्धि हासिल की, जो किसी अन्य बल्लेबाज ने इससे पहले नहीं हासिल की थी। नॉटिंघमके ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड और जिम्बाब्वे के बीच एकमात्र टेस्ट मैच खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन इंग्लैंड ने पहली पारी 565 रन बनाकर घोषित कर दी। इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर के तीन बल्लेबाजों ने शतक जड़ा। जैक क्रॉली, बेन डकेट और ओली पोप ने शतकीय पारी खेली।

ओली पोप का यह 8वां टेस्ट शतक रहा। इस शतक की मदद से पोप ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। दरअसल, पोप दुनिया के ऐसे पहले बल्लेबाज बने, जिन्होंने आठ अलग-अलग टीमों के खिलाफ अपने टेस्ट शतक जड़े हैं। वह 55 टेस्ट मैच में 3301 रन बना चुके हैं, जिसमें 8 शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं।

**ओली पोप के आठ टेस्ट शतक**

साउथ अफ्रीका- 2020, न्यूजीलैंड- 2022, पाकिस्तान- 2022, आयरलैंड- 2023, इंडिया- 2024, वेस्टइंडीज- 2024, श्रीलंका- 2024, जिम्बाब्वे- 2025.

# नक्ष, निशांक व लक्षिता बने जूनियर चैम्पियन



### सीनियर ओपन व वेटर्न कैटेगरी के मैचों का रोमांचक दौर जारी

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** गुरुकृपा स्पोर्ट्स अकेडमी द्वारा आयोजित श्रीमाधोपुर बैडमिंटन लीग में शुक्रवार को अंडर 11 वर्ष मुकाबले में नक्ष माथुर सीकर ने वेदांत पारीक श्रीमाधोपुर को, अंडर 13 वर्ष में निशांक खीचड़ ने अर्णव शर्मा को तथा अंडर 15 बालिका वर्ग में लक्षिता कटारिया ने वैष्णवी चौधरी को हराकर जूनियर चैम्पियनशिप खिताब अपने नाम किया। श्रीमाधोपुर बैडमिंटन संघ के सचिव कमलेश पारीक ने बताया कि बाल वर्ग में श्रीमाधोपुर व सीकर की टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। प्रतियोगिता में सीनियर ओपन व वेटर्न केटेगरी के मैचों का रोमांचक दौर शुक्रवार से शुरू हुआ। संयोजक सुरेश बिजारनियां के अनुसार समापन 25 मई को होगा।

# श्रीलंकाई ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज का टेस्ट से संन्यास का ऐलान

विशेष संवाददाता



**कोलंबो।** श्रीलंका के दिग्गज ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसका ऐलान किया। मैथ्यूज ने बताया कि जून में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट उनका आखिरी मैच होगा। मैथ्यूज ने टेस्ट करियर में 118 मैच खेले और 444.63 की औसत से 8167 रन बनाए। इनमें 16 शतक और 45 अर्धशतक शामिल हैं। 200 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत पारी रही। मैथ्यूज ने इसके अलावा 33 विकेट भी लिए। 44 रन देकर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा। मैथ्यूज ने पहला टेस्ट 2009 में गॉल में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था।

## इंफोटेनमेंट

# पायल घोष ने रद्द की तुर्की यात्रा



**एक्ट्रेस** पायल घोष ने अपनी तुर्की यात्रा को रद्द करने के कारणों का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं हो सकते। दरअसल, भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद तुर्की और अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। इसी वजह से भारतीयों में तुर्की के प्रति नाराजगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान के संदर्भ में, जिसमें उन्होंने कहा था 'खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते', पायल ने कहा कि पीठ में छुरा घोंपना और पर्यटन एक साथ नहीं हो सकते। उन्होंने बताया कि उन्हें 30 लाख रुपए का अच्छा ऑफर मिला था, फिर भी उन्होंने तुर्की जाने से साफ इनकार कर दिया। पायल घोष ने कहा, 'पैसा देश की इज्जत और गर्व से ऊपर नहीं हो सकता। मैं सबसे पहले एक भारतीय हूं, फिर एक एक्ट्रेस या आर्टिस्ट। जैसे हमारे प्रधानमंत्री ने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, वैसे ही पीठ में छुरा घोंपना और टूरिस्ट विजिट्स और एंटरटेनमेंट एक साथ नहीं हो सकता।' पायल घोष ने कहा, 'अगर तुर्की ने ऐसे अहम वक्त में पाकिस्तान का साथ चुना, तो वे हम भारतीयों से या हमारे टूरिज्म से कमाई की उम्मीद नहीं कर सकते, चाहे वो सेलिब्रिटी के रूप में हो या आम पर्यटक के तौर पर। मैं अपने फैसले को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हूं, इसलिए मैंने तुर्की जाने का प्लान रद्द कर दिया। भगवान की कृपा से मुझे जो चाहिए, वह सब मिला है। मैं पैसे के लिए अपने देश को कभी पीछे नहीं रख सकती। जय हिंद।'

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के लिए आलिया भट्ट ने भरी उड़ान



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस आलिया भट्ट कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में जल्द ही रेड कार्पेट पर डेब्यू कर सकती हैं। अभिनेत्री का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें कान्स में शामिल होने के लिए जाते देखा गया है। अभिनेत्री के डैशिंग लुक ने उनके प्रशंसकों को किया खुश। देखें वीडियो। शुक्रवार की सुबह आलिया भट्ट को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा कि अभिनेत्री फ्रेंच रिवेरा के लिए उड़ान भरने जा रही थीं, जहां वह रेड कार्पेट पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगी। वायरल वीडियो में आलिया का एयरपोर्ट पर डैशिंग अंदाज दिखा। उन्होंने फिटेड व्हाइट टॉप और बैगी ब्लू डेनिम्स के साथ बेज ट्रेंच कोट पहना हुआ था। साथ ही, उन्होंने डार्क एविएटर्स भी पहने हुए थे और ब्लैक गॉगल भी लगाया हुआ था। इस लुक को देख दर्शकों को अब उनके कान्स समारोह के अंदाज का इंतजार है।

**स्टोरी शेयर कर सभी अटकलों को किया खारिज:** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू को लेकर खुशी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने अपने बैग की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें किताबें और ब्यूटी प्रोडक्ट्स रखे हुए हैं। तस्वीर शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, 'हम चलते हैं।' इस संदेश के जरिए अभिनेत्री ने अपने उन सभी कयासों को खत्म किया, जिसमें कहा जा रहा था कि वह कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगी। आलिया भट्ट जल्द ही अपने पति रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल भी मुख्य भूमिका में होंगे।

# एक-दूजे को पंच करते नजर आए ऋतिक रोशन-वेदांग रैना



**अभिनेता** वेदांग रैना ने 6 साल बाद ऋतिक रोशन के साथ इतिहास दोहराया है। अभिनेता ने हाल ही में एक फिटनेस ब्रांड के लिए ऋतिक रोशन के साथ शूटिंग की थी और इंस्टाग्राम पर शूट की कुछ झलकियां साझा करते हुए, वेदांग ने याद किया कि कैसे उनका पहला मॉडलिंग असाइनमेंट भी 'कृष' अभिनेता के साथ ही था। वेदांग ने ऋतिक के साथ इंस्टाग्राम पर कुछ खास तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'असली फुल सर्कल पल। मेरा पहला मॉडलिंग गिग (और पहला पेचेक)। मैं कभी नहीं भूलूंगा कि मैं इसे लेकर कितना उत्साहित था। 6 साल बाद और ऋतिक के साथ @hrithikroshan फिर से। पहले भी फैनबॉय था और अब भी फैनबॉय हैं।' ओरी ने कमेंट में लिखा, '15 से 25 तक'. वीर पहाड़िया ने कमेंट में इमोजी पोस्ट किया। एक्टर अक्षय शर्मा ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए। वहीं एक फैन ने लिखा, 'आशा और प्रार्थना है कि आप दोनों को एक साथ किसी फिल्म में देखूं', एक और फैन ने लिखा, 'एक फ्रेम में दो खूबसूरत पुरुष।'

# फिर स्क्रीन पर ताबड़तोड़ वापसी करने को तैयार सपना चौधरी



**डांसर** और अभिनेत्री के तौर पर पहचानी जाने वाली सपना चौधरी ने अपने फैंस को बहुत बड़ी खुशखबरी दी है। डांसर का एक नया गाना 'शीशा' जल्द रिलीज होने वाला है, जिसकी जानकारी सपना ने अपने सोशल मीडिया पर दी है। इसे सुन यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

### गाने के बारे में दी जानकारी

सपना चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने अपने नए एल्बम 'शीशा' का ऐलान किया है, जो जल्द रिलीज होने वाला है।

इसमें सपना व्हाइट ड्रेस संग सिर पर क्राउन पहने दिख रही हैं, जिसमें वो परी जैसी लग रही हैं। इस गाने को राहुल भारद्वाज द्वारा गाया गया है और एल्बम का निर्देशन साहिल संधू ने किया है। इस एल्बम को देसी गीत बैनर के तले तैयार किया गया है।

### यूजर्स ने दिए रिएक्शन

डांसर और अभिनेत्री सपना चौधरी के इस पोस्ट को देख इंस्टाग्राम यूजर्स शानदार प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'नए गाने की बधाई सपना'। दूसरे यूजर ने सपना के लुक पर कहा कि वो बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने लिखा कि सपना की झलक सबसे अलग।

### सपना चौधरी के बारे में

सपना चौधरी टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 11' में प्रतिभागी रह चुकी हैं। इसके साथ ही वो अपने कई हरियाणवी गानों से दर्शकों के बीच काफी मशहूर हैं। उनके कुछ प्रसिद्ध गानों में 'तेरी आंखों का यो काजल', 'चटक मटक' शामिल हैं। इसके अलावा वह भोजपुरी और पंजाबी इंडस्ट्री में भी काम कर चुकी हैं।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश के बाद शुरू हुआ अभियान, अवैध बांग्लादेशियों का एक और जत्था रवाना

# भारत-पाक तनाव के बाद 153 लोग फ्लाइट से भेजे पश्चिम बंगाल

महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** भारत-पाक में हुई तनावपूर्ण स्थिति के बाद अब प्रदेशभर में अवैध बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जा रहा है। अवैध बांग्लादेशियों की धरपकड़ करने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। इस अभियान के तहत शुक्रवार को 153 लोगों का एक जत्था फ्लाइट से पश्चिम बंगाल भेजा गया। वहां से इन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। राजस्थान से अब तक (14 से 23 मई तक) 301 अवैध बांग्लादेशियों को भेजा गया है।



कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को 153 अवैध बांग्लादेशियों का एक जत्था जोधपुर से रवाना किया गया। इनको शुक्रवार सुबह कड़ी सुरक्षा में जोधपुर एयरपोर्ट लाया गया। इसके बाद विमान से पश्चिम बंगाल रवाना किया। वहां से बीएसएफ इन्हें बांग्लादेश में डिपोर्ट करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले 14 मई को सीकर से 148 बांग्लादेशियों को जोधपुर लाया गया था, जिन्हें एयरफोर्स स्टेशन से सेना के विशेष विमान से भेजा गया था।

### 1008 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

राजस्थान में 17 जिलों से 1008 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया था। इनमें जयपुर रेंज में ही 761 बांग्लादेशी हैं। सीकर में सबसे ज्यादा 394 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए। दस्तावेजों की जांच के बाद पहली खेप सीकर से 14 मई को 148 बांग्लादेशी नागरिकों की जोधपुर लाई गई थी। इन्हें पहले जोधपुर लाया गया था। यहां से सेना के विशेष विमान से भेजा गया था। अब शुक्रवार को दूसरी खेप में 153 बांग्लादेशी नागरिकों को पश्चिम बंगाल भेजा गया है। वहां से इन्हें बीएसएफ बांग्लादेश डिपोर्ट करेगी।

### पहलगाम हमले के बाद चलाया अभियान

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सरकार हरकत में आई थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिलों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को ढूंढ़ने को कहा था। इसके लिए बाकायदा अभियान चलाया गया। इसके बाद विभिन्न जिलों में अवैध रूप से रह रहे ऐसे नागरिकों को पकड़ा गया। ये लोग अपनी पहचान छुपाकर रह रहे थे। प्रदेश में इनके खिलाफ विशेष अभियान के तहत छह डिटेंशन सेंटर बनाए गए हैं। इनमें अलवर, उदयपुर का झाड़ोल, नागौर के मेड़ता, बहरोड़ में एक-एक और जयपुर में दो डिटेंशन सेंटर बनाए गए हैं। इनमें अलवर का डिटेंशन सेंटर स्थाई है, जबकि घुसपैठियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करने के लिए पांच अस्थाई डिटेंशन सेंटर बनाए गए हैं। इन डिटेंशन सेंटर में करीब 1008 बांग्लादेशियों को डिटेन किया गया है।

## पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व्यास को अर्पित की पुष्पांजलि



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को यहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामकिशोर व्यास की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान देवनानी ने कहा कि व्यास ने स्वतंत्रता आंदोलन में भी भाग लिया और विधानसभा की समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नवरंग सिंह, प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा, वरिष्ठ उपसचिव पुरुषोत्तम शर्मा, उपसचिव सुशील कुमार शर्मा एवं व्यास के परिजन दिनेश व्यास सहित विधानसभा के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि व्यास 20 मार्च 1972 से 18 जुलाई 1977 तक विधानसभा के चौथे अध्यक्ष रहे थे।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री ने जेजेएम और अमृत-2 योजना की प्रगति की समीक्षा की

# प्रत्येक घर तक जल पहुंचाने के लिए अधिकारी करें प्रभावी मॉनिटरिंग : चौधरी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शुक्रवार को सीकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना की प्रगति की समीक्षा की और विभागीय कार्यों में अधिक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

भू-जल मंत्री चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना के तहत प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और प्रत्येक घर तक जल पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। उन्होंने अधीक्षण अभियंता, सीकर को निर्देश दिए कि वे विधानसभावार उन गांवों की सूची तैयार करें, जहां अभी तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। उन्होंने यह सूची संबंधित एसडीएम और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ साझा कर समन्वय के साथ कार्य करने और जल आपूर्ति में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा। उन्होंने कलेक्टर मुकुल शर्मा को जल जीवन मिशन के कार्यों की सख्त मॉनिटरिंग करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधि स्तर पर भी इन कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से दांतारामगढ़, फतेहपुर, धोद और खंडेला जैसे जल की कमी वाले क्षेत्रों में प्रभावी मॉनिटरिंग और त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया गया। भू-जल मंत्री चौधरी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसका लक्ष्य अगले 30 वर्षों तक प्रत्येक घर में नल के माध्यम से स्वच्छ जल उपलब्ध कराना है।



### जनप्रतिनिधियों ने मंत्री के समक्ष रखीं समस्याएं

भू-जल मंत्री ने अमृत-2 योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में जल से संबंधित समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। इस पर कलेक्टर ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि आगामी सप्ताह में जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की जाए।

### 'आवंटित की गई है पर्याप्त राशि'

भू-जल मंत्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर ग्रीष्मकालीन आकस्मिक योजना के लिए जिलों की मांग के अनुसार पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाए। साथ ही आपणी योजना के तहत लक्ष्मणगढ़ और फतेहपुर में प्रोजेक्ट के तहत पानी की आपूर्ति की प्रगति रिपोर्ट 15 दिनों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने के बाद सीसी कार्य और उच्च गुणवत्ता की पाइप का उपयोग सुनिश्चित करने तथा ट्यूबवेल की गहराई बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पाइप डालने के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए।

# बच्चों को कानूनी सहायता प्रदान करना है साथी अभियान का उद्देश्य

### जिला साथी समिति के सदस्यों के लिए आमुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला, जयपुर महानगर प्रथम व जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी साथी अभियान के तहत जयपुर क्षेत्र के लिए गठित जिला साथी समिति के सदस्यों की आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला पवन कुमार जीनवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम दीपेंद्र माथुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय पल्लवी शर्मा ने कार्यक्रम शिरकत की। इस दौरान पवन कुमार जीनवाल ने योजना की रूपरेखा समझाते हुए समिति के सदस्यों को समिति द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यों की मूलभूत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जिनके पास परिवार का समर्थन, संरक्षकता या आश्रय, सुरक्षा और देखभाल का कोई स्थिर स्रोत नहीं है, इसके अलावा सड़कों पर, झुग्गी-झोपड़ियों में या रेलवे स्टेशनों पर रहने वाले बच्चे, बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले, नहीं रहने वाले अनाथ बच्चे, परित्यक्त बच्चे या तस्करी, भीख मांगने, बाल श्रम से बचाए गए बच्चे, अनौपचारिक आश्रयों या अपंजीकृत बाल देखभाल गृहों में रहने वाले बच्चे, लापता बच्चे जो बरामद हुए हैं और जिन्हें परिवार को नहीं सौंपा गया है, उनकी पहचान कर उनका आधार पंजीकरण और कानूनी सहायता प्रदान करना है।

कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्य ब्रजमोहन मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण, राजेश जाखड़ एसडीएम जयपुर, अंजू वर्मा एसडीओ सांभर, बजरंग स्वामी एसडीएम आमेर, प्रियंका पंवार सीडीपीओ, अनिता मुवाल उपनिदेशक बाल संरक्षण इकाई जयपुर, डॉ. रवि शेखावत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम, डॉ. मनीष मित्तल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय, सुनील सिंघल जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, बीपी चंदेल संयुक्त निदेशक समाज कल्याण विभाग, विभिन्न तहसीलों के तहसीलदार, एनजीओ के प्रतिनिधि, पैनल अधिवक्ता व पैरालीगल वालेंटियर्स (अधिकार मित्र) आदि मौजूद रहे।

आरएलडी प्रदेश अध्यक्ष बनने का बाद पहली प्रेसवार्ता

## अवाना का बड़ा ऐलान, आरएलडी को बनाएंगे राजस्थान की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी



### किसान, युवा और मजदूरों के मुद्दों पर फोकस, संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पेश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना ने शुक्रवार को कंस्टीट्यूशन क्लब में पहली प्रेसवार्ता में पार्टी का विजन और एक्शन प्लान सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य राजस्थान में तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनना है और इसके लिए हर जिले से लेकर बूथ तक संगठन को मजबूत किया जाएगा। अवाना ने कहा कि आरएलडी किसान, युवा और मजदूरों के मुद्दों को लेकर काम करती रही है और आगे भी यही प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह की नीतियों को राजस्थान में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी, प्रदेश प्रभारी मलूक नागर, विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, प्रवक्ता मनोज चौधरी समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संभाग से बूथ तक संगठन विस्तार

अवाना ने घोषणा की कि अगले महीने से वे पूरे प्रदेश का दौरा शुरू करेंगे। पार्टी का सदस्यता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं को ब्लॉक और बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा। पंचायत और निकाय चुनावों में पार्टी मजबूती से भाग लेगी। अवाना ने चौधरी चरण सिंह को किसानों का असली मसीहा बताया और कहा कि उनकी भूमि सुधार और जमींदारी उन्मूलन जैसी नीतियों ने लाखों किसानों की जिंदगी बदली है। वहीं चौधरी अजीत सिंह ने अपने पिता की विचारधारा को आधुनिक दौर में तकनीकी नवाचारों के साथ आगे बढ़ाया।

# कांस्टेबल भर्ती-2025 के ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन के लिए दिया 5 दिन का समय

- **300 रुपए शुल्क देकर 26 से 30 मई तक कर सकेंगे त्रुटि सुधार**
- **आवेदक अपनी एसएसओ आईडी और पासवर्ड किसी से भी ना करें साझा**

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** राजस्थान पुलिस द्वारा कांस्टेबल भर्ती के लिए विज्ञापित 10000 पदों के लिए आमंत्रित किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन एवं त्रुटि सुधार का अवसर प्रदान किया गया है। 26 से 30 मई तक निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अभ्यर्थी अपने आवेदन में संशोधन कर सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा विभिन्न जिला, यूनिट एवं बटालियन में कांस्टेबल सामान्य, चालक, बैंड एवं पुलिस दूरसंचार के कांस्टेबल व चालक के 10000 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 25 मई तक योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

एडीजी पांडेय ने बताया कि भर्ती के लिए जारी विज्ञप्ति के अनुसार आवेदन पत्र भरे जाने की अंतिम दिनांक से 5 दिन तक भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन का अवसर दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन में संशोधन के लिए अभ्यर्थी को 300 रुपए शुल्क देना होगा। अभ्यर्थी आवेदन पत्र में स्वयं का नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक, जेंडर, पदनाम एवं आवेदन पत्र की संख्या के अतिरिक्त कोई भी संशोधन कर सकता है। आवेदन पत्र में संशोधन 26 से 30 मई को रात 11:59 बजे तक किया जा सकेगा। यहां ध्यान रखने योग्य है कि आवेदक अपनी एसएसओ आईडी और पासवर्ड अन्य किसी को साझा नहीं करें। इस आधार पर हुए संशोधन के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। निर्धारित दिनांक के बाद आवेदन पत्र में कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## राठौड़ ने जताया दुख, संजय बघेल के पिता को दी श्रद्धांजलि

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ शुक्रवार को आगरा दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने अपने निजी सचिव संजय बघेल के घर जाकर उनके दिवंगत पिता रामशंकर सिंह बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। राठौड़ ने शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, विधि प्रकोष्ठ संयोजक सौरभ सारस्वत सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



## दो स्थानों से 500 किलो से ज्यादा अवैध डोडा-चूरा बरामद

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने दो जगह कार्रवाई कर पांच सौ किलो से ज्यादा अवैध डोडा-चूरा जब्त किया है।

जिला अफीम अधिकारी चित्तौड़गढ़-2 और चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ राजमार्ग पर, नपावली गांव के पास एक हुंडई वेन्यू कार को रोक इसमें छिपाए गए 311.490 किलोग्राम वजन के 18 प्लास्टिक बैग अवैध डोडा-चूरा को जब्त किया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जिला अफीम अधिकारी चित्तौड़गढ़-2 और चित्तौड़गढ़ सेल की एक टीम गठित करके रवाना की गई। संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई और सीबीएन अधिकारियों द्वारा 22 मई को वाहन की पहचान के बाद वाहन को निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ राजमार्ग पर निकुंभ चौराहे के पास रुकने का इशारा किया गया। चालक ने वाहन की गति बढ़ा दी और सरकारी वाहन और निवारक दल को टक्कर मारने का प्रयास किया और भाग गया। निवारक दल ने वाहन का पीछा किया और वाहन को नापावली के पास रोका गया, लेकिन चालक रात का फायदा उठाकर वाहन को छोड़कर खेतों में भाग गया। वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें छिपाकर रखे गए 311.490 किलोग्राम वजन के अवैध डोडा-चूरा के कुल 18 प्लास्टिक बैग बरामद किए गए। यह कार्रवाई नरेश बुंदेल, उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा के मार्गदर्शन में की गई।



### घर से भी की बरामदगी

इसके अलावा चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने ही गुरुवार को ग्राम-मजेरा तह. देलवाड़ा, राजसमंद में एक घर पर छापा मारा और 213.900 किलोग्राम अवैध सीपीएस डोडा-चूरा बरामद किया। एक वाहन को जब्त करके और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। टीम ने जिस घर पर छापा मारा, उसमें बने एक विशेष चैंबर में छुपाकर रखे गए 8 प्लास्टिक ड्रम बरामद किए गए, जिनमें कुल 213.900 किलोग्राम अवैध सीपीएस डोडा-चूरा भरा हुआ था।

**साइबर अलर्ट : सोशल मीडिया एप में मीडिया ऑटो डाउनलोड ऑप्शन बंद रखें, अनजान द्वारा भेजी गई फाइल या लिंक को ओपन ना करें**

# धोखाधड़ी के लिए फोटो, ऑडियो, वीडियो या लिंक भेज कर रहे ठगी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस साइबर अपराध हेमंत प्रियदर्शी के निर्देश पर साइबर ठगी की घटनाओं की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के लिए पुलिस मुख्यालय के साइबर कमांडो और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ लगातार लोगों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। फोन पर आने वाले संदिग्ध फोटो, वीडियो और लिंक से बचने के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण बातें बताई हैं।

उनका कहना है कि इन दिनों एक साइबर अपराध काफी चर्चा में है और काफी लोगों के साथ हो रहा है। अनजान व्यक्ति आपको व्हाट्सएप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फोटो, ऑडियो, वीडियो या लिंक भेजता है। आप जैसे ही उस इमेज या ऑडियो आदि को ओपन या प्ले करते हैं, उसी वक्त आपके फोन का एक्सेस साइबर अपराधी के पास चला जाता है, यानी आपका फोन हैक हो जाता है। इस संदर्भ में पुलिस मुख्यालय की साइबर विंग ने एडवाइजरी जारी की है।



पुलिस मुख्यालय के साइबर कमांडो महेश कुमार ने बताया कि फोन हैक होने के बाद आपके मैसेज और कॉल आदि को साइबर अपराधी द्वारा अन्य नंबरों पर फॉरवर्ड कर दिया जाता है और फॉरवर्ड मैसेज आदि से प्राप्त ओटीपी को काम में लेकर आपके बैंक अकाउंट से पैसे निकाले जा सकते हैं या फिर कोई ऐसा कोड छुपा हुआ होता है, जिससे आपके फोन में कोई एपीके फाइल डाउनलोड हो जाती है। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर एक फोटो डाउनलोड करके देखने से या ऑडियो सुनने से फोन हैक कैसे किया जा सकता है? इसके पीछे एक तकनीक कार्य करती है, जिसे स्टेग्नोग्राफी कहा जाता है। स्टेग्नोग्राफी का अर्थ होता है- छुपाकर लिखना।

### फिशिंग लिंक्स

ठग फर्जी ईमेल या मोबाइल पर मैसेज भेजते हैं। इसमें आकर्षक ऑफर लॉटरी जीतने का दावा या किसी सरकारी योजना का लालच दिया जाता है। इन मैसेज में एक लिंक होता है, जिस पर क्लिक करने को कहा जाता है। लिंक पर क्लिक करते ही आप एक नकली वेबसाइट पर पहुंच जाते हैं, जो देखने में असली लगती है। जैसे बैंक की वेबसाइट, सरकारी पोर्टल या ई-कॉमर्स साइट। यहां आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी बैंक विवरण, पासवर्ड या ओटीपी मांगा जाता है। जैसे ही आप यह जानकारी डाल देते हैं, वह ठगों के पास पहुंच जाती है और वह आपके खातों में से पैसे उड़ा सकते हैं।

आजकल यह साइबर धोखाधड़ी करने का एक आम तरीका बन गया है। ठग आपको एक किसी व्यक्ति की फोटो भेजते हैं, इसमें आपको उस फोटो को पहचानने के लिए कहा जाता है। जैसे ही आप उस फोटो को डाउनलोड करते हैं, आपके मोबाइल और पूरे अकाउंट का कंट्रोल हैकर के पास चला जाता है।

### इस साइबर अपराध से बचने के उपाय

1. अनजान व्यक्ति से प्राप्त मैसेज (इमेज, ऑडियो, वीडियो,पीडीएफ या एपीके) में हों को कभी भी सीन या डाउनलोड नहीं करना है।
2. जो एप आप इस्तेमाल कर रहे हैं, उसकी मीडिया सेटिंग्स में जाकर मीडिया ऑटो डाउनलोड को हमेशा ऑफ रखें।
3. अगर गलती से इमेज आदि डाउनलोड कर लेते हैं तो मोबाइल में देखें कि कोई अवांछित एप्लीकेशन तो डाउनलोड नहीं हुई।
4. अपने सभी सोशल मीडिया और बैंक खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन (या टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) को सक्षम करें।
5. अपने मोबाइल और अन्य उपकरणों के ऑपरेटिंग सिस्टम और एप्स को हमेशा अपडेट रखें, क्योंकि अपडेट में सुरक्षा पैच शामिल होते हैं।
6. अगर साइबर अपराध हो जाता जाता है तो इसकी शिकायत साइबर अपराध हेल्प लाइन नंबर 1930 पर या www.cybercrime.gov.in पर तुरंत करें।

### मैलिशियस कोड वाली फोटो-वीडियो

स्टेग्नोग्राफी में किसी संदेश या मैलिशियस फाइल को किसी दूसरी फाइल जैसे किसी फोटो या ऑडियो आदि के पीछे इस तरह छुपाया जाता है कि देखने वाले को पता ही नहीं चलता कि उसमें कोई कोड या कोई डेटा भी छुपा हुआ है। इसमें सूचना को इस तरह से हाइड किया जाता है कि उसका अस्तित्व ही नजर नहीं आता। जैसे ही उस फोटो और वीडियो को डाउनलोड किया जाता है, वह कोड फोन में सक्रिय हो जाता है और ठग को डिवाइस का एक्सेस मिल जाता है। जिसमें वह फोन का डाटा व निजी जानकारी को पूरी तरह नियंत्रित कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25